जिला आपदा प्रबंधन योजना

DISTRICT DISASTER MANAGEMENT PLAN 2026-2027

जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, जनपद टिहरी गढ़वाल

संदेश

जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
टिहरी गढ़वाल।

उत्तराखण्ड एक मध्य हिमालयी राज्य होने के कारण प्राकृतिक आपदाओं से जूझता रहा है। जनपद टिहरी गढ़वाल जोन 5 व 6 में स्थित होने के कारण इन आपदाओं के प्रति अत्यन्त संवेदनशील है। आपदायें आकस्मिक होती है। जिनसे जानमाल एवं सम्पत्ति का नुकसान होता है। इन आपदाओं के प्रभाव एवं इनसे होने वाले नुकसान को न्यून करने के लिय पूर्व तैयारियों की अत्यन्त आवश्यकता है।

जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तहत जनपद की समस्त संभावित आपदाओं से निपटने हेतु इस आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना का निर्माण किया गया है। जिससे आपदा के पिछले अनुभव एवं जनपद में विद्यमान भौतिक, मानवीय, विभागीय एवं संस्थागत संसाधनों के समावेश के साथ–साथ उन सभी सूचनाओं का उल्लेख किया गया है, जो किसी भी आपदा का सामना करने के लिये आवश्यक होती है। साथ ही इस कार्ययोजना का मूल्यांकन हर वर्ष आने वाली नई समस्याओं को दृष्टि में रखते हुए भी किया जाना होगा ताकि इसकी उपयोगिता बनी रहें।

आपदा प्रबन्धन के लिये उत्तम एवं प्रभावी यंत्र, ग्राम स्तरीय आपदा कार्यदल, समुदाय (संगठनों) का है, जिनका योगदान आपदा प्रबन्धन के विभिन्न चरणों में यथा–आपदा से पूर्व, आपदा के समय एवं आपदा के बाद की गतिविधियों में लिया जाना आवश्यक है। इसके लिये समुदाय (संगठनों) को जागरूक करना एवं संवेदनशील बनाना अति आवश्यक है, जिससे मानवीकृत व प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति को न्यून किया जा सके। जिला आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना को एक व्याहारिक एवं बहुउद्देशीय स्वरूप प्रदान करने के लिए मैं अपने पूर्ववर्ती जिलाधिकारियों एवं राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, देहरादून द्वारा समय–समय पर दिये गये सुझावों के प्रति आभार प्रकट करता हूँ। इस कार्ययोजना को संकलित एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने में जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के समस्त अधिकारी एंव कर्मचारियों द्वारा किये गये प्रयास सराहनीय हैं।

शुभकामनाओं सहित,

जिलाधिकारी,
टिहरी गढ़वाल।

प्राक्कथन

अपर जिलाधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
टिहरी गढ़वाल।

जनपद टिहरी गढ़वाल सीमान्त जनपद है, यह जनपद हिमालय क्षेत्र के सर्वाधिक संवेदनशील जोन के अर्न्तगत है। इस जनपद से होकर प्रमुख केन्द्रीय आधात (मेन सेन्ट्रल थ्रस्ट) व प्रमुख सीमावर्ती आघात (मेन बाउंड्री थ्रस्ट) निकल रही है। जनपद में उत्तराखण्ड राज्य के चार धामों में से दो धाम गंगोत्री तथा यमुनोत्री स्थित है। माह मई से अक्टूबर में मध्य तक जनपद टिहरी गढ़वाल में तीर्थ यात्रियों का आवागमन रहता है तथा जून से अक्टूबर के मध्य मानसूनकाल भी रहता है। जिसके कारण सड़क दुर्घटनायें एवं भूस्खलन की घटनाओं की तीव्रता बढ़ जाती है।

इन आपदाओं के निवारण एवं न्यूनीकरण हेतु जिला स्तरीय कार्ययोजना के साथ–साथ ब्लॉक व ग्राम स्तरीय आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना एवं कार्यदलों का गठन किया जाना आवश्यक होगा। यह एक सार्वभौमिक सत्य है, कि आपदाओं को रोका नही जा सकता है। परन्तु आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है। प्राकृतिक आपदाओं की समस्याओं को समग्र जनसहभागिता, उत्तरदायित्व एवं उच्च कोटि के प्रबन्धन एवं उपायों के क्रियान्वयन द्वारा धीरे–धीरे नियंत्रित एवं कम किया जा सकता है।

बचाव एवं राहत कार्य की सफलता मूल मंत्र कार्यरत अधिकारियों की सूझ–बूझ, निष्ठा, संवेदनशीलता, निर्णय व नेतृत्व क्षमता होगी। किन्तु फिर भी इस योजना की सूचनायें किसी भी आपदा के लिये अवश्य ही सहायक सिद्ध होगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

अपर जिलाधिकारी,
टिहरी गढ़वाल।

प्रस्तावना

जनपद आपदा प्रबन्धन अधिकारी, आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, टिहरी गढ़वाल।

देवभूमि कही जाने वाली उत्तराखण्ड की हिमालय पर्वत श्रृंखला दुनिया की सबसे नवीनतम पर्वत श्रृंखला है। इसके निर्माण तथा समायोजन की प्रक्रिया अभी भी जारी है। 200 से 7000 मीटर की उंचाई वाला संसाधन सम्पन्न यह भू–भाग आपदाओं की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। इसी भू–भाग में स्थित है। जनपद में कुल 12 तहसीलें, 02 उप तहसील तथा 09 विकासखण्ड है।

प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण उत्तराखण्ड के अन्य जनपदों की तरह ही इस नैसर्गिक जनपद टिहरी गढ़वाल में भी आपदाओं में वृद्धि हुई है और इस वृद्धि ने संवेदनशील क्षेत्र की तरफ विश्व के अनेकानेक विचारकों, वैज्ञानिकों, शौधकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों को सोचने पर मजबूर किया है। विगत शताब्दियों से हिमालयी क्षेत्र में भूस्खलन व भूकम्प ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से मानव समाज, पर्यावरण एवं विकास प्रक्रिया पर विपरीत प्रभाव डाला है। जनपद भूकम्प के दृष्टिगत जोन 4 व 5 में आता है।

उत्तराखण्ड में प्राकृतिक संवेदनशीलता के चलते आपदा प्रबन्धन मंत्रालय का गठन किया गया है। इसके पीछे आपदाओं के न्यूनीकरण का मकसद ही प्रमुख है। यही वजह है कि गांव–गांव तक लोगों को आपदाओं के वक्त सचेत करने के लिए वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहें है। स्कूली पाठ्यक्रम में आपदा प्रबन्धन को शामिल किया गया है। युवाओं तथा महिलाओं के साथ पंचायतों को इस दिशा में सजग किया जा रहा है। अब यह जरूरी हो गया है, कि हम आपदाओं से नित्य जूझने की मानसिकता तैयार करें व अपनी जीवन शैली को भूकम्परोधी बनाये। हालांकि अभी तक के अनुभव बताते हैं कि जिन देशों ने आपदाओं के न्यूनीकरण की दिशा में कदम उठाये हैं। यहां पर आपदाओं के प्रभाव को न्यूनतम करने में सफलता पायी है। इस पक्ष को आत्मसात किए जाने के सरकारी प्रयासों के साथ आम आदमी को इसमें भागीदार बनना होगा। विकास की प्रक्रिया को सत्त जारी रखने के लिए हमें उन उपयों पर भी ध्यान देना होगा जिससे प्रकृति के साथ होन वाली छेड़छाड़ से बचा जा सके।

प्राकृतिक आपदाओं से बचाव एवं राहत कार्य की सफलता का मूल मंत्र कार्यरत अधिकारियों की सूझ–बूझ, निष्ठा, संवेदनशीलता, निर्णय व नेतृत्व क्षमता होगी। किन्तु फिर भी इस आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना (District Disaster Management Action Plan) की सूचनायें किसी भी आपदा के लिय अवश्य ही सहायक होगी।

जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
टिहरी गढ़वाल।

जनपद आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना, 2026

मार्गदर्शनः–

अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
/जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल।

पर्यवेक्षणः–

अपर जिलाधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, टिहरी गढ़वाल।

शोध, सर्वेक्षण एवं संकलन :–

श्री बृजेश भट्ट
जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी, टिहरी गढ़वाल।

सहयोग एवं परामर्शः–

समस्त जनपदीय अधिकारी, जनपद टिहरी गढ़वाल।

अद्यतन कार्यः–

16 दिसम्बर, 2025

कार्ययोजना तैयारकर्ताः–

आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
एंव
आपातकालीन परिचालन केन्द्र, टिहरी गढ़वाल।

विषय–सूची

क्र.स.	अध्याय	पृष्ठ
	अध्याय– 01 **जनपद एक दृष्टि में (Introduction)**	
1.1	जनपद का ऐतिहासिक परिचय	1–17
1.2	जनपद की प्रशासनिक संरचना (डी.डी.एम.पी. के उद्देश्य एवं औचित्य, जनपद आपदा प्रबंधन कार्ययोजना के अधिकार, जनपद आपदा प्रबंधन कार्ययोजना का विकास – हितधारक एवं उनकी जिम्मेदारियाँ, योजना का उपयोग, पूर्व चेतावनी संकेत एवं बिना चेतावनी वाली घटनाएँ, योजना की समीक्षा एवं अद्यतन प्रक्रिया, संशोधन एवं रखरखाव)	
1.3	आर्थिक, व्यवसायिक एवं सामाजिक परिदृश्य	
1.4	2011 की जनगणना के अनुसार जनपद की जनसांख्यिकी एवं सामाजिक/आर्थिक विवरण	
1.5	जलवायु एवं वर्षा	
1.6	भौगोलिक स्थिति एवं स्थलाकृति	
1.7	प्राकृतिक संसाधन एवं वन संपदा	
1.8	खनिज संसाधन	
1.9	भूमि उपयोग एवं भूमि वर्गीकरण	
	अध्याय–02 **खतरों, संवेदनशीलता, क्षमता और जोखिम आकलन** **(Hazard, Risk, Vulnerability, and Capacity Assessment)**	
2.1	जनपद प्रोफाईल	18–29
2.2	जनपद कि भौगौलिक स्थिती एंव जलवायु	
2.3	जनपद में विभिन्न सम्भावित आपदाओं हेतु वार्षिक कैलेंडर	
2.4	जनपद में पिछली आपदाओं का मैट्रिक्स	
2.5	जनपद में प्रमुख संभावित आपदाओं हेतु संवेदनशीलता तथा जोखिम विश्लेषण – भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र	
2.6	जनपद में भूस्खलन प्रभावित संवेदनशील ग्रामों का विवरण	
2.7	पुर्नवासित एंव पुनर्वास हेतु प्रस्वावित ग्रामों का विवरण	
	राष्ट्रीय राजमार्ग सवेंदनशील स्थल	
	वनाग्नि अग्निकांड	
	अध्याय– 03 **आपदा प्रबन्धन हेतु संस्थागत व्यवस्थायें** **(Intuitional Arrangements for Disaster Management)**	
3.1	राष्ट्रीय स्तर पर आपदा प्रबंधन संगठनात्मक संरचना	30–47
3.2	राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधन संगठनात्मक संरचना	
3.3	जिला एवं तहसील स्तर पर आपदा प्रबंधन संगठनात्मक संरचना	

क्र.स.	अध्याय	पृष्ठ
	अध्याय– 04 **रोकथाम और शमन उपाय /आपदा जोखिम न्यूनीकरण** **(Prevention and Mitigation Measures)**	
4.1	आपदा जोखिम न्यूनीकरण का तात्पर्य	48–51
4.2	पर्यावरणीय संवेदनशीलता. (भूस्खलन और सड़क अवरुद्ध, त्वरित बाढ़ / जलभराव, भूकंप, वनाग्नि, बाढ़ बादल फटना, सड़क दुर्घटनाएँ, हिमपात)	
4.3	राज्य व केंद्र सरकार के विभाग तथा स्थानीय निकायों का विभागीय आपदा प्रबंधन योजना	
4.4	राज्य के नियंत्राधीन समस्त अस्पतालों की आपदा प्रबंधन योजना	
4.5	सामुदायिक भागीदारी और क्षमता निर्माण'	
4.6	समस्त विद्यालयों का विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना एवं विद्यालय सुरक्षा से संबन्धित कार्य	
4.7	समस्त व्यवसायी भवनों, मॉल, सिनेमा हाल, थियेटर, स्टेडियम आदि का अग्निश्मन एवं निकासी योजना	
4.8	नीति और शासन	
	अध्याय–5 **तैयारी के उपाय (Preparedness Measures)**	
5.1	तैयारी उपायों का उद्देश्य	52–81
5.2	जनपद सामान्य तैयारी जांच सूची	
5.3	राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र (SEOC)	
5.4	जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र (DEOC)	
5.5	स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ	
5.6	आपदा प्रतिक्रिया में शामिल हितधारकों की पहचान	
5.7	विकलांग व्यक्तियों की निकासी (Evacuation) और प्रतिक्रिया (Response)	
5.8	विभिन्न कार्यों के लिए टीमों का गठन	
5.9	जनपद में IRS (Incident Response System) को सक्रिय करना	
5.10	अन्य एजेंसियों से सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया	
5.11	लॉजिस्टिक्स, उपकरणों और भंडार की जांच और प्रमाणन	
5.12	चेतावनी प्रणाली का परीक्षण	
5.13	जनपद आपातकालीन संचालन केंद्र(DEOC)का परीक्षण	
5.14	मौसमी आपदाओं से बचाव के लिए सुरक्षा ढांचे और सुविधाओं का निरीक्षण	
5.15	जनपद में त्वरित प्रतिक्रिया दलों की पहचान	
5.16	गैर–सरकारी संगठनों (NGOs) और अन्य हितधारकों का समन्वय	
5.17	जन हानि प्रबंधन (Mass Casualty Management)	
5.18	राहत, भोजन और पानी	
5.19	आश्रय/ चिकित्सा/ राहत शिविर	
5.20	प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (आपातकालीन अलर्ट सिस्टम,सायरन,सैटेलाईट फोन हेल्पलाइन और इमरजेंसी नंबर)	
5.21	विकलांग व्यक्तियों के लिए तैयारी और निकासी	

क्र.स.	अध्याय	पृष्ठ
5.22	अन्य एजेंसियों से सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया	
5.23	संचार तंत्र (दूरसंचार सेवाएँ रेडियो और टेलीविजन इंटरनेट और सोशल मीडिया)	
	अध्याय– 06 **क्षमता विकास एंव प्रशिक्षण (Capacity Building and training Measures)**	
6.1	प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण दृष्टिकोण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य	
6.2	प्रस्तावित क्षमता विकास एवं जन–जागरूकता हेतु वार्षिक कैलेंडर	
6.3	मॉक ड्रिल का आयोजन एंवअपेक्षित कार्यवाही एवं समीक्षा	
6.4	जनपद में पूर्व में आयोजित विभिन्न मॉक अभ्यासों का विवरण	82–87
6.5	आपदा प्रबंधन कार्यों में संलग्न जनपद स्तरीय अधिकारीयों का प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता वृद्धि	
6.6	जनपद में राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास में से प्राप्त अनुभव प्राप्त सुझाव	
	अध्याय– 07 प्रतिक्रिया एंव राहत उपाय **(Response and Relief Measures)**	
7.1	राहत, बचाव एवं प्रतिक्रिया कार्यों के मुख्य उद्देश्य	
7.2	प्रतिक्रिया योजना (बहु–आपदा प्रबंधन), तैयारी और त्वरित मूल्यांकन	
7.3	आपदाओं के स्तर	
7.4	जिम्मेदारी मैट्रिक्स (Responsbility Matrix)का विकास	
7.5	आपदा के विभिन्न स्तरों में राहत एवं बचाव तथा प्रतिक्रिया कार्यों के दायित्व	88–96
7.6	जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अन्तर्गत Incident Response System (IRS) में नामित अधिकारियों का विवरणः	
7.7	तहसील आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अन्तर्गत Incident Response System (IRS) में नामित अधिकारियों का विवरण	
	अध्याय– 08 **आपदा पुर्ननिर्माण एंव पुर्नस्थापना उपाय** **(Reconstruction, Rehabilitation And Recovery Measures)**	
8.1	परिचय	
8.2	पुनःनिर्माण एवं पुर्नस्थापन के चरण	
8.3	पुनर्निर्माण एवं पुनःस्थापन कार्यो हेतु विभागीय दायित्व	
8.4	क्षति आंकलन प्रक्रिया	97–98
8.5	लघु अवधि पुनःस्थापन के महत्वपूर्ण कार्य	
8.6	दीर्घ अवधि की पुनर्निर्माण गतिविधियां	
	अध्याय– 09 **आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना को लागू किये जाने हेतु बजट व्यवस्था** **(Financial Resources For Implementation of DDMP)**	
9.1	आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत उत्तराखंड में वित्तीय व्यवस्थाएँ	
9.2	आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत बनाए जाने वाले कोष	99–101
9.3	राज्य सरकार के विभागों और एजेंसियों की जिम्मेदारियाँ	
9.4	तकनीकी–वित्तीय व्यवस्था (Techno & Financial Regime)	
9.5	अन्य वित्तीय विकल्प	

क्र.स.	अध्याय	पृष्ठ
	अध्याय– 10 **डीडीएमपी की निगरानी, मूल्यांकन, अद्यतन और रखरखाव के लिए प्रक्रिया और कार्यप्रणाली** **(Procedure And Methodology For Monitoring Evaluation, Updation And Maintenance)**	102–106
10.1	परिचय	
10.2	डीडीएमपी को रखरखाव और समीक्षा की जिम्मेदारी	
10.3	डीडीएमपी की उचित निगरानी और मूल्यांकन	
10.4	डीडीएमपी के लिए आपदा के बाद मूल्यांकन तंत्र	
10.5	डीडीएमपी के अद्यतनीकरण की अनुसूची	
10.6	डीडीएमए/एसडीएमए वेबसाइट पर अद्यतन योजनाओं को अपलोड करना	
10.7	मॉक ड्रिल का आयोजन	
10.8	निगरानी और अंतराल मूल्यांकन	
164	**अध्याय–11** **डीडीएमपी के कार्यान्वयन के लिए समन्वय तंत्र** **(Coordination Mechanism for Implementation of DDMP)**	107–108
11.1	अंतर–विभागीय समन्वयः	
11.2	विकासखण्ड स्तरीय समन्वय तंत्र	
11.3	जिला विभागों और प्रशिक्षण संस्थानों के साथ समन्वय प्रणाली	
11.4	समुदाय के साथ समन्वय तंत्र	
11.5	एनजीओ, सीबीओ, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के साथ समन्वय तंत्र	
11.6	अन्य जिलों और राज्य के साथ समन्वय	
167	**अध्याय–12** **मानक प्रचालन विधि एवं चैक लिस्ट** **(Standard Operation Procedures and Check list)**	109–131
12.1	पूर्व चेतावनी प्रबंधन	
12.2	पूर्व चेतावनी मिलने पर निकासी	
12.3	जब कोई पूर्व चेतावनी न हो तो निकासी	
12.4	खोज और बचाव	
12.5	राहत कार्य	
12.6	आवश्यक सेवाओं की बहाली	
12.7	शव निपटान	
12.8	सूचना एवं मीडिया प्रबंधन	
12.9	वीआईपी विजिट प्रबंधन	
12.10	राहत शिविरों की स्थापना	

अध्याय–1

जनपद परिचय (Introduction)

विजन–प्राकृतिक आपदा में जनपद की स्थित/गतिविधियों को तत्काल सामान्य करने की क्षमता का विकास करना एवं जनजीवन/आजीविका/परिसम्पत्तियों/पर्यावरण/आर्थिक/शारीरिक/सामाजिक/सांस्कृतिक क्षति को न्यून करने की क्षमता को प्रशासनिक/स्थानीय स्तर पर विकसित करना।

उद्देश्य–भली–भांति परिभाषित कार्ययोजना के अभाव में प्राकृतिक आपदा के समय अफरा–तफरी का माहौल हो सकता है। अतः प्राकृतिक आपदा की स्थिति में कार्य किये जाने हेतु एक सुनियोजित कार्ययोजना अति आवश्यक है। जिससे प्राकृतिक आपदा के समय विभिन्न राजकीय एवं निजी संस्थाओं के समन्वय एवं सहयोग से जन–धन की हानि को कम करते हुए कम से कम समय में सामान्य स्थिति बहाल की जा सके। इसे निम्नानुसार प्राप्त किया जा सकता हैः–

(क) विभिन्न सरकारी विभागों, कार्यदायी संस्थाओं को जिम्मेदारी सौंपना ।

(ख) उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी प्रबन्धन।

(ग) आपदा के समय विभिन्न सरकारी विभागों एवं राहत संस्थाओं के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करना एवं सांकेतिक भाषा का विकास करना।

नीतिः–जनपद आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना को विकसित कर जनपद में जीवन, पर्यावरण एवं सम्पत्ति को बचाना, प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्रतम राहत पहुंचाना तथा सामान्य स्थिति को जल्द से जल्द बहाल करना है। जनपद आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना का मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग जनता के सहयोग से किया जाना है।

विषयः–राष्ट्रीयआपदा प्रबन्धन अधिनियम–2005 के अनुसार जनपद आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना निम्न बिन्दुओं को समाहित किया गया है–

(क) आपदाओं के रोकथाम अथवा उनके प्रभावों को कम किये जाने हेतु उपाय।

(ख) विकास योजनाओं को आपदा न्यूनीकरण के अनुरूप एकीकरण करने के उपाय।

(ग) आपदा तैयारी एवं क्षमता के विकास को आपदा की स्थिति में प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के उपाय।

(घ) उपरोक्त तीन बिन्दुओं के सम्बन्ध में जनपद स्तरीय विभागों की भूमिकायें/उत्तरदायित्व।

क्षेत्रः–जनपद अन्तर्गत समस्त आपदा सम्भावित एवं प्रभावित ग्राम/विकासखण्ड।

सेंडाई फ्रेमवर्कः–आपदा जोखिम न्यूनीकरण (2015–2030) के लिये सेंडाई फ्रेमवर्क एक अन्तर्राष्ट्रीय दस्तावेज है, जिसे 14 से 18 मार्च, 2015 के अन्तर्गत संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा सेंडाई, जापान में आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर विश्व सम्मेलन में अपनाया गया है तथा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अनुमोदित किया गया है। सेंडाई फ्रेमवर्क के लिये क्रियान्वयकन हेतु निम्न 04 प्राथमिकतावार बिन्दु है–

1. आपदा जोखिम को समझना।
2. आपदा जोखिम प्रबन्धन तंत्र को मजबूत करने के लिये आपदा प्रबन्धन प्रशासन को सुदृढ़ बनाना।
3. आपदा प्रतिरोध में निवेश करना।
4. प्रभावी प्रतिक्रिया के लिये रिकवरी, पुनर्वास और पुर्ननिर्माण में Build Back Better और आपदा तैयारियों को बढाना।

सेंडाई फ्रेमवर्क के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु वैश्विक लक्ष्यः—सेंडाई फ्रेमवर्क के परिणाम एवं उपरोक्त बिन्दुओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2030 तक के लिए निम्न सात वैश्विक लक्ष्यों का निर्धारण किया गया है—

1. औसत वैश्विक मृत्यु दर को कम करना।
2. वैश्विक रूप से आपदा प्रभावित लोगों की औसत संख्या को कम करना।
3. सकल घरेलू उत्पाद के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष आपदा से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करना।
4. स्वास्थ्य और शैक्षिक सुविधाओं तथा महत्वपूर्ण बुनियादी ढॉचे और बुनियादी सेवाओं में व्यवधान को कम करना।
5. राष्ट्रीय और स्थानीय आपदा जोखिम में कमी की रणनीति अपनाने वाले देशों की संख्या में पर्याप्त वृद्धी करना।
6. उक्त फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन के लिये अपने राष्ट्रीय कार्यों की पूर्ति हेतु पर्याप्त और सत्त समर्थन के माध्यम से विकासशील देशों के बीच अंतराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।
7. मल्टी—हजार्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम एवं आपदा जोखिम की जानकारी तथा आंकलन की उपलब्धता में पर्याप्त वृद्धी करके लोगों की पहुॅच इन तक सुनिश्चित करना।

डी.डी.एम.ए.पी. में सेंडाई फ्रेमवर्क को एकीकृत करनाः—जनपद आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना, संडाई फ्रेमवर्क में व्यक्त किये गये मुख्य उद्देश्यों को सम्मिलित करता है तथा जनजीवन, व्यवसाय, सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय, सम्पत्तियों को एकीकृत करता है।

आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबन्धनः— आपदा जोखिम न्यूनीकरण का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा भूस्खलन/भूकम्प/बादल फटना/हिमस्खलन/शीतलहर/त्वरित बाढ/सूखा आदि से होने वाली क्षति को नैतिक सिद्धान्त से न्यून करना है।

आपदा की गम्भीरता इस बात पर निर्भर करती है कि उस आपदा से समाज व पर्यावरण पर कितना प्रभाव पड़ता है। आपदा प्रबन्धन को आपात स्थित के सभी मानवीय पक्षों से निपटने के लिये संसाधनों एवं उत्तरदायित्वों के संगठन और प्रबन्धन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

आपदाओं के स्तरः—जनपद की भौगोलिक स्थिति एवं पूर्व के घटित आपदाओं के दृष्टिगत भूस्खलन, बादल फटना, भूकम्प,हिमस्खलन/शीतलहर,त्वरित बाढ़, सूखा,आधी/तूफान एवं वनाग्नि आपदाओं की सम्भावना बनी रहती है। आपदा प्रबन्धन के विभिन्न्न स्तर पर इस की योजना के मध्यनजर आपदा ग्रस्त क्षेत्र एवं स्थिति से निपटने के लिये उच्चस्तरीय आपदा प्रबन्धन समिति की आख्या 2001 के अनुसार आपदाओ को तीन भागों क्रमशः L1, L2 एवं L3 में वर्गीकृत किया गया है। सामान्य अवधि में L0 का उपयोग किया जाना चाहिये।

L1- घटित आपदाका वह स्तरजिसमें जनपद में उपलब्ध संसाधनों/क्षमता से आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन किया जाना सम्भव हो।राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण आवश्यकता पड़नेपर सहायता हेतु तैयाररहेगा।

L2- यह आपदा की स्थिति का प्रतीक है जिसमें जनपद में अन्य जनपदों एंव राज्य स्तर से सहायता की आवश्यकता होती है। जिसमें राज्य स्तर से अतिरिक्त संसाधनों एंव राज्य स्तरीय ऐजेन्सियों की तैनाती की जाती है एंव राज्य सरकार केन्द्रीय संसाधनों एंव ऐजेन्सियों को आवश्यकता पड़ने हेतु सर्तक किया जाता है।

L3- यह बहुत बड़े स्तर की आपदा की स्थिति है, जिसके प्रभावों को जनपद एवं राज्य स्तर के उपलबध संसाधनों से प्रबन्धन किया जाना संभव नहीं होता है। आपदा के स्तर L0 से L3 का उल्लेख आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 में नहीं किया गया है तथा आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 में किसी भी आपदा को राष्ट्रीय आपदा सूचित करने का कोई प्रविधान नहीं है।

1.1 जनपद का ऐतिहासिक परिचय—

1.1— प्रशासनिक ढांचा—जनपद का क्षेत्रफल 4080 वर्ग कि०मी० है। जनपद में 12 तहसीलें, 02 उप तहसीलें 09 विकास खण्ड, 1034 ग्राम पंचायते तथा कुल राजस्व ग्राम 1862, आबाद ग्राम 1786, गैर आबाद ग्राम 51,न्याय पंचायत 75, 12 पुलिस थाने व 24 पुलिस चौकियां सृजित हैं।

1.2— जनपद का ऐतिहासिक परिचय— यें प्राकृतिक एवं मानवजनित प्रक्रियाओं का अभिन्न अंग हैं। प्रकृति में होने वाले बदलाव, तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या एवं औद्योगिक विकास के साथ ही अन्य अनेक कारण हैं जिनसे प्राकृतिक आपदाओं के साथ—साथ मानव जनित आपदाओं में भी बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले एक शताब्दी के दौरान ही

विश्वभर में 4 करोड़ लोग आपदाओं का शिकार हो गये जिनमें से एक करोड़ केवल भारत वर्ष के हैं। नवीन तकनीकी के विस्तार के साथ यद्यपि विश्व स्तर पर आपदाओं से होने वाली जनहानि में कमी आयी है किन्तु उनसे होने वाली आर्थिक क्षति कई गुना अधिक बढ़ गई है। भारत जैसे विकासशील देशों में तकनीकी अभाव के कारण स्थिति जस की तस है।

भारत का हिमालयी क्षेत्र नवीन पर्वत श्रंखला होने के कारण अनेक भौगोलिक परिवर्तनों से गुजर रहा है तथा आपदाओं की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील है। इस क्षेत्र में आये पिछले भूकम्पों जिनमें 1905 में आया कांगडा का भूकम्प जिसमें 30,000 लोगों की मृत्यु हुई, भी सम्मिलित है ने विकास और प्रकृति के संतुलन को बनाये रखने के संकेत दिये हैं।

उत्तराखण्ड राज्य अपनी विषम भौगोलिक स्थिति के कारण सूक्ष्म पारिस्थितिकीय बदलाव के प्रति संवेदनशील है। अतः कोई भी ऐसी क्रिया जो कि प्रकृति के विरूद्ध हो आपदा को जन्म देती है। राज्य में टिहरी गढ़वाल एक बहुआपदा ग्रस्त जनपद है, भूकम्प, भूस्खलन, वनाग्नि, मेघ–प्रस्फोट एवं त्वरित बाढ़ जनपद में होने वाली प्रमुख प्राकृतिक आपदायें हैं। अन्य प्राकृतिक आपदाओं में अतिवृष्टि, भूमि कटाव, सूखा, ओलावृष्टि, वज्रपात तथा शीत का प्रकोप है। मानवजनित आपदाओं में सड़क दुर्घटनायें प्रमुख है। भारत के भूकम्प मानचित्र के अनुसार जनपद का अधिकतर भाग जोन IV में आता है एवं जनपद के अन्तर्गत तहसील घनसाली पूर्ण रूप से व तहसील देवप्रयाग के ब्लाक कीर्तिनगर का कुछ भाग जोन V में आता है। जनपद के अन्तर्गत तहसील घनसाली भूस्खलन व मेघ विस्फोट (Cloud Brust) की दृष्टि से भी अतिसंवेदनशील है। विगत दशकों में इस तहसील ने प्राकृतिक आपदाओं से सर्वाधिक क्षति उठाई है।

उत्तराखण्ड का आपदा प्रबन्धन तंत्र राज्य में आपदा की स्थिति के नियोजन को सम्बोधित करता है। जिला आपदा कार्य योजना का निर्माण जिला स्तर पर बहुआपदा प्रतिक्रिया तंन्त्र की आवश्यकता की पूर्ति का प्रयास है। जिला आपदा कार्य योजना में निहित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु पूर्व तैयारी व न्यूनीकरण उपायों का क्रियान्वयन आवश्यक है।

1.2 जनपद की प्रशासनिक संरचना (डी.डी.एम.पी. के उद्देश्य एवं औचित्य, जनपद आपदा प्रबंधन कार्ययोजना के अधिकार, जनपद आपदा प्रबंधन कार्ययोजना का विकास – हितधारक एवं उनकी जिम्मेदारियाँ, योजना का उपयोग, पूर्व चेतावनी संकेत एवं बिना चेतावनी वाली घटनाएँ, योजना की समीक्षा एवं अद्यतन प्रक्रिया, संशोधन एवं रखरखाव)

जनपद टिहरी की आपदा प्रबंधन योजना का प्रमुख उद्देश्य आपदा जोखिमों को कम करना, जन–जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा प्रशासनिक एवं सामुदायिक स्तर पर समन्वित आपदा प्रबंधन प्रणाली विकसित करना है। यह योजना आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 31 के अंतर्गत तैयार की गई है, और इसका उद्देश्य केवल प्रतिक्रिया (Response) तक सीमित नहीं, बल्कि निवारण (Prevention), न्यूनीकरण (Mitigation), तैयारी (Preparedness) और पुनर्वास (Recovery) को भी समाहित करता है।

मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. **जोखिम न्यूनीकरण (Risk Reduction):**
प्राकृतिक एवं मानव–जनित आपदाओं के संभावित प्रभाव को कम करने हेतु भौगोलिक, संरचनात्मक एवं सामाजिक उपायों का क्रियान्वयन करना।
2. **संवेदनशीलता आकलन (Vulnerability Assessment):**
जनपद के विभिन्न क्षेत्रों, अवसंरचनाओं एवं समुदायों की आपदा संवेदनशीलता का मूल्यांकन एवं जोखिम मानचित्रण तैयार करना।
3. **तैयारी एवं प्रतिक्रिया (Preparedness & Response):**
आपदा के दौरान त्वरित, प्रभावी एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए विभागीय योजनाएँ, नियंत्रण कक्ष (EOCs), और प्रशिक्षण प्रणाली को सुदृढ़ बनाना।
4. **संसाधन प्रबंधन (Resource Management):**
उपलब्ध मानवीय एवं भौतिक संसाधनों का सर्वेक्षण, सूचीकरण और कुशल उपयोग सुनिश्चित करना।
5. **समुदाय आधारित प्रबंधन (Community&Based Management):**
"आपदा मित्र" एवं स्थानीय समुदायों की भागीदारी के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण को जमीनी स्तर तक पहुँचाना।

6. पूर्व चेतावनी एवं संचार प्रणाली (Early Warning & Communication):
समयबद्ध चेतावनी, सूचना प्रसारण और तकनीकी साधनों के माध्यम से जान–माल की हानि को न्यूनतम करना।

7. पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण (Recovery & Rehabilitation):
प्रभावित जनसमुदाय को शीघ्र सामान्य जीवन में लौटाने के लिए दीर्घकालिक पुनर्वास उपाय सुनिश्चित करना।

8. प्रशासनिक समन्वय (Administrative Coordination):
सभी विभागों, निकायों एवं हितधारकों के मध्य आपदा प्रबंधन कार्यों में एकीकृत दिशा एवं समन्वय स्थापित करना।

9. नीति एवं प्रशिक्षण (Policy & Capacity Building):
राज्य एवं राष्ट्रीय नीतियों के अनुरूप विभागीय स्तर पर क्षमता विकास कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण आयोजित करना।

10. सतत समीक्षा एवं अद्यतन (Continuous Review & Updating):
योजना को Living Document के रूप में बनाए रखना ताकि नवीन अनुभवों, प्रौद्योगिकी और नीतियों के अनुरूप इसे अद्यतन किया जा सके।

1. अधिकार का विधिक आधार (Legal Framework of Authority):

जिला आपदा प्रबंधन योजना (District Disaster Management Plan – DDMP) की वैधानिक मान्यता और अधिकारिता आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (Disaster Management Act, 2005) से प्राप्त होती है। यह अधिनियम केंद्र एवं राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधन की रूपरेखा निर्धारित करता है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) का गठन किया गया है। जनपद टिहरी गढ़वाल में DDMA की अध्यक्षता जिलाधिकारी (District Magistrate) द्वारा की जाती है, जबकि मुख्य विकास अधिकारी (CDO) उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। योजना की तैयारी, स्वीकृति एवं क्रियान्वयन इन्हीं के अधिकार क्षेत्र में आता है।

2. संबंधित वैधानिक प्रावधान (Statutory Provisions):

1. **धारा 31(1):** प्रत्येक जिला प्राधिकरण (DDMA) अपने जनपद के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करेगा, जिसमें आपदा की रोकथाम, तैयारी, प्रतिक्रिया और पुनर्वास से संबंधित विस्तृत प्रावधान होंगे।

2. **धारा 31(2):** यह योजना जिला के सभी विभागों, संस्थाओं, स्थानीय निकायों और एजेंसियों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को परिभाषित करेगी।

3. **धारा 31(4):** तैयार योजना को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। अनुमोदन के पश्चात यह योजना विधिक रूप से लागू होगी।

4. **धारा 31(6):** सभी विभागों और एजेंसियों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे अपने विभागीय कार्यों को क्क्डच के अनुरूप संचालित करें।

5. **धारा 31(7):** DDMA यह सुनिश्चित करेगा कि योजना को प्रत्येक वर्ष अद्यतन किया जाए और किसी प्रमुख आपदा के पश्चात आवश्यक संशोधन सम्मिलित किए जाएँ।

3. जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) की अधिकारिता: जनपद टिहरी गढ़वाल में गठित DDMA को निम्नलिखित अधिकार प्राप्त हैं:

तालिका 1.1

क्र.सं.	अधिकार / जिम्मेदारी
1	जिला आपदा प्रबंधन योजना का निर्माण, स्वीकृति एवं प्रकाशन।
2	सभी विभागों, एजेंसियों एवं संस्थाओं को योजना के दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराना।
3	आपात स्थिति में सभी संसाधनों, जनशक्ति एवं अवसंरचनाओं का नियंत्रण एवं पुनः आवंटन करने का अधिकार।
4	राहत, बचाव एवं पुनर्वास गतिविधियों की निगरानी, समीक्षा एवं मूल्यांकन।
5	सामुदायिक भागीदारी एवं स्थानीय निकायों के माध्यम से योजना का क्रियान्वयन।
6	वार्षिक समीक्षा एवं अद्यतन प्रक्रिया का संचालन।
7	राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) को प्रगति रिपोर्ट एवं सुझाव प्रेषित करना।

4. राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर से संबंध (Linkage with State and National Levels):

- राष्ट्रीय स्तर (NDMA): NDMA द्वारा जारी दिशा–निर्देशों, नीतियों एवं SOPs के अनुसार DDMP तैयार किया जाता है।
- राज्य स्तर (SDMA): SDMA DDMP को अनुमोदित करता है तथा तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करता है।
- जिला स्तर (DDMA): DDMA योजना का स्थानीयकरण (Localization) कर जनपद की भौगोलिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप इसे लागू करता है।

5. योजना की बाध्यता (Binding Nature of the Plan):

- जिला आपदा प्रबंधन योजना कानूनी रूप से बाध्यकारी दस्तावेज (Legally Binding Document)है।
- सभी विभागों, निकायों, संस्थाओं एवं निजी एजेंसियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपने कार्यों एवं योजनाओं को DDMPके अनुरूप संचालित करें।
- आपदा की स्थिति में DDMA द्वारा जारी दिशा–निर्देश प्रशासनिक आदेश के समान प्रभावी होंगे।
- किसी भी उल्लंघन की स्थिति में संबंधित अधिकारी/विभाग के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 51 से 60 के अंतर्गत कार्यवाही की जा सकती है।

योजना की वैधानिक जिम्मेदारियाँ (Legal Responsibilities under DDMP):

तालिका 1.2

जिम्मेदारी	उत्तरदायी संस्था
योजना निर्माण एवं संशोधन	DDMA टिहरी गढ़वाल
तकनीकी मार्गदर्शन	SDMA / NDMA
विभागीय समन्वय	CDO, ADM (विकास), सभी विभागाध्यक्ष
आपात सूचना संचार	DEOC (District Emergency Operation Centre)
समीक्षा एवं अनुमोदन	जिलाधिकारी (अध्यक्ष, DDMA)

आपदा प्रबंधन एक बहु–आयामी एवं बहु–विभागीय प्रक्रिया है। इसमें केवल जिला प्रशासन ही नहीं, बल्कि विभिन्न विभागों, अर्ध–सरकारी संस्थाओं, स्थानीय निकायों, सामुदायिक संगठनों, मीडिया, निजी क्षेत्र और आम नागरिकों की भी समान भूमिका होती है। इसलिए "जिला आपदा प्रबंधन योजना (DDMP)" का मूल सिद्धांत है —

"आपदा प्रबंधन, सबकी जिम्मेदारी।"

जनपद टिहरी गढ़वाल में DDMP को प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न हितधारकों (Stakeholders) की भूमिकाएँ स्पष्ट रूप से परिभाषित की गई हैं ताकि आपदा की प्रत्येक स्थिति में समन्वित एवं त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके।

3. हितधारकों के बीच समन्वय (Coordination Mechanism):

- सभी विभागों के Nodal Officers dks DDMA के माध्यम से आपात स्थिति में एकीकृत किया जाता है।
- DEOC (District Emergency Operation Centre) सभी संचार का केंद्रीय बिंदु होता है।
- Control Room Network तहसील एवं ब्लॉक स्तर तक सक्रिय रहता है।
- Apda Mitra और NGOs के माध्यम से समुदाय को तत्काल सूचना और सहायता मिलती है।

4. सामुदायिक भागीदारी (Community Participation):-

- ग्राम स्तर पर Village Disaster Management Committees (VDMCs) गठित की जाती हैं।
- इन समितियों में प्रधान, ग्राम सचिव, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, शिक्षक, एवं स्थानीय स्वयंसेवक शामिल रहते हैं।
- "आपदा मित्र योजना" के तहत प्रशिक्षित स्वयंसेवक आपदा के दौरान प्राथमिक सहायता और राहत कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।जिला आपदा प्रबंधन योजना (DDMP) एक गतिशील, क्रियाशील और बहुउद्देशीय दस्तावेज है, जिसका उद्देश्य केवल दिशा–निर्देश देना नहीं बल्कि प्रशासनिक, विभागीय एवं सामुदायिक स्तर पर आपदा प्रबंधन गतिविधियों का व्यावहारिक संचालन सुनिश्चित करना है। यह योजना तीनों चरणों कृ पूर्व आपदा (Pre-Disaster), आपदा के दौरान (During Disaster) और आपदा के बाद (Post-

Disaster)— में उपयोग की जाती है। प्रत्येक चरण में यह दस्तावेज विभागीय कार्यों, निर्णय प्रक्रियाओं, संसाधन प्रबंधन और समन्वय व्यवस्था के लिए आधारभूत मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है।

योजना के उपयोग के प्रमुख उद्देश्य (Objectives of Plan Utilization):

1. आपदा जोखिमों को कम करने हेतु पूर्व तैयारी और संरचनात्मक/गैर–संरचनात्मक उपायों का क्रियान्वयन।
2. आपदा के दौरान प्रशासनिक, तकनीकी और सामुदायिक स्तर पर समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना।
3. विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के बीच Command and Control Mechanism को स्पष्ट करना।
4. राहत, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण कार्यों को एकीकृत नीति के अंतर्गत संचालित करना।
5. सभी हितधारकों को उनकी भूमिकाओं, संसाधनों और उत्तरदायित्वों की जानकारी प्रदान करना।
6. राज्य एवं राष्ट्रीय नीतियों के अनुरूप जनपद स्तर पर आपदा प्रबंधन ढाँचा सुदृढ़ बनाना।

योजना का उपयोग – तीनों चरणों में (Use of DDMP Across Disaster Phases):

(i) पूर्व आपदा चरण (Pre-Disaster Phase):

इस चरण का मुख्य उद्देश्य है — जोखिम न्यूनीकरण, तैयारी और जागरूकता।

मुख्य उपयोग:

- संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान (Hazard Mapping)
- संसाधन सूची (Inventory) और आपात सम्पर्क सूची का अद्यतन
- प्रशिक्षण, सिमुलेशन एक्सरसाइज और मॉक ड्रिल का आयोजन
- समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन (CBDRM) गतिविधियों का संचालन
- सूचना संचार एवं चेतावनी प्रणाली की जाँच और परीक्षण

(ii) आपदा के दौरान (During Disaster Phase):

इस चरण में योजना का उद्देश्य है कृ त्वरित प्रतिक्रिया और राहत संचालन।

मुख्य उपयोग:

- Incident Command System(ICS) का सक्रियण
- विभागीय Emergency Support Functions(ESFs) की तैनाती
- Search & Rescue, राहत वितरण और चिकित्सा सहायता का प्रबंधन
- संसाधनों का पुनर्वितरण और आवागमन नियंत्रण
- DEOC के माध्यम से रीयल–टाइम सूचना प्रवाह और मीडिया प्रबंधन

(iii) आपदा के पश्चात (Post-Disaster Phase):

इस चरण में योजना का उपयोग पुनर्निर्माण और पुनर्वास हेतु किया जाता है।

मुख्य उपयोग:

- क्षति आकलन रिपोर्ट (Damage & Needs Assessment) तैयार करना
- पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण योजनाओं को लागू करना
- प्रभावित परिवारों को राहत वितरण और सहायता प्रदान करना
- "Build Back Better" सिद्धांत के अनुसार अवसंरचना पुनर्स्थापन
- आपदा से मिली सीख के आधार पर योजना का सुधार और अद्यतन

4. विभागीय स्तर पर योजना का उपयोग (Departmental Application):

तालिका 1.4

विभाग	योजना के उपयोग का स्वरूप
राजस्व विभाग	राहत सामग्री वितरण, क्षति आकलन, मुआवजा प्रदान करना।
स्वास्थ्य विभाग	आपात चिकित्सा सेवाएँ, एम्बुलेंस प्रबंधन, प्राथमिक उपचार।

पुलिस विभाग	कानून व्यवस्था नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, खोज एवं बचाव।
PWD / जल संस्थान/विद्युत विभाग	संपर्क मार्गों, पेयजल एवं बिजली आपूर्ति की शीघ्र बहाली।
शिक्षा विभाग	स्कूलों में आपदा शिक्षा, मॉक ड्रिल एवं अस्थायी राहत शिविर संचालन।
ICDS / महिला एवं बाल विकास	महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों की देखरेख और पोषण सहायता।
Forest / Fire Services	जंगल की आग, भूस्खलन एवं वन क्षेत्रों में राहत कार्य।
NGOs / Apda Mitra / CBOs	सामुदायिक स्तर पर जागरूकता, प्राथमिक राहत, और मानव संसाधन सहयोग।

5. सामुदायिक स्तर पर योजना का उपयोग (Community&Level Application):

- ग्राम स्तर पर VDMC (Village Disaster Management Committee) के माध्यम से आपदा पूर्व तैयारी, प्रशिक्षण, संसाधन सूचीकरण और सूचना प्रवाह प्रणाली का संचालन।
- आपदा मित्र, स्वयंसेवी समूह, युवक/महिला मंगल दल राहत और निकासी में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।
- स्थानीय नेतृत्व (प्रधान, वार्ड सदस्य) के माध्यम से प्रशासनिक सूचना का शीघ्र प्रसार।
- लोक चेतना कार्यक्रमों, ग्राम सभाओं और विद्यालयों के माध्यम से जन–जागरूकता गतिविधियाँ।

6. प्रशासनिक उपयोग (Administrative Utility):

- DDMP को Reference Document के रूप में प्रत्येक विभाग और अधिकारी के पास रखा जाता है।
- DEOC के माध्यम से संकट के समय "Action Cards" के अनुसार त्वरित कार्यवाही होती है।
- प्रशिक्षण और समीक्षा बैठकों के दौरान DDMP को मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में प्रयोग किया जाता है।
- सभी विभागीय योजनाएँDDMP के अनुरूप संरेखित (।सपहदमक) की जाती हैं।

पूर्व चैतावनी संकेत एवं बिना चेतावनी वाली घटनाएं–

आपदा प्रबंधन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है—समय पर चेतावनी और त्वरित सूचना प्रसारण। जनपद टिहरी गढ़वाल जैसे आपदा–संवेदनशील जिले में पूर्व चेतावनी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, कुछ आपदाएँ जैसे भूकंप, बादल फटना आदि बिना किसी पूर्व चेतावनी के घटित होती है, जिनसे निपटने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था (Rapid Response Mechanism) विकसित की है।

2.1 चेतावनी का प्रवाह तंत्र (Flow of Warning Information):

तालिका 1.5

स्रोत / संस्था	सूचना प्राप्तकर्ता	माध्यम / प्रणाली
IMD (Indian Meteorological Department)	SDMA / SEOC	ईमेल, SMS Gateway, WhatsApp Alert
CWC (Central Water Commission)	Irrigation Dept / DDMA	Flood Bulletin, River Gauge Alerts
SDMA / SEOC Dehradun	DDMA / DEOC Tehri Garhwal	राज्य स्तरीय Early Warning System
DDMA / DEOC	SDMs / Tehsildar / Line Departments	फोन, वायरलेस, ईमेल, WhatsApp
Tehsil Control Room	ग्राम प्रधान / VDMC / Local Volunteers	Public Address System] Mobile Group
Community Level	नागरिक, स्थानीय मीडिया	घोषणाएँ, माइकिंग, WhatsApp Broadcast, Social Media

2.2 मुख्य संचार केंद्र (Primary Communication Centres):

DEOC (District Emergency Operation Centre):
मुख्यालय– कलेक्ट्रेट, टिहरी गढ़वाल।
संपर्क– 01374–234793/233433/1077
कार्यः सभी आपदा सूचनाओं का संकलन, सत्यापन एवं प्रसारण।

2. **SDM / Tehsil Control Rooms:** स्थानीय चेतावनी प्राप्त कर ग्रामों में प्रसारित करते हैं।

3. वैकल्पिक संचार माध्यम: Wireless Sets, HAM Radio,Satellite Phone, Internet Line, BSNL Network, WhatsApp & Email Alerts.

2.3 सूचना प्रसारण प्रणाली (Modes of Communication):

- SMS Broadcast System(Through NIC / DEOC Server)
- Public Address & Loudspeaker Network
- Police Wireless Communication System
- WhatsApp Disaster Alert Groups
- Social Media Verification Channels(Official DDMA Page)
- स्थानीय रेडियो स्टेशन एवं केबल नेटवर्क के माध्यम से जन–सूचना प्रसारण

2.4 चेतावनी प्रणाली के मुख्य घटक (Key Components of Early Warning):

- Monitoring: मौसम, नदी जलस्तर, भू–स्खलन क्षेत्रों की सतत निगरानी।
- Analysis: प्राप्त डेटा का विश्लेषण कर संभावित जोखिम क्षेत्रों की पहचान।
- Dissemination: त्वरित एवं सटीक सूचना का सभी विभागों एवं समुदायों तक प्रसारण।
- Action: चेतावनी प्राप्त होते ही प्रतिक्रिया दलों (SDRF/NDRF/Police/Health) को सक्रिय करना।

3. (Sudden or Unwarned Disasters):

कुछ आपदाएँ ऐसी होती हैं जो बिना किसी पूर्व चेतावनी के घटित होती हैं, जैसे—भूकंप, बादल फटना, हिमस्खलन, आग, सड़क दुर्घटना, भवन ढहना आदि। ऐसी स्थितियों में त्वरित कार्यवाही ही जनहानि को रोकने का एकमात्र उपाय है।

3.1 त्वरित कार्यवाही तंत्र (Immediate Response Mechanism):

तालिका 1.6

क्रमांक	कार्यवाही	उत्तरदायी संस्था
1	घटना की प्राथमिक सूचना प्राप्त होते ही तहसील प्रशासन द्वारा DEOC को सूचित किया जाता है।	SDM / Tehsildar
2	DEOC सूचना की पुष्टि कर जिलाधिकारी (Incident Commander) को अवगत कराता है।	DEOC
3	संबंधित विभागों (SDRF, Police, Health, Fire, PWD आदि) को तात्कालिक सक्रिय किया जाता है।	DDMA
4	प्रभावित क्षेत्र में Search & Rescue Operation प्रारंभ किया जाता है।	SDRF / NDRF / Police
5	अस्थायी राहत शिविर, चिकित्सा एवं भोजन व्यवस्था प्रारंभ की जाती है।	Revenue / Health / ICDS
6	सूचना का सत्यापन कर मीडिया एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा नियंत्रित रूप से प्रचार किया जाता है।	DPRO / DEOC
7	उच्चाधिकारियों एवं SEOCको रिपोर्ट प्रेषित की जाती है।	DM / DDMA

3.2 त्वरित प्रतिक्रिया दल (Quick Response Teams – QRT):

- प्रत्येक तहसील में QRT (Quick Response Team) गठित है जिसमें पुलिस, स्वास्थ्य, SDRF, PWD,जल संस्थान और बिजली विभाग के प्रतिनिधि शामिल हैं।
- यह दल घटना की सूचना प्राप्त होते ही "Golden Hour Response" के तहत कार्य प्रारंभ करता है।
- DEOC के निर्देश पर सभी QRTs एकीकृत Command System के अंतर्गत कार्य करते हैं।

3.3 जनसहभागिता (Community Role):

- स्थानीय नागरिकों, प्रधानों, आशा/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आपदा मित्रों को पूर्व प्रशिक्षण दिया गया है ताकि आपातकालीन स्थिति में वे प्राथमिक सहायता एवं सूचना संप्रेषण कर सकें।
- ग्राम स्तर पर VDMC (Village Disaster Management Committee) त्वरित सूचना संप्रेषण का माध्यम है।

- सामुदायिक स्वयंसेवक पुलिस या तहसील नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर प्रारंभिक स्थिति रिपोर्ट (Initial Situation Report – ISR) साझा करते हैं।

योजना की समीक्षा एवं अद्यतन प्रकिया,

जिला आपदा प्रबंधन योजना (DDMP) एक गतिशील दस्तावेज है, जो निरंतर बदलती आपदा परिस्थितियों, नीतिगत संशोधनों और स्थानीय अनुभवों के आधार पर अद्यतन किया जाता है।इसकी समय–समय पर समीक्षा यह सुनिश्चित करती है कि योजना व्यवहारिक, प्रभावी और प्रासंगिक बनी रहे। DDMP की समीक्षा केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक सीखने और सुधारने की सतत प्रक्रिया (Continuous Learning Process) है, जिससे प्रशासनिक, तकनीकी और सामुदायिक प्रतिक्रिया में निरंतर सुधार लाया जा सके।

1. समीक्षा का उद्देश्य (Purpose of Review):

- यह सुनिश्चित करना कि योजना वर्तमान परिस्थितियों और जोखिम प्रोफाइल के अनुरूप है।
- सभी विभागों और एजेंसियों की भूमिकाएँ नवीनतम नीतियों से समन्वित रहें।
- मॉक ड्रिल, वास्तविक घटनाओं और अभ्यासों से मिले अनुभवों को योजना में सम्मिलित करना।
- विभागीय SOPs, संपर्क विवरण, संसाधन सूची और चेतावनी तंत्र को अद्यतन रखना।
- योजना की उपयोगिता, सरलता और क्रियान्वयन–क्षमता को सुदृढ़ बनाना।

2. समीक्षा के प्रकार (Types of Review):

तालिका 1.7

क्रमांक	समीक्षा का प्रकार	अवधि / अवसर
1. वार्षिक समीक्षा	प्रत्येक वर्ष मई माह में	DDMA / DEOC / CDO / Line Departments
2. आपदा उपरांत समीक्षा	किसी बड़ी आपदा या आपात स्थिति के पश्चात	DDMA / Incident Commander / Stakeholders
3. मॉक ड्रिल उपरांत समीक्षा	मॉक ड्रिल, टेबल टॉप या सिमुलेशन के बाद	DEOC / Nodal Department
4. नीतिगत समीक्षा	NDMA/SDMA द्वारा दिशा–निर्देशों में परिवर्तन होने पर	DDMA / SDMA / NDMA

4. समीक्षा प्रक्रिया

- डेटा संकलन: सभी विभागों और एजेंसियों से आपदा संबंधित गतिविधियों, अनुभवों और संसाधन जानकारी का संकलन।
- प्रारंभिक विश्लेषण (Preliminary Analysis): DEOC द्वारा प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण कर योजना के उन भागों की पहचान जो संशोधन योग्य हैं।
- DDMA समीक्षा बैठक: जिलाधिकारी (अध्यक्ष, DDMA) की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें सभी विभागीय अधिकारी, NGOs, CBOs और विशेषज्ञ सम्मिलित होते हैं।
- संशोधन एवं अनुमोदन: समीक्षा में प्राप्त सुझावों और निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक संशोधन किए जाते हैं। संशोधित संस्करण को DDMA द्वारा अनुमोदित कर SDMA (राज्य प्राधिकरण) को प्रेषित किया जाता है।
- प्रकाशन एवं वितरण:अनुमोदन के पश्चात DDMP के नए संस्करण को डिजिटल एवं मुद्रित रूप में सभी हितधारकों को वितरित किया जाता है।

DDMP को अद्यतन रखने हेतु एक स्पष्ट अपडेटिंग मेकैनिज्म (Updating Mechanism) निर्धारित किया गया है:

तालिका 1.8

घटक	अद्यतन अंतराल	उत्तरदायी विभाग
विभागीय संपर्क सूची (Directory)	हर 3 माह में	DEOC
संसाधन सूची (Resource Inventory)	हर 6 माह में	Line Departments
आपदा मित्र एवं NGO डेटा	हर 6 माह में	DPRO / CDO
DEOC सूचना प्रणाली	वर्ष में एक बार	DDMA / NIC
जोखिम मानचित्र (Hazard Maps)	प्रत्येक 2 वर्ष में	SDMA / DDMA
SOPs एवं नीतियाँ	आवश्यकता अनुसार	Concerned Departments

6. समीक्षा में शामिल प्रमुख बिंदु (Major Points for Review):

- जनपद की आपदा संवेदनशीलता (Hazard & Vulnerability Pattern)

- विभागीय तैयारियाँ एवं SOPs की प्रभावशीलता
- प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल की समीक्षा
- सूचना संचार प्रणाली की कार्यक्षमता
- सामुदायिक भागीदारी और आपदा मित्रों का प्रदर्शन
- वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रावधानों की उपयोगिता

7. अद्यतन संस्करण का अभिलेखीकरण (Version Control & Documentation):

- प्रत्येक अद्यतन संस्करण को Version Number एवं Date of Revision के साथ अंकित किया जाता है।
- पुराने संस्करण को Archive Section में सुरक्षित रखा जाता है।
- नई प्रति का वितरण सभी विभागों, पुलिस थानों, ब्लॉकों एवं ग्राम पंचायतों तक किया जाता है।

8. निगरानी एवं अनुपालन (Monitoring and Compliance):

- योजना की समीक्षा एवं अद्यतन प्रक्रिया की निगरानी CDO / ADM(Disaster Management) द्वारा की जाती है।
- सभी विभागों को प्रत्येक तिमाही अपनी तैयारी की रिपोर्ट DEOC को भेजनी होती है।
- अनुपालन न करने वाले विभागों को DDMA की बैठक में नोटिस जारी किया जा सकता है।

संशोधन एवं रखरखाव–

आपदा प्रबंधन योजना का महत्व तभी है जब यह समयानुकूल, प्रासंगिक और क्रियान्वयन योग्य बनी रहे। इसलिए, जिला प्रशासन द्वारा DDMP का नियमित संशोधन (Revision) और संगठित रखरखाव (Maintenance) किया जाता है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि योजना में सम्मिलित सभी डेटा, संपर्क विवरण, विभागीय SOPs, संसाधन सूचियाँ और चेतावनी प्रणाली अद्यतन रहें।

1. उद्देश्य (Objectives):

- योजना को बदलती परिस्थितियों और नए जोखिमों के अनुसार अद्यतन रखना।
- विभागीय, तकनीकी और सामुदायिक संरचनाओं के अनुरूप संशोधन करना।
- आपदा उपरांत प्राप्त अनुभवों और सिफारिशों को योजना में सम्मिलित करना।
- DDMP की सुलभता (।बबमेपइपसपजल) और उपयोगिता (ैंइपसपजल) को बढ़ाना।
- सभी विभागों और हितधारकों के लिए नवीनतम प्रति उपलब्ध कराना।

3.1 संशोधन की आवृत्ति (Frequency of Revision):

तालिका 1.9

क्रमांक	संशोधन का प्रकार	अवधि
1. नियमित संशोधन	प्रत्येक वर्ष	DDMA / DEOC
2. विशेष संशोधन	बडी आपदा, नीति परिवर्तन या संरचनात्मक बदलाव के पश्चात	District Magistrate / DDMA
3. विभागीय संशोधन	प्रत्येक 6 माह में	Line Departments / Nodal Officers

संशोधन की प्रक्रिया (Process of Revision):

- **सूचना एकत्रण:** सभी विभागों से नवीनतम डेटा, संसाधन और संपर्क सूची प्राप्त की जाती है।
- **विश्लेषण एवं समीक्षा:**DEOC द्वारा प्रस्तुत जानकारी का DDMA बैठक में परीक्षण किया जाता है।
- **संशोधन प्रारूप तैयार करना:** आवश्यक बदलावों को Draft Revision में सम्मिलित किया जाता है।
- **अनुमोदन (Approval):** संशोधित प्रति को DDMA द्वारा अनुमोदित कर SDMA को भेजा जाता है।
- **प्रकाशन एवं वितरण:** अंतिम रूप से अनुमोदित योजना सभी विभागों, संस्थाओं और ग्राम स्तर तक वितरित की जाती है।

योजना का भंडारण एवं अभिलेखीकरण (Storage and Record Keeping):

योजना की मुद्रित प्रति (Printed Copy) जिला आपातकालीन संचालन केंद्र(DEOC), सभी तहसील कार्यालयों और प्रमुख विभागों में रखी जाती है।

रखरखाव के उत्तरदायित्व (Responsibility for Maintenance):

तालिका 1.10

इकाई	प्रमुख जिम्मेदारी
District Emergency Operation Centre (DEOC)	DDMP की मूल प्रति का रखरखाव, संशोधन रिकॉर्ड का अभिलेखन, एवं सभी विभागों को प्रति वितरण।
Line Departments	विभागीय स्तर पर योजना की प्रति सुरक्षित रखना और संशोधन रिपोर्ट DEOC को भेजना।
DDMA (जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण)	संपूर्ण योजना के रखरखाव और निगरानी की सर्वोच्च इकाई।
NIC / IT Cell	डिजिटल डेटा का बैकअप और वेबसाइट पर अपलोडिंग।

प्रशिक्षण एवं अभिविन्यास (Training and Orientation):

हर संशोधन के बाद संबंधित अधिकारियों, विभागीय प्रतिनिधियों और आपदा मित्रों को योजना के नए संस्करण की जानकारी दी जाती है। DEOC द्वारा Orientation Workshop / Refresher Training आयोजित की जाती है ताकि सभी हितधारक अद्यतन प्रक्रियाओं से अवगत रहें।

निगरानी और अनुपालन (Monitoring & Compliance):

- DDMA प्रत्येक वर्ष Maintenance Audit करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी विभागों में योजना की प्रति उपलब्ध और अद्यतन है।
- किसी विभाग में पुराना संस्करण पाए जाने पर DEOC द्वारा Update Advisory Notice जारी किया जाता है।

1.3– आर्थिक, व्यवसायिक एवं सामाजिक परिदृश्य–

आर्थिक, व्यवसायिक एवं सामाजिक परिदृष्य– जनपद की कुल जनसंख्या 618931 है जिसमें 297986 पुरूष एवं 320945 महिला हैं। जिले की 94 प्रतिशत जनसंख्या गावों में निवास करती है। जनपद में अल्पसंख्यक, पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति, एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों की जनसंख्या कम है। सामान्य जाति में मुख्यतः ब्राहमण व राजपूत हैं। आर्थिक दृष्टि से जिला बहुत पिछड़ा है। अधिकतर लोग कृषि से जुडे है व भूमि भी कृषि योग्य नहीं है। जिस कारण अधिकांश लोग बेरोजगार हैं व सरकारी नौकरियों व मैदानी क्षेत्रों में छोटी–छोटी नौकरी पर आश्रित हैं। आर्थिक रूप से ज्यादातर लोग निम्नवर्गीय व निम्न मध्यमवर्गीय हैं।

कृषि एवं फसल चक्र– जिले में साधारणतया रबी और खरीफ की फसलें होती हैं। रबी की फसल में गेहूं, जौ, चना, मसूर, लाई, राड़ा, मटर, तम्बाकू, लहसून, मेथी, धनिया, जीरा पैदा होता है। ये फसलें अक्टूबर–नवम्बर में बोई जाती हैं और अप्रैल–मई में काटी जाती हैं।

खरीफ की फसल में धान, झंगोरा, मंडूवा, बाजरा, ज्वार, कौणीं, मारसा, गहथ, भट, उड़द, मूंग, मक्कई, तिल, कपास तथा बर्षाती सब्जियों की पैदावार होती है। इसमें से धान, झंगोरा, कौणीं, तिल, तोर व कपास की फसलें अप्रैल–मई में बोई जाती हैं और सितम्बर, अक्टूबर में काटी जाती हैं। मंडूवा, मारसा, गहब, भट, उड़द, मूंग व मक्कई की फसलें मई जून में बोकर अक्टूबर–नवम्बर तक काटी जाती हैं। खरीफ की फसल ठण्डे भागों में जल्दी काटी जाती हैं।

विद्युत उत्पादन–जनपद में प्रमुखतः भागीरथी नदी व भिलंगना नदी पर बाधं बनाकर टिहरी जल विद्युत परियोजना टिहरी विद्युत उत्पादन गृह को संचालित किया जाता है। परियोजना से 1000 मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया जाता है। द्वितीय चरण में 1000 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जायेगर। इसके अतिरिक्त कोटेश्वर जल विघुत परियोजना संचालित है। जनपद में विद्युत का वितरण 03 प्राथमिक उपकेन्द्रों (चम्बा–220 केवी, श्रीनगर–132 केवी व वीरभद्र ऋषिकेश–400) व 18 33/11 केवी उप संस्थानों से की जाती है। वर्तमान में जनपद में विद्युतीकरण से कोई भी ग्राम से वंचित नहीं हैं।

उद्योग–जनपद का प्रमुख उद्योग पशुपालन है। विशेषतः भेड़ पालन के द्वारा ऊन प्राप्त करके कालीन, ऊनी कपड़े आदि बनाये जाते हैं। जनपद में किसी प्रकार का लघु अथवा भारी उद्योग शून्य है। जनपद में पर्यटन व्यवसाय के माध्यम होम स्टे तथा होटलों के संचालन से आय सृजित होती हैं।

1.4– 2011 की जनगणना के अनुसार जनपद की जनसांख्यिकी एवं सामाजिक/आर्थिक विवरण–

आर्थिक, व्यवसायिक एवं सामाजिक परिदृश्य–2011 की जनगणना के अनुसार जनपद की कुल जनसंख्या 618931 है। जिसमें कुल जनसंख्या में पुरूष जनसंख्या 2,97,986 व महिलाओं की जनसंख्या 320945 है। टिहरी

गढ़वाल जिले का जनसंख्या घनत्व 170 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। यह 2001 के 148 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर की तुलना में बढ़ा हैं। जो पिछले दशक की तुलना मे 2.35 प्रतिशत अधिक है। यह पूर्व में रूद्रप्रयाग जिला, पश्चिम में देहरादून जिला, उत्तर में उत्तरकाशी जिला और दक्षिण में पौड़ी गढ़वाल जिले से घिरा हुआ है। टिहरी गढ़वाल हिमालय का एक हिस्सा है।

तालिका 1.12

क्र.सं.	बिन्दु	विवरण
1	भौगोलिक क्षेत्रफल	3642 वर्ग किमी0
2	वन क्षेत्र	231517.47 हैक्टेयर
3	जनसंख्या (2011) की जनगणना	618931
	पुरूष	297986
	महिला	320945
4	जनसंख्या घनत्व	169 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी0
5	लिंग अनुपात	1078 महिला–1000 पुरूष
6	साक्षरता	पुरूष 227406, महिलाएं 180588
7	जनपद में साक्षरता प्रतिशत	76
8	तहसीलें	12 तहसीलें, 02 उपतहसील
9	न्याय पंचायतें	75
10	ग्राम सभायें	1036
11	विकासखण्ड	9
12	विकासखण्ड सदस्यों की संख्या	345
13	जिला पंचायत सदस्यों की संख्या	45
14	वन पंचायतें	899
15	पटवारी क्षेत्र	183
16	कानूनगो क्षेत्र	14
17	नगरपालिका	5
18	नगर पंचायत	6
19	पुलिस स्टेशन	12
20	पुलिस चौकियां	24
21	पंजीकृत उद्योग/लघु औद्योगिक इकाईयां	3234
22	प्राथमिक विद्यालय	1691
23	जूनियर हाईस्कूल	355
24	इण्टर कालेज	164
25	उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	336
26	केन्द्रीय विद्यालय	02

27	राजकीय स्नातक महाविद्यालय	9
28	राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय	5
29	संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय	2
30	कृषि विश्वविद्यालय, परिसर रानीचौरी	1
31	प्राविधिक शिक्षण संस्थान	4
32	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान	8
33	जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	1
34	जिला चिकित्सालय	1
35	संयुक्त चिकित्सालय	1
36	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र	11
37	ऐलोपैथिक चिकित्सालय	37
38	होम्योपैथिक चिकित्सालय	16
39	आयुर्वेदिक चिकित्सालय	110
40	अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र	26
41	उप–केन्द्र	204
42	क्षय रोग निवारण केन्द्र	1
43	कुष्ठ निवारण केन्द्र	1
44	पशु चिकित्सालय	38
45	पशुधन विकास केन्द्र	92
46	कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र	44
47	नहरों की लम्बाई	781.383 किमी0
48	पक्की सड़कें	4238.14 किमी0
49	कुल डाकघर	262
50	ग्रामीण डाकघर	246
51	नगरीय क्षेत्र में	16
52	सस्ते गल्ले की दुकानें	1100
53	व्यवसायिक बैंक शाखाऐं	79
54	ग्रामीण बैंक	20
55	सहकारी बैंक	33
56	नाबार्ड	1
57	पैट्रोल पम्प	26

1.5– जलवायु एवं वर्षा–

अधिकतर प्रत्येक मौसम में वर्षा होती है, जनपद की जलवायु उप–शीतोष्ण से शीतोष्ण है। जनपद में जलवायु एक समान नहीं रहती है। तहसील धनोल्टी, प्रतापनगर, व घनसाली के उंचाई वाले क्षेत्र में शीतकाल में हिमपात होने से कई सम्पर्क मार्ग अवरूद्ध हो जाते हैं।

भौतिक स्वरूप, नदियां एवं भू–उपयोगिता–जनपद में प्रवाहित प्रमुख नदियां भागीरथी, भिलंगना है। इसके अतिरिक्त अलकनन्दा पूर्वी सीमा का निर्माण व भागीरथी जिले को दो भागों में विभाजित करती है, यमुना पश्चिमी सीमा का निर्माण करती है है। इन नदियों से जहां एक ओर जनपद की सम्पन्नता में वृद्धि होती है वहीं दूसरी ओर वर्षा काल में नदियों के जलस्तर बढ़ जाने से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जनपद में मैदानी क्षेत्रों की भांति जल प्लावन की स्थिति नहीं होती हैं किन्तु वर्षा काल में अतिवृष्टि/बादल फटने के कारण भू–स्खलन के साथ पर्वतीय क्षेत्रों की ढालदार जमीन से पानी एवं मिट्टी नदियों में गिरने के कारण नदियों का जल स्तर बढ़नें एवं भू–स्खलन से पुल एवं मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आवागमन अवरुद्ध हो जाता है।

विश्लेषणात्मक टिप्पणी (Analytical Note):

- वर्षा की अनियमितता और तीव्रता में बढ़ोतरी जलवायु परिवर्तन का संकेत देती है।
- भूस्खलन एवं फ्लैश फ्लड जैसी घटनाएँ स्थानीय भूगोल, ढलान, एवं अनियंत्रित निर्माण कार्यों से भी जुड़ी हैं।
- DDMA द्वारा जलवायु निगरानी (Climate Monitoring) हेतु IMD, Irrigation Department और SDRF के सहयोग से डेटा संकलन तंत्र सुदृढ़ किया गया है।
- आपदा तैयारी योजनाओं में अब Rainfall Early Warning Indicators को भी सम्मिलित किया जा रहा है।

1.6– भौगोलिक स्थिति एवं स्थलाकृति–

जनपद टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड राज्य के उत्तर–पश्चिमी भाग में स्थित है। यह जनपद हिमालय पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित होने के कारण प्राकृतिक विविधता और भौगोलिक जटिलता से युक्त है। जनपद का मुख्यालय टिहरी है, जो समुद्र तल से लगभग 1,550 मीटर की ऊँचाई पर अवस्थित है।

तालिका 1.13

भौगोलिक तत्व	विवरण
अक्षांशीय विस्तार (Latitude)	30.3° 27′ Nसे 30° 53′ E
देशांतर विस्तार (Longitude)	77° 56′ E से 79° 04′ E
औसत ऊँचाई (Altitude)	1,550 मीटर से 6,398 मीटर तक
क्षेत्रफल (Area)	लगभग 4,040 वर्ग कि.मी.
सीमाएँ (Boundaries)	उत्तर – उत्तरकाशी, दक्षिण – पौड़ी गढ़वाल, पूर्व – रूद्रप्रयाग, पश्चिम – देहरादून

स्थलाकृति (Topographical Features):

जनपद टिहरी गढ़वाल की स्थलाकृति पूर्णतः पर्वतीय है, जिसमें ऊँचे–ऊँचे पहाड़, गहरी घाटियाँ, हिमाच्छादित चोटियाँ, और विस्तृत नदी तंत्र विद्यमान हैं। जनपद को स्थलाकृतिक रूप से तीन भागों में बाँटा जा सकता है –

तालिका 1.14

क्षेत्र	ऊँचाई सीमा	मुख्य विशेषताएँ
(i) उच्च हिमालयी क्षेत्र (High Himalayan Zone)	3,500 – 7,000 मीटर	स्थायी हिमरेखाएँ, ग्लेशियर (खतलिंग ग्लेशियर), पंवाली कांठा, नाग टिब्बा सीमांत क्षेत्र
(ii) मध्य हिमालयी क्षेत्र (Middle Himalayan Zone)	1,200 – 4,500 मीटर	गढ़वाल की प्रमुख घाटियाँ, कृषि भूमि, मानव बस्तियाँ, वनाच्छादित क्षेत्र
(iii) निम्न पर्वतीय क्षेत्र (Lesser Himalayan Zone)	1,500–1,950 मीटर	नई टिहरी, कुंजापुरी मंदिर जैसे क्षेत्र, जहाँ नदी घाटियाँ और कृषि प्रमुख हैं

पर्वत श्रृंखलाएँ एवं चोटियाँ (Mountain Ranges and Peaks):–

जनपद टिहरी में हिमालय की महत्वपूर्ण प्रसिद्ध पर्वत श्रृंखलाएं और सुंदर चोटियां स्थित हैं, जैसे –

- खैट पर्वत (Khait Range)– टिहरी जिले के तहसील प्रतापनगर के समीप स्थित है।
- पवाली कांठा (Pawali Kantha)– सुप्रसिद्ध बुग्याल (घास का मैदान) स्थित है।
- शिवालिक और मध्य हिमाल–टिहरी का दक्षिणी भाग बाहरी हिमालय या शिवालिक रेंज के अन्तर्गत आता है, जबकि उत्तरी भाग मध्य हिमालय का हिस्सा है।

नदी तंत्र (Drainage System):

त्वरित प्रतिक्रिया टीमें जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन की रीढ़ हैं। इनके निरंतर प्रशिक्षण, सामान्य अभ्यास और समन्वित कार्यवाही से जनपद टिहरी गढ़वाल आपदा के किसी भी रूप का सामना त्वरित तथा प्रभावी रूप से कर सकता है।

5.16 गैर–सरकारी संगठनों (NGOs) और अन्य हितधारकों का समन्वय–

परिचय–

आपदा प्रबंधन केवल सरकारी संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह साझा सामाजिक उत्तरदायित्व (Collective Social Responsibility) है। जनपद टिहरी गढ़वाल जैसे भौगोलिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में, गैर–सरकारी संगठनों (NGOs), स्वयंसेवी समूहों, धार्मिक संस्थाओं, औद्योगिक इकाइयों तथा सामुदायिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये संस्थाएँ राहत, बचाव, पुनर्वास, जन–जागरूकता, मनोवैज्ञानिक परामर्श और जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में प्रशासन के सहयोगी के रूप में कार्य करती हैं।

मुख्य उद्देश्य

- गैर–सरकारी संगठनों और सामुदायिक समूहों की क्षमताओं का उपयोग कर आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाना।
- राहत, बचाव, पुनर्वास और जागरूकता अभियानों में सरकारी तंत्र के साथ सहयोगी ढांचा (Collaborative Framework) तैयार करना।
- आपदाग्रस्त क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर त्वरित सहायता, भोजन, चिकित्सा, वस्त्र और मनो–सामाजिक समर्थन उपलब्ध कराना।
- प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल, और जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रमों में समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना।

NGOs एवं हितधारकों की भूमिका (Roles of Non&Governmental & Other Stakeholders)

तालिका–5.25

क्र.सं.	संस्था / संगठन का प्रकार	मुख्य कार्य / भूमिका
1	स्थानीय NGOs	राहत सामग्री वितरण, चिकित्सा सहायता, अस्थायी शिविर प्रबंधन, जल एवं स्वच्छता व्यवस्था
2	अंतरराष्ट्रीय NGOs / एजेंसियाँ (UNDP,Red Cross, UNICEF आदि)	तकनीकी सहयोग, क्षमता निर्माण, आपदा–पूर्व तैयारी एवं पुनर्वास कार्यक्रम
3	धार्मिक / सामाजिक संस्थाएँ	भोजन, वस्त्र एवं आश्रय व्यवस्था में सहायताय जन–मनौवैज्ञानिक परामर्श
4	शैक्षणिक संस्थान (NIM, ITI, GIC आदि)	स्वयंसेवक प्रशिक्षण, जन–जागरूकता अभियान, युवा सहभागिता
5	औद्योगिक / निजी क्षेत्र (CSR के माध्यम से)	वित्तीय सहायता, आपदा उपकरण, सामग्री आपूर्ति, राहत शिविरों को सहायता
6	महिला समूह / स्वयं सहायता समूह (SHGs)	स्थानीय स्तर पर महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा, स्वच्छता, पोषण, मनोवैज्ञानिक सहयोग
7	आपदा मित्र / स्वयंसेवक नेटवर्क	प्राथमिक प्रतिक्रिया, सूचना प्रसारण, निकासी में सहयोग

समन्वय प्रणाली (Coordination Mechanism)

- जिला प्रशासन द्वारा गैर–सरकारी संगठनों का एक समन्वय तंत्र (NGO Coordination Network) स्थापित किया गया है, जो DEOC के माध्यम से संचालित होता है।
- प्रत्येक छळ्ट को नोडल विभाग या अधिकारी आवंटित किया गया है ताकि राहत वितरण में दोहराव या विलंब न हो।
- आपदा के समय सभी NGOs को DEOC द्वारा जारी सिंगल कमांड और रिपोर्टिंग सिस्टम (Unified Command System) के अंतर्गत कार्य करना अनिवार्य है।
- जिला प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष "NGO समन्वय बैठक" आयोजित की जाती है जिसमें योजनाएँ, संसाधन एवं तैयारी पर चर्चा की जाती है।

प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण (Capacity Building - Training)

- टिहरी गढ़वाल द्वारा NGOs, स्वयंसेवकों एवं आपदा मित्रों के लिए त्रैमासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।
- प्रशिक्षण विषयों में—प्राथमिक उपचार, खोज–बचाव, मनोवैज्ञानिक सहयोग, राहत शिविर संचालन, और संचार प्रणाली का उपयोग शामिल है।
- प्रशिक्षण के पश्चात् सभी प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन नंबर और ID कार्ड जारी किए जाते हैं ताकि DEOC से उन्हें पहचानकर बुलाया जा सके।
- NGOs को अपने स्वयंसेवकों की सूची, संसाधनों और उपकरणों की जानकारी हर छः महीने में DDMA को उपलब्ध करानी होती है।

सूचना और रिपोर्टिंग प्रणाली–

- आपदा की स्थिति में प्रत्येक NGO को अपने गतिविधि क्षेत्र की दैनिक प्रगति रिपोर्ट (Daily SituationReport) DEOC को भेजनी होती है।
- DEOC द्वारा इन रिपोर्टों को संकलित कर SEOC (राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र) को प्रेषित किया जाता है।
- NGOs द्वारा की गई सहायता, वितरण और जन–सेवाओं का रिकॉर्ड पारदर्शिता हेतु DEOC पोर्टल पर अपडेट किया जाता है।

निष्कर्ष–

गैर–सरकारी संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और अन्य हितधारकों की सक्रिय भागीदारी से जनपद टिहरी गढ़वाल की आपदा प्रबंधन प्रणाली और अधिक सशक्त एवं सहभागी बनती है। इनके सहयोग से प्रशासनिक प्रतिक्रिया और सामुदायिक सहायता के बीच एक प्रभावी समन्वय स्थापित होता है, जो टिहरी गढ़वाल को एक Resilient District (लचीला जिला) बनने की दिशा में अग्रसर करता है।

5.17 हानि प्रबंधन (Mass Casualty Management)–

आपदा की स्थिति में अचानक बड़ी संख्या में घायल या मृत व्यक्ति सामने आ सकते हैं। ऐसे समय में प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, SDRF, और स्वयंसेवी संस्थाओं को मिलकर त्वरित, समन्वित एवं संवेदनशील कार्रवाई करनी होती है। जनपद टिहरी गढ़वाल जैसे पर्वतीय एवं संवेदनशील क्षेत्र में, भूकंप, भूस्खलन, सड़क दुर्घटनाएँ, बादल फटना, भवन ढहना एवं बस हादसे जैसी घटनाओं में "Mass Casualty" की संभावना रहती है। इसलिए जिला प्रशासन द्वारा हानि प्रबंधन प्रणाली (Mass Casualty Management System–MCMS) को सुदृढ़ किया गया है, जिससे आपदा के समय चिकित्सा सहायता, निकासी और मृतकों की पहचान शीघ्र हो सके।

मुख्य उद्देश्य

- बड़ी संख्या में घायलों एवं मृतकों के कुशल प्रबंधन हेतु समन्वित व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- राहत एवं बचाव दलों को प्रशिक्षित कर 'ळवसकमद भ्वनत' के भीतर जीवन रक्षा सुनिश्चित करना।
- अस्पतालों, एम्बुलेंस नेटवर्क एवं रक्त बैंकों की पूर्व तैयारी को बनाए रखना।
- मृतकों की पहचान, परिजनों को सूचना एवं सम्मानजनक अंतिम संस्कार प्रक्रिया सुनिश्चित करना।
- घटनास्थल पर ट्रायेज सिस्टम (Triage System) लागू करना ताकि प्राथमिकता के आधार पर उपचार हो सके।

कार्रवाई की संरचना (Action Framework)

(1) त्वरित सूचना एवं सक्रियण

- जैसे ही बड़ी दुर्घटना या आपदा की सूचना मिलती है, DEOC तुरंत जिला अस्पताल, CHC, PHC और निजी अस्पतालों को सतर्क करता है।
- स्वास्थ्य विभाग द्वारा "Mass Casualty Alert" जारी किया जाता है।
- Ambulance Command System(108 सेवा) को सक्रिय कर नजदीकी टीमों को घटनास्थल की ओर भेजा जाता है।

(2) घटनास्थल पर त्वरित चिकित्सा व्यवस्था

- SDRF/NDRFएवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिलकर घटनास्थल पर मेडिकल ट्रायेज जोन स्थापित किया जाता है। घायलों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाता है –
- लाल टैग (Critical) त्वरित शल्य चिकित्सा या ICU की आवश्यकता।
- पीला टैग (Moderate) सामान्य चिकित्सा सहायता आवश्यक।
- हरा टैग (Minor) प्राथमिक उपचार के बाद भेजा जा सकता है।
- काला टैग (Deceased): मृत व्यक्तियों को सम्मानपूर्वक अलग क्षेत्र में ले जाया जाता है।

(3) चिकित्सा संस्थानों की तैयारी

- जिला अस्पताल, CHC, PHC, और निजी अस्पतालों में आपदा के समय आपातकालीन वार्ड (Emergency Ward) सक्रिय किए जाते हैं।
- अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था, दवाओं का स्टॉक, सर्जिकल किट, एवं प्लास्टिक बॉडी बैग्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है।
- रक्त बैंक / ब्लड डोनर नेटवर्क सक्रिय किया जाता है, जिसमें स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों की मदद ली जाती है।
- अस्पताल प्रशासन द्वारा घायलों की सूची और स्थिति रिपोर्ट DEOC को हर 2 घंटे में भेजी जाती है।

(4) निकासी एवं परिवहन व्यवस्था

- 108 एम्बुलेंस सेवा, SDRF वाहन, पुलिस वाहन, और स्थानीय परिवहन साधनों को एकीकृत कर Evacuation Plan सक्रिय किया जाता है।
- सड़क बाधित होने की स्थिति में हेलीकॉप्टर निकासी (Air Evacuation) की व्यवस्था SDRF / भारतीय वायुसेना के सहयोग से की जाती है।
- DEOC के नियंत्रण में Medical Coordination Cell कार्य करता है, जो सभी परिवहन और अस्पताल आवंटन का रिकॉर्ड रखता है।

(5) मृतकों का प्रबंधन (Dead Body Management)

- मृतकों की पहचान हेतु पुलिस, राजस्व विभाग, और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम कार्य करती है।
- फोटोग्राफ, उंगलियों के निशान, वस्त्र आदि के आधार पर पहचान प्रक्रिया की जाती है।
- पहचान होने पर परिजनों को सूचना देकर सम्मानजनक अंतिम संस्कार की व्यवस्था की जाती है।
- यदि पहचान न हो सके तो पोस्टमार्टम एवं DNA सैंपल लेकर रिकॉर्ड DEOC को सौंपा जाता है।

(6) मनो–सामाजिक सहयोग (Psychosocial Support)

- आपदा के बाद प्रभावित परिवारों एवं बचाव कर्मियों के मानसिक तनाव कम करने हेतु काउंसलिंग टीम भेजी जाती है।
- इसमें सामाजिक कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास, तथा छळे की सहायता ली जाती है।

सहभागी विभाग / संस्थाएँ–

तालिका–5.25

क्र.सं.	विभाग / संस्था	भूमिका / उत्तरदायित्व
1	स्वास्थ्य विभाग	Mass Casualty Response योजना का संचालन
2	पुलिस विभाग	पहचान, पोस्टमार्टम, रिकॉर्ड संधारण
3	SDRF / NDRF	घायलों को निकालना, ट्रायेज क्षेत्र की स्थापना
4	DEOC (DDMA)	समन्वय, सूचना एवं लॉजिस्टिक सहायता
5	परिवहन विभाग	एम्बुलेंस और वाहन व्यवस्था
6	रेड क्रॉस / NGOs	प्राथमिक चिकित्सा, भोजन, रक्तदान एवं सहायता
7	स्थानीय प्रशासन	अस्थायी शिविर, मृतकों के परिवार को सहयोग

संसाधन एवं तैयारी (Preparedness Measures)

- जिला अस्पताल और प्रमुखCHCमें Mass Casualty Handling Kits उपलब्ध रखे जाते हैं।
- प्रत्येक चिकित्सालय में आपातकालीन संपर्क सूची, रक्त समूह सूची और ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता रिपोर्ट रखी जाती है।
- मासिक मॉक ड्रिल्स द्वारा अस्पतालों की प्रतिक्रिया समय का परीक्षण किया जाता है।
- वाहनों, स्ट्रेचर, प्राथमिक उपचार सामग्री, और शव प्रबंधन बैग्स की गिनती DEOC के रिकॉर्ड में रखी जाती है।

निष्कर्ष

Mass Casualty Management किसी भी आपदा की स्थिति में जीवन रक्षा का केंद्रीय तंत्र है। जिला टिहरी गढ़वाल में प्रशासनिक, चिकित्सीय और स्वयंसेवी तंत्र के समन्वित प्रयासों से एक ऐसी प्रणाली विकसित की जा रही है जिससे किसी भी बड़ी दुर्घटना की स्थिति में त्वरित, मानवीय और प्रभावी प्रतिक्रिया दी जा सके।

5.18 राहत, भोजन और पानी–

किसी भी आपदा के बाद प्रभावित जनसमुदाय के लिए राहत (Relief), भोजन (Food Supply) तथा पेयजल (Drinking Water) की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

जनपद टिहरी गढ़वाल जैसे पर्वतीय जिले में, भूकंप, भूस्खलन, बादल–फटना, बाढ़, सड़क अवरोध या भारी हिमपात की स्थिति में गाँवों का संपर्क टूट सकता है, जिससे आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और राहत कार्यों का व्यवस्थित प्रबंधन प्रशासन की प्राथमिकता बन जाता है। इस उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक सशक्त राहत वितरण एवं जल–भोजन आपूर्ति प्रबंधन तंत्र विकसित किया है, जो DEOC (District Emergency Operation Center) के नियंत्रण में कार्य करता है।

मुख्य उद्देश्य

- प्रभावित व्यक्तियों को समय पर भोजन, स्वच्छ पानी और आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराना।
- अस्थायी राहत शिविरों (Relief Camps) का संचालन, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखना।
- राहत सामग्री के समान वितरण, पारदर्शिता और निगरानी को सुनिश्चित करना।
- भोजन एवं पानी की गुणवत्ता, मात्रा और आपूर्ति श्रृंखला का नियमित परीक्षण करना।
- स्थानीय समुदाय, NGOs और स्वयंसेवकों के सहयोग से राहत कार्यों का क्रियान्वयन।

(।) राहत व्यवस्था (Relief Management)

1. राहत सामग्री का भंडारण एवं उपलब्धता

- जनपद में सभी तहसीलों, ब्लॉकों एवं प्रमुख बाजार क्षेत्रों में पूर्व से राहत सामग्री का भंडारण (Pre-Positioning) किया जाता है।

इन भंडारों में शामिल वस्तुएँ हैं —

- टेंट, तिरपाल, कंबल, चादरें, चप्पलें, सोलर लालटेन
- प्राथमिक चिकित्सा किट, स्वच्छता किट, आवश्यक औषधियाँ
- शिशु आहार एवं महिलाओं हेतु स्वास्थ्य सामग्री
- भंडारण केंद्रों की सूची क्म्ब् द्वारा अद्यतन रखी जाती है।

2. राहत शिविरों की स्थापना–

- राहत शिविरों का चयन पूर्व–चिह्नित सुरक्षित स्थलों (विद्यालय, सामुदायिक भवन, पंचायत घर आदि) पर किया जाता है।
- प्रत्येक शिविर में निम्नलिखित सुविधाएँ सुनिश्चित की जाती हैं कृ
- स्वच्छ पेयजल एवं भोजन
- अस्थायी शौचालय
- प्राथमिक चिकित्सा एवं चिकित्सा सहायता केंद्र

- बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए अलग व्यवस्था
- प्रत्येक राहत शिविर में एक शिविर प्रभारी (Camp In-Charge)नामित किया जाता है जो DEOC को दैनिक रिपोर्ट देता है।

(ठ) भोजन व्यवस्था (Food Management)

1. भोजन आपूर्ति एवं वितरण

- राहत शिविरों में भोजन आपूर्ति का दायित्व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और रेड क्रॉस / स्थानीय NGOs के सहयोग से निभाया जाता है।
- प्रशासनिक आदेशानुसार भोजन वितरण में प्राथमिकता दी जाती है—
    - बच्चे एवं गर्भवती महिलाएँ
    - वृद्ध एवं दिव्यांग व्यक्ति
    - गंभीर रूप से प्रभावित परिवार
    - भोजन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता हेतु लॉगबुक एवं वितरण पंजी रखा जाता है।

2. भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता–

- भोजन तैयार करते समय स्वच्छ जल, स्वच्छ रसोई और व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन अनिवार्य है।
- स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा अधिकारी (FSO) द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाता है।
- नाशवान वस्तुओं के लिए कोल्ड स्टोरेज या शीघ्र वितरण प्रणाली लागू की जाती है।

(C) पेयजल व्यवस्था (Water Supply Management)

1. पेयजल आपूर्ति

- पेयजल आपूर्ति का दायित्व जल संस्थान / पेयजल निगम के अधीन रहता है।
- राहत शिविरों में टैंकर, हैंडपंप, या जलशुद्धिकरण यंत्र (Water Purifiers / RO Units) की व्यवस्था की जाती है।
- जल स्रोतों की सुरक्षा हेतु क्लोरीनेशन एवं पानी की गुणवत्ता परीक्षण किया जाता है।

2. जल गुणवत्ता निगरानी

- स्वास्थ्य विभाग एवं जल संस्थान के संयुक्त दल द्वारा नियमित रूप से जल नमूने एकत्र किए जाते हैं।
- Portable Water Testing Kitsका उपयोग कर क्लोरीन स्तर और पीने योग्य मानक (IS 10500) की पुष्टि की जाती है।

(D) निगरानी एवं समन्वय (Monitoring & Coordination)

तालिका–5.26

क्र.सं.	विभाग / संस्था	उत्तरदायित्व
1	जिला प्रशासन / DEOC	राहत वितरण का समग्र समन्वय
2	खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग	राशन, खाद्यान्न और स्च्ळ आपूर्ति
3	जल संस्थान / पेयजल निगम	पेयजल व्यवस्था और गुणवत्ता परीक्षण
4	स्वास्थ्य विभाग	जल जनित रोगों की रोकथाम, स्वच्छता निगरानी
5	नगर निकाय / ग्राम पंचायतें	राहत शिविरों की सफाई और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन
6	रेड क्रॉस / NGOs	भोजन वितरण, राहत सामग्री और स्वयंसेवक सहयोग
7	पुलिस विभाग	शिविरों की सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखना

(E) पारदर्शिता एवं रिपोर्टिंग प्रणाली

- सभी राहत शिविरों से दैनिक रिपोर्ट (Relief Status Report) DEOCको प्रेषित की जाती है।
- रिपोर्ट में भोजन–पानी की उपलब्धता, लाभार्थियों की संख्या, शिकायतें और आवश्यकताएँ दर्ज की जाती हैं।
- DDMA द्वारा राहत कार्यों का साप्ताहिक मूल्यांकन (Relief Audit) किया जाता है ताकि सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।

(F) सामुदायिक सहभागिता

- स्थानीय स्वयंसेवक, महिला मंगल दल, युवा मंडल और आपदा मित्र राहत कार्यों में सक्रिय सहयोग देते हैं।
- ग्राम स्तर पर स्थानीय राहत समिति गठित की जाती है जो भोजन और पानी की वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता रखती है।

निष्कर्ष–

राहत, भोजन एवं पानी आपदा प्रतिक्रिया का सबसे संवेदनशील और आवश्यक भाग है। जनपद टिहरी गढ़वाल में DEOC के नेतृत्व में विभिन्न विभागों, NGOs और समुदायों के समन्वित प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जाता है कि किसी भी आपदा की स्थिति में कोई भी व्यक्ति भूखा या बिना पानी के न रहे और सभी को समय पर सुरक्षित, स्वच्छ एवं पर्याप्त राहत सहायता प्राप्त हो सके।

5.19 आश्रय/चिकित्सा/राहत शिविर–

आपदा के दौरान स्वास्थ्य सेवाएँ राहत एवं पुनर्वास कार्यों की रीढ़ होती हैं। किसी भी प्राकृतिक या मानवजनित आपदा के उपरांत प्रभावित जनसंख्या को त्वरित चिकित्सा सहायता, रोग नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करना आवश्यक होता है। इस उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आपातकालीन स्वास्थ्य एवं राहत शिविरों की स्थापना की जाती है।

(A) उद्देश्य (Objectives):

- आपदा प्रभावित क्षेत्रों में घायल, बीमार एवं मानसिक रूप से आहत व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करना।
- संक्रामक रोगों की रोकथाम, जलजनित बीमारियों के नियंत्रण और स्वच्छता बनाए रखने हेतु स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करना।
- गर्भवती महिलाओं, शिशुओं, वृद्धजनों एवं विकलांग व्यक्तियों के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था करना।
- प्राथमिक उपचार से लेकर आवश्यकतानुसार रेफरल अस्पतालों तक मरीजों के सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था करना।
- आपदा के पश्चात दीर्घकालिक स्वास्थ्य निगरानी एवं पुनर्वास योजनाओं को लागू करना।
- समुदाय में स्वास्थ्य, स्वच्छता और मानसिक संतुलन के प्रति जागरूकता फैलाना।

(B) जिम्मेदार विभाग एवं सहयोगी एजेंसियाँ (Responsible Departments -Agencies):–

तालिका–5.27

विभाग/एजेंसी	भूमिका /कार्य
मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO)	स्वास्थ्य सेवाओं की समन्वय एवं निगरानी
जिला अस्पताल / CHC / PHC	प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा दलों की तैनाती, दवा वितरण
SDRF / NDRF / रेडक्रॉस सोसाइटी	प्राथमिक उपचार, बचाव दलों के लिए मेडिकल सहायता
आयुष विभाग	वैकल्पिक औषधि एवं मानसिक स्वास्थ्य परामर्श
नगर निकाय / जल संस्थान	स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था
एनजीओ / स्वयंसेवी संगठन	जनजागरूकता, राहत सामग्री वितरण एवं सहयोगी चिकित्सा सहायता

(C) प्रमुख कार्यवाही (Major Actions):–

1. **चिकित्सा दलों की तैनातीरू**
   - प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सक, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट भेजी जाए।
   - 24×7 कार्यरत आपातकालीन चिकित्सा सहायता टीम गठित हो।
2. **आपातकालीन शिविर की स्थापनारू**
   - सुरक्षित एवं सुलभ स्थान पर अस्थायी स्वास्थ्य शिविर स्थापित किए जाएँ।
   - प्रत्येक शिविर में प्राथमिक उपचार किट, दवा भंडार, पेयजल एवं स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था हो।
3. **औषधि एवं उपकरण प्रबंधनरू**
   - एम्बुलेंस, स्ट्रेचर, ऑक्सीजन सिलेंडर, प्राथमिक उपचार सामग्री एवं रक्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
   - दवाओं का स्टॉक जिला औषधि भंडार में पूर्व से रखा जाए।
4. **रोग नियंत्रण एवं स्वच्छतारू**
   - जलजनित और संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु क्लोरीन टैबलेट वितरण।
   - प्रभावित क्षेत्र में कीटनाशक छिड़काव एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।
5. **मानसिक स्वास्थ्य सहायता (Psychosocial Support):**
   - आपदा से प्रभावित परिवारों को काउंसलिंग, तनाव प्रबंधन और सहायता सेवा उपलब्ध कराई जाए।
   - महिला एवं बाल कल्याण विभाग के सहयोग से विशेष सहायता केंद्र स्थापित हों।
6. **रोग निगरानी प्रणाली (Disease Surveillance):**

- IDSP (Integrated Disease Surveillance Program) के अंतर्गत बीमारियों की रिपोर्टिंग प्रणाली सक्रिय की जाए।
- किसी भी संक्रामक रोग की जानकारी तत्काल DEOC को भेजी जाए।

7. स्वास्थ्य शिविर का प्रलेखन:

- प्रत्येक शिविर का नाम, स्थान, अवधि, चिकित्सक दल, मरीजों की संख्या, उपचार प्रकार आदि का विवरण दैनिक रिपोर्ट में दर्ज किया जाए।
- समस्त डेटा DEOC को भेजा जाए और राज्य स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा किया जाए।

8. जनजागरूकता गतिविधियाँ:

- समुदाय को स्वच्छता, जल शुद्धिकरण, पोषण एवं रोग–निवारण के प्रति शिक्षित किया जाए।
- स्थानीय आँगनबाड़ी, आशा एवं ANM कार्यकर्ताओं को सामुदायिक शिक्षा में शामिल किया जाए।

(D) आवश्यक संसाधन (Required Resources):–

- एम्बुलेंस एवं मोबाइल मेडिकल वैन
- आवश्यक दवाइयाँ, वैक्सीन, क्लोरीन टैबलेट
- प्राथमिक उपचार किट एवं फर्स्ट–एड बॉक्स
- चिकित्सक, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ
- जनरेटर, टेंट, प्रकाश व्यवस्था
- भोजन एवं पेयजल की सुविधा

(E) निगरानी एवं रिपोर्टिंग (Monitoring–Reporting):–

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन शिविर की स्थिति रिपोर्ट तैयार कर DEOC को भेजी जाएगी।
- जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा शिविरों का फील्ड निरीक्षण किया जाएगा।
- सभी रिपोर्ट राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष (SEOC) को अग्रेषित की जाएँगी।

5.20 प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली आपातकालीन अलर्ट सिस्टम, सायरन, सैटेलाईट फोन हेल्पलाइन और इमरजेंसी नंबर)

आपदा की स्थिति में सूचना का त्वरित संचार ही प्रभावी राहत एवं बचाव कार्यों की कुंजी होता है। सूचना के संप्रेषण में विलंब होने पर हानि की मात्रा कई गुना बढ़ सकती है। इस कारण जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न संचार माध्यमों को एकीकृत कर "प्रारंभिक चेतावनी एवं आपात संचार प्रणाली (Emergency Alert System)" विकसित की गई है, जिससे समय रहते जनसमुदाय, विभागों एवं राहत बलों तक सूचना पहुँच सके।

(I) उद्देश्य (Objectives):–

1. आपदा संभावित क्षेत्रों में समयपूर्व चेतावनी (Early Warning) प्रदान करना।
2. संचार प्रणाली के माध्यम से विभागों, पुलिस, स्वास्थ्य, फायर एवं SDRF/NDRF तक तत्काल सूचना पहुँचाना।
3. दूरस्थ/पर्वतीय क्षेत्रों में वैकल्पिक संचार व्यवस्था (Satellite / VHF) सक्रिय रखना।
4. आपदा के दौरान जनता को हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराना।
5. राज्य एवं राष्ट्रीय आपात सूचना तंत्र के साथ डेटा एकीकरण (Integration) सुनिश्चित करना।

5.21 विकलांग व्यक्तियों के लिए तैयारी और निकासी

आपदा के समय दिव्यांगजन सबसे अधिक संवेदनशील वर्गों में आते हैं। अतः उनके लिए विशेष तैयारी, सहायता तंत्र एवं पुनर्वास की व्यवस्थाएँ जिला आपदा प्रबंधन योजना का अभिन्न अंग हैं। जनपद टिहरी गढ़वाल में इस दिशा में निम्नलिखित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं –

डेटा बेस का संकलन:

- प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर दिव्यांग व्यक्तियों की पहचान एवं उनकी श्रेणीवार (दृ ष्टि, श्रवण, शारीरिक, मानसिक आदि) सूची तैयार की गई है।
- यह जानकारी DEOC और तहसील आपदा प्रबंधन कार्यालय में अद्यतन रखी जाती है।

सामुदायिक जागरूकता एवं प्रशिक्षण:

- दिव्यांग व्यक्तियों एवं उनके परिजनों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार एवं संचार साधनों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाता है।
- Apda Mitra ,oa Anganwadi/ASHAकार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है कि वे आपदा के दौरान दिव्यांगजनों की सहायता कर सकें।

निकासी एवं राहत केंद्रों में विशेष व्यवस्था:

- राहत शिविरों में रैम्प, रेलिंग, व्हीलचेयर, ब्रेल संकेतक एवं श्रवण सहायता उपकरण की व्यवस्था की जाती है।
- शौचालय एवं विश्राम स्थल दिव्यांगजनों की सुविधा के अनुसार बनाए जाते हैं।
- पूर्व चेतावनी संचार व्यवस्था (Early Warning Accessibility):
- SMS, कॉल अलर्ट, लाउडस्पीकर एवं स्थानीय स्वयंसेवकों के माध्यम से सुलभ संचार व्यवस्था की जाती है ताकि दिव्यांगजनों तक जानकारी समय पर पहुँचे।

मानसिक एवं सामाजिक सहयोग:

- आपदा के बाद दिव्यांगजनों को परामर्श (Counselling) एवं सामुदायिक समर्थन कार्यक्रमों के माध्यम से मानसिक सहारा दिया जाता है।
- सहायक उपकरणों की आपूर्ति–
- जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी आदि उपकरण पुनः उपलब्ध कराए जाते हैं।

रोजगार एवं पुनर्स्थापन:

- पुनर्वास के चरण में दिव्यांगजनों को कौशल प्रशिक्षण (Skill Development) एवं स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ा जाता है।

स्थायी पुनर्वास:

- आवासीय पुनर्वास योजनाओं में दिव्यांग परिवारों को प्राथमिकता दी जाती है।
- ग्राम स्तर पर "सुलभ आपदा प्रबंधन समिति" का गठन किया गया है ताकि उनकी सुरक्षा और पुनर्स्थापन सुनिश्चित हो सके।

संलग्न विभाग / संस्थाएँ (Associated Departments–Agencies):

तालिका–5.28

क्र	विभाग / संस्था	उत्तरदायित्व
1	समाज कल्याण विभाग	दिव्यांगजनों की पहचान, सहायता उपकरण वितरण
2	जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA)	राहत एवं पुनर्वास समन्वय
3	स्वास्थ्य विभाग	चिकित्सा सहायता एवं फिजियोथेरेपी
4	शिक्षा विभाग / Samagra Shiksha	विशेष विद्यालय एवं मनोवैज्ञानिक सहायता
5	NGOs / CBOs	सामुदायिक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम

- ASHA ,व Apda Mitra Volunteers के माध्यम से door–to–door sensitization
- Accessible Emergency Shelters की पहचान एवं सुधार।
- Mock Drills में दिव्यांगजनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

5.22 अन्य एजेंसियों से सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया–

आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन को त्वरित राहत, बचाव एवं पुनर्वास कार्यों के लिए विभिन्न राज्य, केंद्र, सैन्य एवं गैर–सरकारी एजेंसियों से सहयोग प्राप्त करना आवश्यक होता है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य राहत कार्यों में समन्वय, पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित करना है।

•स्थिति का आकलन (Situation Assessment):

• आपदा घटित होते ही DEOC (District Emergency Operation Centre) से घटना की जानकारी संकलित की जाती है।

- क्षेत्रीय अधिकारी (SDM / Tehsildar / Incident Commander) द्वारा त्वरित प्रारंभिक रिपोर्ट (Initial Damage Report) तैयार की जाती है।
- **सहायता की आवश्यकता निर्धारण (Requirement Identification):**
- जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) द्वारा संसाधन की उपलब्धता व आवश्यकता का मूल्यांकन किया जाता है।
- आवश्यकता अनुसार बाहरी सहायता की श्रेणी (मानव संसाधन, उपकरण, चिकित्सा, संचार, परिवहन, इत्यादि) निर्धारित की जाती है।

तालिका–5.29

क्र	सहायता का प्रकार	संबंधित एजेंसी / विभाग	प्रक्रिया / माध्यम
1	राहत व बचाव बल (Rescue & Relief Forces)	SDRF / NDRF / सेना	DEOC से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SEOC) को औपचारिक अनुरोध
2	स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सहायता	स्वास्थ्य विभाग / रेडक्रॉस /NGOs	जिला चिकित्साधिकारी द्वारा अनुरोध पत्र जारी
3	संचार एवं तकनीकी सहायता	BSNL, NIC, Police Radio	जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा त्वरित समन्वय
4	भोजन, पानी एवं आवश्यक वस्तुएँ	खाद्य आपूर्ति विभाग / नागरिक आपूर्ति निगम	जिला आपूर्ति अधिकारी के माध्यम से
5	सड़क, पुल एवं बिजली बहाली कार्य	PWD, UJVNL, Jal Sansthan, Power Dept	संबंधित विभागों के माध्यम से पुनःस्थापन अनुरोध
6	स्वयंसेवी संस्थाएँ / NGOs	रेडक्रॉस, अपदा मित्र, NSS, NCC	समन्वय बैठक एवं क्म्ब् से निर्देशानुसार तैनाती

- DEOC टिहरी गढ़वाल सभी एजेंसियों के बीच मुख्य समन्वय केंद्र(Nodal Point) के रूप में कार्य करता है।
- SEOC, SDRF, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं NGOs के साथ 24×7 संपर्क व्यवस्था बनाए रखी जाती है।
- Incident Response System(IRS) के अंतर्गत Incident Commander द्वारा सभी अनुरोधों को अनुमोदित किया जाता है।
- राहत शिविरों एवं फील्ड यूनिट्स के माध्यम से प्राप्त सहायता की निगरानी, वितरण एवं रिपोर्टिंग की जाती है
- प्राप्त सहायता का लेखा–जोखा (Record Keeping) एवं प्रलेखन (Documentation) किया जाता है।
- सभी सहयोगी एजेंसियों को धन्यवाद पत्र एवं Feedback Reportप्रेषित की जाती है।
- उपयोग की गई सामग्रियों की ऑडिट एवं समीक्षा रिपोर्ट DDMA को सौंपी जाती है।
- अनुभव के आधार पर सहयोगी एजेंसियों का अद्यतन डाटाबेस तैयार किया जाता है।

प्रमुख सहयोगी एजेंसियाँ (Key Supporting Agencies):

तालिका–5.30

क्र	एजेंसी / संगठन	भूमिका
1	SDRF / NDRF /Army	राहत एवं बचाव कार्य
2	Health–Medical Department	प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सा प्रबंधन
3	PWD / Jal Sansthan / Electricity Dept-	आधारभूत संरचना की बहाली
4	Social Welfare / NGOs / Red Cross	राहत सामग्री वितरण
5	Apda Mitra Volunteers	सामुदायिक सहायता एवं सूचना संचार
6	SEOC / DDMA	नीति समन्वय एवं प्रशासनिक आदेश

- SEOCऔर DDMA के बीच रियल–टाइम डेटा साझा प्रणाली (Real-time Coordination) लागू।
- SDRF, NDRF, स्वास्थ्य विभाग और NGOs के साथ पूर्व–सहमति MOU व्यवस्था।
- हर वर्ष Mock Drill के माध्यम से Inter–Agency Coordination Mechanism का परीक्षण।

5.23– संचार तंत्र– (दूरसंचार सेवा, रेडियो और टेलीविजन इंटरनेट और सोशल मीडिया)

आपदा की स्थिति में सूचना का त्वरित और सटीक संप्रेषण सबसे महत्वपूर्ण तत्व होता है। संचार तंत्र (Communication Network) जिला आपदा प्रबंधन की रीढ़ के समान है, क्योंकि इसके माध्यम से राहत, बचाव, समन्वय और पूर्व चेतावनी (Early Warning) प्रणाली प्रभावी रूप से संचालित होती है।

मुख्य सेवा प्रदाता:

- जनपद में प्रमुख मोबाइल सेवा प्रदाता हैं BSNL, Jio, Airtel, VI आदि।
- दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में BSNL के टॉवर एवं VSAT आधारित संचार उपलब्ध हैं।
- आपात संचार नेटवर्क (Emergency Communication Network):
- जिला नियंत्रण कक्ष (DEOC) में Hotline–Dedicated Landline(01374–233433/234793/1077) उपलब्ध है।
- SEOC एवं राज्य सरकार से Video Conference Link स्थापित है।
- Critical Areas esa Wireless Set Communication के माध्यम से संपर्क बनाए रखा जाता है।

Satellite Communication(SATCOM):

जिलाधिकारी महोदय, डीईओसी टिहरी, उपजिलाधिकारी कार्यालय धनोल्टी, उपजिलाधिकारी कार्यालय घनसाली में 02, उपजिलाधिकारी कार्यालय नरेन्द्रनगर, तहसील कार्यालय बालगंगा, तहसील कार्यालय नैनबाग, तहसील कार्यालय जाखणीधार व पावकीदेवी जैसे क्षेत्रों में आपात स्थिति हेतु SATCOM Units (ISRO आधारित) की स्थापना की गई है।

- टिहरी गढ़वाल केंद्र द्वारा आपातकालीन सूचना एवं मौसम चेतावनी का प्रसारण किया जाता है।
- News Channels को DEOC द्वारा नियमित अपडेट भेजे जाते हैं।
- स्थानीय स्तर पर Community Radio Network(FM 90-8 MHz) का उपयोग जनजागरूकता एवं चेतावनी संदेशों के लिए किया जाता है।
- सभी प्रमुख Internet Service Providers(BSNL, Jio Fiber, Airtel) जनपद मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर सक्रिय हैं।
- District EOC Portal, DDMA Website एवं NIC Email Network से रिपोर्टिंग और डेटा साझाकरण किया जाता है।
- आपदा के समय GoogleForm /Online Incident Report System का प्रयोग किया जाता है।
- जनपद प्रशासन द्वारा आधिकारिक Social media के माध्यम से चेतावनी, राहत सूचना और आवश्यक अपडेट साझा किए जाते हैं।
- "Apda Mitra WhatsApp Groups",के माध्यम से ground–level information sharing किया जाता है।

प्रशिक्षण एवं प्रबन्धन (Training and Management):

- सभी संचार ऑपरेटरों, पुलिस वायरलेस कर्मियों एवं DEOC स्टाफ को समय–समय पर Communication Protocol–Message Logging का प्रशिक्षण दिया जाता है।
- Mock Drill के दौरान Two–Way Radio Communication–Mobile Backup Systems का परीक्षण किया जाता है।
- आपातकालीन स्थिति में वैकल्पिक संचार माध्यम का उपयोग किया जाता है।

आपदा के दौरान संचार का प्रयोग (Use of Communication During Disaster):

तालिका–5.30

संचार माध्यम	उपयोग / उद्देश्य	नियंत्रण केंद्र
मोबाइल नेटवर्क	सूचना प्रसारण एवं राहत समन्वय	DEOC, Police Control Room
रेडियो	जन–जागरूकता एवं चेतावनी	AIR / FM स्टेशन
टेलीविजन	राज्यस्तरीय अपडेट	News Channels
इंटरनेट	रिपोर्टिंग व डेटा साझा करना	NIC/DDMA Portal
सोशल मीडिया	त्वरित सूचना व सामुदायिक संवाद	DEOC / DM Office
सैटेलाइट फोन	नेटवर्क विफलता के समय आपात संचार	SEOC / DM Office
पुलिस वायरलेस	प्रशासनिक संचार	SP Office / DEOC

अधिकतम उपयोग (Best Practices):

- सभी तहसीलों में Backup Wireless Communication System कार्यरत।
- DEOC WhatsApp Broadcast System के माध्यम से सभी विभागों तक त्वरित सूचना पहुँचाना।
- Early Warning Message Format(EWMF) के तहत SMSAlerts का मानकीकरण।
- Community Radio Programmes द्वारा जनजागरूकता प्रसारण।

अध्याय 6

क्षमता विकास एंव प्रशिक्षण

(Capacity Building and training Measures)

6.1 प्रशिक्षण और क्षमत निर्माण दृष्टिकोण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य–

आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन, विभागीय अधिकारियों, स्थानीय निकायों तथा समुदाय को आपदाओं की रोकथाम, तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया एवं पुनर्वास संबंधी कार्यों में सक्षम बनाना है।इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक स्तर कृ जिला, विकासखण्ड और ग्राम—पर कार्यरत व्यक्ति को अपनी भूमिका, जिम्मेदारियाँ और आपदा के समय की प्राथमिक कार्यप्रणाली की पूर्ण जानकारी हो।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर विशेष बल दिया जाएगारू

1.आपदा प्रबंधन के सिद्धांतों एवं नीतियों की समझ
2.आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की प्रक्रिया (Response Mechanism)
3.प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव (Search and Rescue) प्रशिक्षण
4.आपदा के बाद पुनर्वास एवं राहत वितरण प्रक्रिया
5.जोखिम मूल्यांकन, चेतावनी प्रणाली, और संचार नेटवर्क की जानकारी
6.समुदाय की भागीदारी और जनजागरूकता का संवर्धन

प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार बनाई जाएगी कि यह न केवल सरकारी कर्मियों तक सीमित रहे, बल्कि विद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों, और Apda Mitra जैसे स्वयंसेवकों को भी सम्मिलित करे।

6.1.1 सरकारी अधिकारियों का प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण–

आपदा प्रबंधन में सरकारी अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसलिए प्रत्येक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन के सभी चरणों कृ तैयारी (Preparedness), प्रतिक्रिया (Response), पुनर्वास (Recovery) एवं शमन (Mitigation) में दक्ष बनाया जाना आवश्यक है। इस उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से विभागवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा:

1.आपदा प्रबंधन के सिद्धांत एवं कानूनी ढांचा–आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों की जानकारी।
2.आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली (Incident Response System – IRS) का अभ्यास एवं भूमिका निर्धारण।
3.विभागीय भूमिका एवं समन्वय तंत्र – आपदा की स्थिति में विभागों के बीच प्रभावी तालमेल।
4.जोखिम पहचान एवं न्यूनीकरण उपाय – विभागीय योजनाओं में जोखिम घटाने के उपायों का समावेश।
5.आपातकालीन संचार एवं सूचना प्रसार प्रणाली का संचालन।
6.राहत एवं पुनर्वास कार्यों का समन्वय – संसाधनों का प्रभावी उपयोग।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (USDMA), NIDM (National Institute of Disaster Management), एवं DDMA के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत जिला, विकासखण्ड और तहसील स्तर के सभी प्रमुख अधिकारी कृ जैसे SDM, BDO, SHO, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, विद्युत, राजस्व, वन, पशुपालन, और परिवहन विभागों के अधिकारी — शामिल किए जाएंगे। सभी प्रशिक्षित अधिकारियों का डेटाबेस जिला आपातकालीन संचालन केंद्र (DEOC) में संधारित किया जाएगा, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

6.1.2 सामुदायिक स्तर पर प्रशिक्षण और जन जागरूकता गतिविधियां–

आपदा प्रबंधन में समुदाय की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि किसी भी आपदा की स्थिति में सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाला समुदाय स्वयं होता है।इसलिए ग्राम स्तर पर लोगों की क्षमता बढ़ाने, जागरूकता फैलाने तथा स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग हेतु नियमित प्रशिक्षण और गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक को यह ज्ञान हो कि आपदा की स्थिति में क्या करना है, कहाँ संपर्क करना है, और अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करनी है। सामुदायिक स्तर पर निम्नलिखित प्रमुख प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता गतिविधियाँ की जाएँगी–

1. ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह (SHG), और Apda Mitra को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण।
2. विद्यालय स्तर पर छात्रों एवं शिक्षकों को "School Safety Programme" के अंतर्गत आपदा सुरक्षा अभ्यास (Mock Drill) का प्रशिक्षण।
3. समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन टीमों (CBDMT) का गठन एवं उनका सशक्तिकरण।

4. जनजागरूकता रैली, कार्यशाला, पोस्टर, पंपलेट एवं ग्राम सभाओं के माध्यम से सूचना प्रसार।
5. स्थानीय संसाधनों की सूची (Resource Mapping) तैयार करना — जैसे प्राथमिक उपचार किट, रस्सियाँ, ट्रॉली, पानी के स्रोत आदि।
6. आपातकालीन चेतावनी प्रणाली की जानकारी और उसका उपयोग सिखाना।
7. महिला एवं युवा समूहों को सशक्त बनाना ताकि वे आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इन सभी गतिविधियों की निगरानी संबंधित विकासखण्ड अधिकारी (BDO) द्वारा की जाएगी और रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) को प्रेषित की जाएगी।

6.2 प्रस्तावित क्षमता विकास एवं जन–जागरूकता हेतु वार्षिक कैलेंडर–

आपदा प्रबंधन में निरंतरता और तैयारियों को बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण एवं जन–जागरूकता कार्यक्रमों का वार्षिक कैलेंडर (Annual Calendar) तैयार किया जाएगा। इस कैलेंडर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर प्रत्येक विभाग, संस्था और समुदाय को वर्ष भर में नियमित रूप से प्रशिक्षण, अभ्यास (Mock Drill), और जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो।

यह कैलेंडर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) द्वारा सभी संबंधित विभागों, विद्यालयों, अस्पतालों, और स्थानीय निकायों के समन्वय से तैयार किया जाएगा।

आपदा प्रबंधन कार्यों में संलग्न जनपद स्तरीय अधिकारीयों का प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता विकास–

जनपद में आपदा प्रबंधन पूर्व–तैयारी, जोखिम न्यूनीकरण के कार्य, राहत एवं बचाव कार्य तथा आपदा पुनःस्थापन के कार्यों को संपन्न करने तथा जनपद आपदा प्रबंधन योजना को लागू करने में जनपद के आपदा प्रबंधन हितधारकों जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी, स्वयं सेवी संगठन आदि का प्रशिक्षण जिला, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया जायेगा। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नानुसार प्रस्तावित है–

जनपद में प्रशिक्षण कार्यक्रम वार्षिक कैलेंडर–

तालिका–6.1

क्र0सं0	विषय	प्रस्तावित स्थल	सम्मिलित होने वाले विभाग	अवधि	प्रस्तावित समय
बुनियादी प्रशिक्षणएवं कार्यशाला					
1	**आपदा प्रबंधन बुनियादी प्रशिक्षण**	जिला सभागार	जिला प्रशासन एवं केंद्र शासन के जिले में स्थित विभागों के नोडल अधिकारी एवं आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य	एक दिवसीय	सुविधानुसार
2	**आपदा प्रबंधन कार्यशाला**		स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि, व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि आदि		नवम्बर द्वितीय सप्ताह
3	**इमरजेंसी रेस्पोंस सिस्टम (IRS)**		जनपद IRS दल	दो दिवसीय	अप्रैल

विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम– **तालिका–6.2**

क्र0 सं0	विषय	प्रशिक्षण संचालित करने वाला विभाग	प्रस्तावित स्थल	सम्मिलित होने वाले विभाग	अवधि	प्रस्तावित समय
1	इमरजेंसी रेस्पोंस सिस्टम (IRS)	आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण।/ ब्लॉक आपदा प्रबंधन समिति	तहसील मुख्यालय	तहसील मुख्यालय IRS दल	दो दिवसीय	सुविधानुसार
2	बाढ़ खोज एवं बचाव तकनीक	एस0डी0आर0एफ0/आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण।	तहसील मुख्यालय	आपदा मित्र एंव स्थानीय खोज एवं बचाव दल	एक दिवसीय	सुविधानुसार
3	प्राथमिक उपचार	रेड क्रॉस/ आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण।	आपदा संभावित क्षेत्र	स्थानीय दल एवं वॉलंटियर	एक दिवसीय	सुविधानुसार
4	अग्नि दुर्घटना से बचाव	फॉयर सर्विस/वन विभाग।	जिला मुख्यालय	जिला होम गार्ड बल/नगर पालिक/ पुलिस विभाग/वन विभाग	एक दिवसीय	सुविधानुसार
5	भूकंप रोधी निर्माण तकनीक	लोक निर्माण विभाग	जिला मुख्यालय	भवन एवं ब्रिज निर्माण एजेंसी	दो दिवसीय	सुविधानुसार

प्रमुख बिंदु:

- कैलेंडर में निर्धारित सभी प्रशिक्षण और कार्यक्रमों की रिपोर्ट DDMA को भेजी जाएगी।
- प्रत्येक कार्यक्रम के बाद समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सीखे गए अनुभवों और सुधार के बिंदुओं को संकलित किया जाएगा।
- यह कैलेंडर हर वर्ष जनवरी माह में अद्यतन (update) किया जाएगा।

6.3 मॉक ड्रिल का आयोजन एवं आपेक्षित कार्यवाही एवं समीक्षा–

आपदा की स्थिति में त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया के लिए नियमित मॉक ड्रिल (Mock Drill) का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। मॉक ड्रिल से विभिन्न विभागों, संस्थाओं, और समुदायों की तैयारियों का परीक्षण होता है तथा उनकी प्रतिक्रिया क्षमता का मूल्यांकन किया जा सकता है।मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी संबंधित विभाग, स्कूल, अस्पताल, और स्थानीय संस्थाएँ अपनी भूमिका एवं जिम्मेदारियों को समय पर और प्रभावी ढंग से निभा सकें।

मॉकड्रिल हेतु अपेक्षित कार्यवाही एवं समीक्षा–जनपद के संभावित आपदाओं के परिप्रेक्ष्य में विभागों द्वारा की जाने वाली आपेक्षित कार्यवाही निम्ननुसार होगी।

तालिका–6.3

बाढ़			अग्नि दुर्घटना		
क्र0 सं0	दल	अपेक्षित कार्यवाही	क्र0 सं0	दल	अपेक्षित कार्यवाही
1	चेतावनी प्रसारण स्थानीय दल	जन सामान्य को उचित एवं प्रभावशाली रूप से चेतावनी प्रसारण का प्रदर्शन।	1	स्थानीय दल	100, 101 एवं 1077 पर सूचित करने का प्रदर्शन
2	चिकित्सा राहत स्ट्राइक टीम	चिकित्सा कैंप तथा इसमे आवश्यक उपचार, दवाई व अन्य सामाग्री का प्रदर्शन। घायलो का चिन्हिकरण, पंजीयनएवं चिकित्सीय परिवहन सहायता का प्रदर्शन।	2	वाटर सप्लाई टास्क फोर्स	फायर नियंत्रण हेतु जल की स्थानीय स्तर पर अबाधित आपूर्ती का प्रदर्शन।
3	सिविल डिफेन्स टास्क फोर्स	आपदाग्रस्त क्षेत्र मे काम कर रही सभी एजेंसियो के मध्य समन्वय स्थापित कर राहत, बचाव, मलबा हटाना, चिकित्सा आदि के स्थापन मे सहयोग का प्रदर्शन।	3	खोज एवं बचाव टास्क फोर्स	आपदा में फसें लोगों के सुरक्षित निष्क्रमण का प्रदर्शन

4	पशु चिकित्सा राहत स्ट्राइक टीम	आपदा क्षेत्र मे पशु चिकित्सा राहत हेतु मेडिकल जांच केंद्र, रिलीफ कैंप,पंजीयन,चिकित्सीय परिवहन सहायता एवं समुचित उपचार, दवाई आदि उपलब्ध कराने का प्रदर्शन।	4	चिकित्सा राहत व्यवस्था	प्रभावित लोगों को सही तकनीक का प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक चिकित्सा तथा गंभीर घायलों को एम्बुलेंस के द्वारा अस्पताल भेजने का प्रदर्शन
5	रोगी परिवहन व्यवस्था स्ट्राइक टीम	आपदा क्षेत्र मे घायलो एवं अति घायलो का नजदीक अस्पतालो, कैंपो एवं अन्य मुख्य चिकित्सीय संस्थानो तक परिवहन का प्रदर्शन।	5	पॉवर सप्लाई व्यवस्था स्ट्राइक फोर्स	पॉवर सप्लाई व्यवस्था बंद तथा चालू करने का प्रदर्शन

तालिका–6.4

भूकंप		
क्र0सं0	**दल**	**अपेक्षित कार्यवाही**
1	**चेतावनी प्रसारण तहसील स्तरीय स्थानीय दल**	भूकम्प के बाद आफ्टर शॉक संबन्धित चेतावनी प्रसारण का प्रदर्शन।
2	**खोज बचाव**	क्षतिग्रस्त भवनों मे फंसे लोगो चिंहांकन एवं खोज एवं बचाव ट्राइएज (घायलो की अवस्था के अनुसार वर्गीकरण) का प्रदर्शन घायलों के परिवहन की तकनीकी प्रदर्शन।
3	**आबादी निष्क्रमण**	आबादी को सुरक्षित स्थलो तक जाने हेतु प्रेरित एवं काउंसलिंग करने का प्रदर्शन।
4	**चिकित्सा प्रबंधन**	अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित करना एवं घायलो कात्वरित इलाज का प्रदर्शन। सीपीआर का प्रदर्शन। बेंडेजिंग की विधियाँ।
5	**अग्नि शमन**	अग्नि शमन का प्रदर्शन
6	**मलबा निष्कर्मण**	मलबा हटाने का प्रदर्शन
7	**कानून व्यवस्था**	कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशों का प्रदर्शन
8	**चेतावनी प्रसारण स्थानीय दल**	भूकम्प के बाद आफ्टर शॉक संबन्धित चेतावनी प्रसारण का प्रदर्शन।
9	**खोज बचाव**	क्षतिग्रस्त भवनों मे फंसे लोगो चिंहांकन एवं खोज एवं बचाव ट्राइएज (घायलो की अवस्था के अनुसार वर्गीकरण) का प्रदर्शन घायलों के परिवहन की तकनीकी प्रदर्शन।
10	**आबादी निष्क्रमण**	आबादी को सुरक्षित स्थलो तक जाने हेतु प्रेरित एवं काउंसलिंग करने का प्रदर्शन।

(क) मॉक ड्रिल के उद्देश्य:

1. जिला आपदा प्रबंधन योजना (DDMP) की प्रभावशीलता का परीक्षण करना।
2. विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों के बीच समन्वय और संचार तंत्र की समीक्षा करना।
3. स्थानीय स्तर पर संसाधनों, उपकरणों, और मानवबल की तत्परता का मूल्यांकन।
4. समुदाय को आपदा प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं से परिचित कराना।
5. अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए व्यावहारिक अनुभव (hands&on experience) प्रदान करना।

(ख) मॉक ड्रिल के आयोजन की प्रक्रिया:

1. पूर्व योजना (Pre-Planning):

- DDMA द्वारा वार्षिक ड्रिल कैलेंडर के अनुसार तिथि और स्थान निर्धारित किए जाएंगे।
- सभी संबंधित विभागों को पहले से सूचना दी जाएगी।
- ड्रिल से पहले जंइसम–जवच म•मतबपेम आयोजित की जाएगी ताकि सभी की भूमिकाएँ स्पष्ट हों।

2. ड्रिल का संचालन (Execution):

- ड्रिल निर्धारित परिदृश्य (जैसे भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, भूस्खलन आदि) के अनुसार की जाएगी।
- सभी संबंधित विभाग (पुलिस, स्वास्थ्य, फायर, SDRF, शिक्षा, राजस्व आदि) अपनी भूमिका निभाएंगे।
- समय, प्रतिक्रिया, संचार, और संसाधनों के उपयोग का परीक्षण किया जाएगा।

3. ड्रिल के बाद की कार्यवाही (Post-Drill Actions):

- सभी प्रतिभागी विभागों से प्रतिक्रिया रिपोर्ट (Feedback Report) प्राप्त की जाएगी।
- कमियों और सुधार की आवश्यकता वाले बिंदुओं की पहचान की जाएगी।
- एक समीक्षा बैठक (Evaluation Meeting) आयोजित की जाएगी।
- एक विस्तृत After Action Report (AAR) तैयार की जाएगी और DDMA को प्रेषित की जाएगी।

4. समीक्षा एवं अनुवर्ती कार्यवाही:

- समीक्षा के दौरान प्राप्त सुझावों को आगामी प्रशिक्षण एवं योजना निर्माण में सम्मिलित किया जाएगा।
- संबंधित विभागों को उनके सुधारात्मक कार्यों की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।
- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों और कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

6.4 जनपद में पूर्व में आयोजित विभिन्न मॉक अभ्यासों का विवरण–

जनपद में पूर्व में आयोजित विभिन्न मॉक अभ्यासों का विवरण–जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की बैठक निरन्तर की जाती जनपद में आई0आर0एस0 का गठन किया गया है तथा सम्बन्धित पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया गया है। विभागीय समन्वय के सम्बन्ध में जनपद स्तर पर समय–समय पर आपदा मॉक अभ्यास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है,

(मॉक अभ्यास सम्बन्धी तालिका)Annexure–5) में संलग्न है।)

जनपद में राज्य स्तरीय भूकम्प मॉक अभ्यास में प्राप्त सुझाव–

1. उपलब्ध संसाधनों की सूची तथा रख–रखाव अपडेट रखा जाना आवश्यक है।
2. आपदा के समय वाहनों को उचित स्थान पर पार्किंग करने की व्यवस्था चिन्हित किया जाना।
3. पुलिस वायरलेस सिस्टम में अलग–अलग चैनल आवंटित होने चाहिए।
4. इन्सीडेट कमाण्डर द्वारा की गयी मांग को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।
5. टास्क फोर्स के डिस्पेच में कम से कम समय लगना चाहिये।
6. राहत–बचाव कार्यो में पूर्व से प्राथमिकताओं का निर्धारण होना चाहिये।

भूकम्प मॉक अभ्यास से प्राप्त अनुभव–

1– जनपद में उपलब्ध संसाधनों की कार्यक्षमता, सुद्दृढिकरण तथा रख–रखाव का अनुभव तथा उक्त संसाधनों के सफल संचालन/उपयोग का अनुभव का प्राप्त होना।
2– सभी विभागों के बीच आपसी तालमेल बढा है एवं टीम भावना का विकास हुआ है।
3– भूकम्प के समय सफल राहत–बचाव हेतु भारत सरकार द्वारा प्रतिपादित इंसीडेन्ट रिस्पॉन्ससिस्टम (आई0आर0एस0) अनुरूप नामित अधिकारियों एवं समन्व्यक अधिकारियों को अपने कर्त्वयो का स्पष्ट ज्ञान होना।
4–आई0टी0बी0पी0 का मुख्य बल के रूप में कार्य किया जाना।

6.5 आपदा प्रबंधन कार्यों में संलग्न जनपद स्तरीय अधिकारीयों का प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता वृद्धि

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) टिहरी गढ़वाल द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों, कार्मिकों एवं सामुदायिक प्रतिनिधियों की क्षमता वृद्धि हेतु नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इन कार्यक्रमों का उद्देश्य अधिकारियों और स्थानीय समुदाय को आपदा पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया, राहत एवं पुनर्वास कार्यों में दक्ष बनाना तथा विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों में Incident Response System (IRS), Emergency Operation Centre (EOC) Management, GIS आधारित योजना निर्माण, अर्ली वार्निंग सिस्टम, तथा Community–Based DisasterManagement (CBDM) जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया है।वर्ष 2025 में "Community–Based Disaster Management (CBDM) Phase-II, प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हुआ है, जो वर्तमान में विकासखंड स्तर पर क्रमशः संचालित हो रहा है।
इस कार्यक्रम में विकासखंड अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियाँ, आशा बहुएँ, एवं अन्य स्थानीय कार्मिक सक्रिय रूप से प्रतिभाग कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्राम एवं समुदाय स्तर पर आपदा प्रबंधन की प्राथमिक क्षमता (First Response Capacity) को सशक्त बनाना तथा स्थानीय जनजागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ावा देना है।

(क) प्रशिक्षणों से प्राप्त प्रमुख लाभ (Major Outcomes):

1. अधिकारियों एवं सामुदायिक प्रतिनिधियों की आपदा प्रबंधन दक्षता में निरंतर सुधार।
2. आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और आशा बहुओं की सहभागिता से समुदाय स्तर पर जागरूकता और तैयारी में वृद्धि।
3. विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर स्थानीय संसाधनों के उपयोग की समझ में सुधार।
4. प्रशिक्षण के परिणामों को ग्राम आपदा प्रबंधन योजनाओं में सम्मिलित करने की प्रक्रिया जारी।
5. आपदा पूर्व चेतावनी एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली के लिए स्थानीय समन्वय नेटवर्क मजबूत हुआ।

6.6 जनपद में राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास में से प्राप्त अनुभव प्राप्त सुझाव–

जिला टिहरी गढ़वाल में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (USDMA) द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मॉक ड्रिलों में सक्रिय भागीदारी की गई है। इन अभ्यासों का उद्देश्य आपदा की वास्तविक स्थिति में जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, SDRF, NDRF, अग्निशमन, एवं अन्य विभागों के बीच समन्वय एवं तत्परता की जाँच करना रहा। इन मॉक ड्रिलों से अनेक महत्वपूर्ण व्यवहारिक अनुभव (Practical Learnings) प्राप्त हुए, जिन्होंने जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं (DDMP) को सुदृढ़ करने में सहायक भूमिका निभाई है।

(ख) मॉक ड्रिल से प्राप्त प्रमुख अनुभव (Major Learnings):

1. इन्सिडेंट कमांड सिस्टम (ICS) की भूमिका स्पष्ट हुई और विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियाँ व्यावहारिक रूप से समझ में आईं।
2. विभागीय संचार चौनलों (Wireless, WhatsApp, VHF, Ham Radio) की उपयोगिता का मूल्यांकन किया गया।
3. फील्ड स्तर पर Search–Rescueटीमों की तैनाती समय में सुधार हुआ।
4. स्थानीय प्रशासन एवं समुदाय के मध्य बेहतर समन्वय विकसित हुआ।
5. स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपात चिकित्सा प्रतिक्रिया प्रणाली में सुधार हेतु SOPपुनर्परिभाषित की गई।
6. ग्राम स्तर पर चेतावनी प्रसारण एवं निकासी अभ्यासों को नियमित रूप से करने की आवश्यकता पहचानी गई।

(ग) सुझाव (Recommendations):

1. सभी विभागों के लिए अर्धवार्षिक मॉक ड्रिल (Bi-Annual Mock Drills) अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएँ।
2. प्रत्येक मॉक ड्रिल के पश्चात After Action Report (AAR) तैयार कर DDMA को प्रस्तुत की जाए।
3. ग्राम स्तर पर Community Mock Drillsका आयोजन कर जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।
4. मॉक ड्रिल के दौरान पाई गई कमियों को विभागीय Preparedness Plansमें सम्मिलित किया जाए।
5. SDRFऔर NDRF द्वारा स्थानीय कर्मियों कोSearch, Rescue व Evacuation तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए।

अध्याय–7

प्रतिक्रिया एंव राहत उपाय (Response and Relief Measures)

7.1 राहत, बचाव एवं प्रतिक्रिया कार्यों के मुख्य उद्देश्य–

आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन का प्रमुख उद्देश्य प्रभावित जनजीवन की सुरक्षा, हानि की न्यूनता तथा सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करना है।प्रतिक्रिया एवं राहत कार्यों के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं –

- आपदा की स्थिति में त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना।
- जीवन, संपत्ति एवं पर्यावरण की सुरक्षा करना।
- प्रभावित जनसंख्या को तात्कालिक राहत एवं आवश्यक सहायता प्रदान करना।
- सभी विभागों एवं एजेंसियों के बीच समुचित समन्वय स्थापित करना।
- आवश्यक सेवाओं (बिजली, जल, संचार, परिवहन, स्वास्थ्य आदि) की शीघ्र पुनर्बहाली सुनिश्चित करना।

7.2 प्रतिक्रिया योजना (बहु–आपदा प्रबंधन), तैयारी और त्वरित मूल्यांकन (Quick Assessment of Damages and Needs)

आपदा के तुरंत उपरांत जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभिक आकलन दल (Rapid Assessment Teams) गठित किए जाते हैं, जो प्रभावित क्षेत्रों में जाकर –

- जनहानि एवं पशुहानि,
- बुनियादी ढाँचों (सड़क, पुल, जलापूर्ति, विद्युत आदि) की क्षति,
- राहत एवं पुनर्वास की तात्कालिक आवश्यकताओं का आकलन करते हैं।
- संग्रहित सूचना को एकीकृत प्रारूप में संकलित कर जिला आपात संचालन केंद्र (EOC) को प्रेषित किया जाता है।

7.2.1 क्षति और आवश्यकताओं का त्वरित मूल्यांकन (Quick Assessment of Damages and Needs)

7.2.2 प्रतिक्रिया प्रवाह चार्ट (Response Flow Chart)– प्रतिक्रिया प्रक्रिया का प्रवाह चार्ट पूर्व निर्धारित SOPके अनुसार तैयार किया जाता है, जिसमें चेतावनी प्राप्ति से लेकर राहत वितरण तक की समस्त क्रियाओं की जिम्मेदारियाँ स्पष्ट रूप से अंकित रहती हैं।

प्रतिक्रिया प्रवाह चार्ट (Response Flow Chart):

आपदा घटित होना (Disaster Occurrence)

↓

सूचना प्राप्ति (Information Received)
ग्राम स्तर / वार्ड स्तर / संस्थान / नागरिक द्वारा

↓

त्वरित सूचना संप्रेषण (Immediate Information Transmission)
तहसील स्तर पर राजस्व उपनिरीक्षक / पटवारी / थाना / बीट अधिकारी द्वारा

↓

तहसील आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (TDMA)
घटना की पुष्टि एवं प्राथमिक आंकलन
प्रारंभिक राहत टीम की तैनाती

↓

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA)
जिलाधिकारी को रिपोर्ट
संबंधित विभागों को सतर्क किया जाता है

↓

आपातकालीन संचालन केंद्र (EOC) सक्रिय

Incident Commanderनियुक्त
नियंत्रण एवं समन्वय तंत्र सक्रिय

⬇

विभागीय प्रतिक्रिया (Departmental Response)
स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशमन, PWD, Jal Sansthan, विद्युत विभाग आदि

⬇

राहत, बचाव एवं चिकित्सा कार्य प्रारंभ
NDRF / SDRF / QRTटीमों की तैनाती

⬇

त्वरित मूल्यांकन एवं रिपोर्टिंग
क्षति आंकलन, राहत आवश्यकताएँ

⬇

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) को सूचना
यदि स्थिति जिला सीमा से अधिक हो

7.1.3 चेतावनी और सतर्कता (Warning and Alert)– आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है।जनपद में संभावित आपदाओं के तत्पर प्रतिक्रिया तथा राहत एवं बचाव कार्यों को योजना अनुसार सुनिश्चित करने हेतु जिला प्राधिकरण द्वारा ढॉचागत व्यवस्था सुदृढ किया जाएगा। जिसके तहत आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 की धारा 37 (A) में दिये गये प्राविधान के अनुसार आपदा न्यूनीकरण, तैयारी एवं प्रतिक्रिया के दृष्टिगत आपदा प्रबन्धन की योजना बनायी गयी है। आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 की धारा 22 (2), 30 एवं 34 में आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित विभिन्न कर्तव्यों को विभागों/संस्थाओं द्वारा निष्पादित करने के प्रविधान है। संस्थागत व्यवस्था की रूपरेखा के अनुसार जनपद में आपताकालीन परिचालन केन्द्र भारतीय मौसम विभाग, उत्तराखण्ड जल विधुत निगम, एवं सी0डब्लू0सी0 से जानकारी प्राप्त कर चेतावनी प्रसार करेगा।

मौसम विभाग द्वारा मौसम सम्बन्धी पूर्वानुमान प्रातः 10:00 बजे दिन में 1:00 बजे सांय 5:00 बजे ईमेल के माध्यम से प्रसारित किया जाता है। जिसे जिला स्तर पर बल्क एस0एम0एस0, पुलिस वायरलेस सेट, फोन, ई–मेल, तथा अधिकारियों एवं मीडिया के वट्सएप के द्वारा प्रचारित किया जाता है।



- मौसम विभाग, CWC, IMD, NIDM तथा SDRF से प्राप्त सूचनाएँ तत्काल संबंधित विभागों एवं समुदायों तक प्रेषित की जाती हैं।
- ग्राम स्तर तक चेतावनी प्रसारण हेतु SMS, सोशल मीडिया का उपयोग किया जाता है।
- चेतावनी प्राप्त होने के पश्चात निगरानी दल एवं आपदा प्रतिक्रिया बलों को अलर्ट मोड पर रखा जाता है।

7.1.4 जिला संकट प्रबंधन समूह (CMG) की बैठक

आपदा या चेतावनी की स्थिति में जिला संकट प्रबंधन समूह (DCMG) की आपात बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की जाती है। इस समूह का दायित्व राहत, बचाव एवं संसाधन वितरण की समन्वित रणनीति बनाना होता है। सभी प्रमुख विभागों के नोडल अधिकारी इस बैठक में भाग लेते हैं, तथा निर्णयों का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हैं।

7.1.5 आपातकालीन संचालन केंद्र (EOC) का सक्रियकरण– आपदा की स्थिति में जिला आपात संचालन केंद्र (EOC) को 24×7 संचालन हेतु सक्रिय किया जाता है। EOC सूचना के आदान–प्रदान, स्थिति मूल्यांकन, विभागीय समन्वय, मीडिया प्रबंधन एवं राहत कार्यों की प्रगति की निगरानी का केंद्रीय बिंदु होता है। यह केंद्र जिला नियंत्रण कक्षों, तहसीलों, ब्लॉकों एवं राज्य EOC के साथ समन्वय बनाए रखता है।

7.1.6 संसाधनों का संचालन (Resource Mobilization)– आपदा की स्थिति में सभी विभागों के उपलब्ध संसाधनों (वाहन, मानव संसाधन, उपकरण, राहत सामग्री, चिकित्सा दल आदि) को शीघ्र संचालित किया जाता है।

- जिला प्रशासन प्रत्येक विभाग से अद्यतन संसाधन सूची (Resource Inventory)प्राप्त करता है।
- SDRF, NDRF एवं अन्य एजेंसियों की सहायता आवश्यकतानुसार प्राप्त की जाती है।
- सभी राहत सामग्री का भंडारण एवं वितरण पूर्व निर्धारित लॉजिस्टिक प्लान के अनुसार किया जाता है।

7.1.7 बाहरी सहायता प्राप्त करना (Seeking External Help for Assistance)

भारी आपदाओं की स्थिति में राज्य मुख्यालय, सेना, अर्धसैनिक बल, NDRF, NGOs एवं अन्य सहायता एजेंसियों से सहयोग प्राप्त किया जाता है।बाहरी सहायता के समन्वय हेतु एक समर्पित नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

7.1.8 प्रभावित जनसंख्या की मानसिक और सामाजिक देखभाल (Psycho -Social Care of Affected Population)– आपदा से प्रभावित लोगों को मानसिक, सामाजिक एवं सामुदायिक सहयोग प्रदान करना राहत प्रक्रिया का अभिन्न अंग है।

- प्रशिक्षित काउंसलर, समाजसेवी संस्थाएँ एवं स्वयंसेवी संगठन इस कार्य में सम्मिलित किए जाते हैं।
- महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों के लिए विशेष परामर्श एवं पुनर्वास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

7.1.9 प्रारंभिक मूल्यांकन रिपोर्ट (First Assessment Report)

आपदा की घटना के 24 से 48 घंटों के भीतर प्रारंभिक मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार कर DDMA को प्रस्तुत की जाती है। इस रिपोर्ट में जनहानि, क्षति, राहत आवश्यकताएँ, तथा प्रारंभिक अनुशंसाएँ सम्मिलित होती हैं।

7.1.10 मीडिया प्रबंधन/समन्वय/सूचना प्रसार (Media Management/Coordination/Information Dissemination)

- मीडिया के माध्यम से केवल सत्यापित और प्रमाणित सूचनाएँ प्रसारित की जाती हैं।
- जिला सूचना अधिकारी मीडिया समन्वयक के रूप में कार्य करता है।
- गलत सूचनाओं एवं अफवाहों को रोकने हेतु त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली अपनाई जाती है।
- सोशल मीडिया पर क्कड। के अधिकृत हैंडल से नियमित अपडेट जारी किए जाते हैं।

7.1.11 एसओपी (SOPs) का विकास– प्रत्येक विभाग अपनी कार्यदृभूमिका के अनुरूप SOP तैयार करता है, जिसमें आपदादृपूर्व, दौरान एवं पश्चात की कार्यवाहियाँ स्पष्ट रूप से निर्धारित होती हैं।इन SOPsका वार्षिक अद्यतन अनिवार्य है।

7.1.12 रिपोर्टिंग (Reporting)

- राहत एवं प्रतिक्रिया कार्यों की दैनिक स्थिति रिपोर्ट (SITREP) संबंधित प्राधिकरण को भेजी जाती है।
- सभी विभाग अपने–अपने नियंत्रण कक्षों से DDMA को नियमित अपडेट प्रदान करते हैं।

7.3 आपदाओं के स्तर– आपदाओं को उनकी गंभीरता, प्रभावित क्षेत्र एवं संसाधनों की आवश्यकता के अनुसार तीन स्तरों में वर्गीकृत किया गया है –

•स्तर–I (स्थानीय स्तर की आपदा): स्थानीय संसाधनों से नियंत्रित।
• स्तर–II (जिला स्तर की आपदा): जिला स्तर पर बहु–विभागीय प्रतिक्रिया आवश्यक।
• स्तर–III (राज्य / राष्ट्रीय स्तर की आपदा): राज्य अथवा राष्ट्रीय संसाधनों की आवश्यकता।

7.4 जिम्मेदारी मैट्रिक्स (Responsbility Matrix)का विकास

7.4.1 खतरों (Hazards) के अनुसार आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यों के लि, जिम्मेदारी मैट्रिक्स– भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, अग्निकांड, सड़क दुर्घटना आदि प्रमुख खतरों के लिए विभागवार जिम्मेदारियाँ निर्धारित की जाती हैं।

7.4.2 त्वरित आने वाली आपदाओं के लिए जिम्मेदारी मैट्रिक्स (Responsibility Matrix)जहां पूर्व चेतावनी उपलब्ध नहीं होती– ऐसी आपदाएँ जिनकी पूर्व चेतावनी उपलब्ध नहीं होती (जैसे भूकंप), उनके लिए विभागों को तत्काल प्रतिक्रिया हेतु सशक्त किया गया है।

7.5 आपदा के विभिन्न स्तरों में राहत एवं बचाव तथा प्रतिक्रिया कार्यों के दायित्व

तालिका–7.1

क्रम	कार्य	प्रमुख उत्तरदायी विभाग / एजेंसी
1	पूर्व चेतावनी मिलने पर कार्यवाही	DDMA, पुलिस, राजस्व, SDRF
2	आपदा प्रतिवादन का सक्रियकरण	जिलाधिकारी, EOC
3	राहत शिविर स्थापना एवं प्रबंधन	राजस्व, आपदा प्रबंधन, पंचायत विभाग
4	खोज एवं बचाव कार्य	पुलिस, SDRF, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग
5	चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार	CMO, स्वास्थ्य विभाग
6	राहत सामग्री वितरण	जिला आपूर्ति अधिकारी, BDO
7	क्षति आंकलन	राजस्व, PWD, विद्युत, जल संस्थान
8	अनुश्रवण एवं रिपोर्टिंग	DDMA, सूचना विभाग
9	पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास	CDO, PWD, ग्रामीण विकास विभाग

7.6 जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अन्तर्गत Incident Response System(IRS) में नामित अधिकारियों का विवरण

तालिका–7.2

क्रम	अधिकारी का नाम	पदनाम	भूमिका / जिम्मेदारी
1	जिलाधिकारी	अध्यक्ष, DDMA	समग्र नियंत्रण एवं निर्देशन
2	मुख्य विकास अधिकारी	सदस्य	राहत एवं पुनर्वास कार्यों की निगरानी
3	पुलिस अधीक्षक	सदस्य	कानून एवं व्यवस्था, यातायात नियंत्रण
4	मुख्य चिकित्सा अधिकारी	सदस्य	स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएँ
5	अधिशासी अभियंता (जल संस्थान)	सदस्य	पेयजल आपूर्ति बहाली
6	अधिशासी अभियंता (विद्युत)	सदस्य	विद्युत आपूर्ति बहाली
7	जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी	सदस्य सचिव	समन्वय, रिपोर्टिंग एवं संसाधन प्रबंधन

7.7 तहसील आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अन्तर्गत Incident Response System (IRS)में नामित अधिकारियों का विवरण

तालिका–7.3

क्रम	अधिकारी का नाम	पदनाम	भूमिका / जिम्मेदारी
1	उप जिलाधिकारी	अध्यक्ष, TDMA	तहसील स्तर पर नियंत्रण एवं समन्वय
2	तहसीलदार	सदस्य	राहत वितरण एवं राजस्व आकलन
3	खंड विकास अधिकारी	सदस्य	ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय
4	प्रभारी चिकित्सा अधिकारी	सदस्य	प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ
5	थाना प्रभारी	सदस्य	सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था
6	आपदा प्रबंधन सहायक	सदस्य सचिव	दैनिक रिपोर्टिंग एवं फील्ड समन्वय

Incident Response System (IRS)में नामित अधिकारियों का विवरण) Annexure–7) में संलग्न है।

S.no	IRS Position	Designation of Officers	Name Of Officer	Mob. Number	Landline Number	Fax Number
1	Responsible Officer(RO) DM	DM	Smt. Nitika Khandelwal	9412078080	01376-232092 (O) 01376-232040 (R)	01376-232233
2	Incident Commander (IC) CDO	CDO	Smt. Varuna Agarwal	9412018088	01376-232603	01376-232162
3	Deputy Incident Commander(DIC) SSP/SP	SSP/SP	Mr. Ayush Agrawal	9411114544	01376-232162(O) 01376-232399(R)	-
4	Information & Media Officer(IMO)	DIO Information	Smt. Dravinita Sharma	7060154005	01376-232053	-
5	Liaison Officer (LO) DDO & DDMO	DDO	Mr. Mohammad Aslam	9411167370	01376-233907	-
		DDMO	Mr. Brijesh Bhatt	9411399080	01376-234793	
6	Safety Office(SO) SDM & Chief Fire Officer(supported by MNA Nagarnigam / EO Nagarpalika and Health deptt)	SDM	Mr. Snehil Kuwar	9258253007	01376-232520	-
		Chief Fire Officer	Mr. Sanjeeva Kumar	9690136666	01379-254052	-
7	Nodal Officer, Air Operation (NO) ADM (supported by SE PWD & DDMO)	ADM	Mr. Awadesh Kumar Singh	9456141333	01376-233992	-
8	Operation Section Chief (OSC) SSP/SP	SSP/SP	Mr. Ayush Agrawal	9411114544	01376-232162(O) 01376-232399(R)	-
9	Planning Section Chief (PSC) CDO supported by- (DDO)	CDO	Smt. Varuna Agarwal	9412018088	01376-232603	01376-232162
10	Logistic Section Chief (LSC) ADM (supported by Superintendent Engineer(SE) PWD District administration)	ADM	Mr. Awadesh Kumar Singh	9456141333	01376-233992	-

11	**Staging Area Manager(SAM)** **(SDM)** (supported by Deputy Superintendent of Police (DySP) HQ, Deputy Chief Medical Officer (Dy CMO), Deputy Chief Veterinary Officer (Dy CVO), District Supply Officer)	SDM	Mr. Snehil Kuwar	9258253007	01376-232520	-
12	**Rescue & Response Branch Director (RRBD)** **SDM** (supported by Wireless Officer/ Fire and Emergency Services/ Forest/Health and Family Welfare/SDRF/Red Cross/ Bharat Scout Guide/ Aapda Mitra/NCC/NSS)	SDM	Mr. Snehil Kuwar	9258253007	01376-232520	-
13	**Transport Branch (Road, Rail.Water & Air Unit)** **Director(TBD)** **RTO** (supported by ARTO Admin)	RTO	Mr. Satender Raj	9412153269	01376-233623	-
14	**Situation Unit Leader (SUL)** **DDO** (supported by DPRO and in charge of local body)	DDO	Mr. Mohammad Aslam	9411167370	01376-233907	-
15	**Resource Unit Leader (RUL)** **DO PRD & DC Homeguard** (supported by DDMO)	DO, PRD	Mr. Pankaj Tiwari	8384831727	01376-234104	-
		DC, HG	Mr. Chandrakant Bisht	9412127922	01378-227270	-
16	**Documentation Unit Leader (DUL)** **DSTO** (supported by DDMO/ GIS analyst)	DSTO	Smt. Sakshi Sharma	8439352335	01376-232070	-
17	**Demobilization Unit Leader(DeUL)** **DPRO**	DPRO	Mr. M.M Khan	9412028718	01378-227263	-

18	**Service Branch Director (SBD)** **DSO** (supported by PWD)	DSO	Mr. Manoj Dobhal	9568336947	01376-232160	-
19	**Communication Unit Leader (CUL)**	DIO-NIC	Smt. Kusum	8295031139	01376-232053	-
		DGM BSNL	Mr. Anil Kumar	9418043666	01376-234004	-
		Radio Officer	Mr. Jitender Bhandari	9411331667	01376-232224	-
		Fire Officer	Mr. Shankar Chand Ramola	8279964730	01376-233611	-
20	**Medical Unit Leader (MUL)** **CMO/CVO**	CMO	Dr. Shyam Vijay	7302256201	01376-232093	-
		CVO	Mr. D.K Sharma	9412995823	01378-227296	-
21	**Food Unit Leader(FUL)** **DSO**	DSO	Mr. Manoj Dobhal	9568336947	01376-232160	-
22	**Support Branch Director (SuBD)** **Chief Education Officer**(supported by DPO-ICDS)	CEO	Mr. V.P. Singh	9412139508	01378-227244	-
23	**Resource Provisioning** **Unit Leader (RPUL)** **EE, PWD** (supported by GIS analyst)	EE-PWD	Mr. Yogesh Kumar	8171972219	01376-233312	-
24	**Facilities Unit Leader(FaUL)** **EE, PWD** (supported by GIS analyst)	EE-PWD	Mr. Yogesh Kumar	8171972219	01376-233312	-
25	**Ground Support Unit Leader(GSUL)** **ARTO/DSO**	ARTO	Mr. Satender Raj	9412153269	01376-233623	-
		DSO	Mr. Manoj Dobhal	9568336947	01376-232160	-
26	**Finance Branch Director (FBD) STO**	STO	Mr. Manoj Pandey	9873480716	01376-232237	
27	**Time, Procurement & Cost Unit Leader (TPCUL)** **Treasury Officer** (supported by Officer in Charge; Bills assisted by Treasury & Audit staff)	TO/ATO	Mis Anjali Bharti	9354854350	01376-232237	-
	Compensation/ Claim Unit Leader(CCUL) **ADM** (supported by SDM Sadar)	ADM	Mr. Awadesh Kumar Singh	9456141333	01376-233992	-


जनपद स्तरीय
INCIDENT RESPONSE SYSTEM
जिम्मेदार/उत्तरदायी अधिकारी
(जिलाधिकारी)
नोडल अधिकारी (हेली सेवा)
(अपर जिलाधिकारी, सहयोग– अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी)
घटना प्रभारी
(मुख्य विकास अधिकारी)
उप–घटना प्रभारी
(वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक)
सुरक्षा अधिकारी
(उप जिला अधिकारी और मुख्य अग्निशमन अधिकारी/मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग)
समन्वय अधिकारी
(जिला विकास अधिकारी एवं जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी)
सूचना एवं मीडिया अधिकारी
(जिला सूचना अधिकारी)
परिचालन अनुभाग प्रमुख
(वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक)
योजना अनुभाग प्रमुख
(मुख्य विकास अधिकारी सहयोग– जिला विकास अधिकारी)
लॉजिस्टिक इकाई प्रमुख
(अपर जिला अधिकारी सहयोग– अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, जनपद प्रशासन द्वारा
स्टेजिंग क्षेत्र प्रबन्धक
(उप जिलाधिकारी मुख्यालय, सहयोग– उप–पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी)
परिस्थिति इकाई प्रमुख
(जिला विकास अधिकारी और विकासखण्ड अधिकारी सहयोग–जिला पंचायत राज अधिकारी और स्थानीय निकाय प्रभारी)
सेवा शाखा निदेशक
(जिला आपूर्ति अधिकारी सहयोग– लोक निर्माण विभाग द्वारा सहयोग)
सहयोग शाखा निदेशक
(मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ), सहयोग–जिला कार्यक्रम अधिकारी
वित्त शाखा निदेशक
(मुख्य कोषाधिकारी (सीटीओ)/वरिष्ठ कोषाधिकारी)
बचाव एवं प्रतिक्रिया शाखा निदेशक
(उप जिलाधिकारी मुख्यालय सहयोग– वायरलैस अधिकारी/अग्निशमन और आपातकालीन सेवायें/वन/स्वास्थ्य और परिवार कल्याण/ एस0डी0आर0एफ0/ रेडक्रांस/भारत स्काउट गाइड/आपदा मित्र/एनसी0सी0/एन0एस0एस0)
संसाधन इकाई प्रमुख
(जिला प्रान्तीय रक्षक दल और जिला कमांडेंट होमगार्ड, सहयोग–जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी)
संचार इकाई प्रमुख
(जिला सूचना अधिकारी (एनआईसी) सहयोग– डीजीएम/ बीएसएनएल रेडियो अधिकारी, पुलिस, अग्निशमन अधिकारी)
संसाधन प्राक्धानीकरण इकाई प्रमुख
(अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग मुख्यालय, सहयोग– जिला
समय, अधिप्राप्ति /लागत इकाई प्रमुख
(कोषाधिकारी/सहायक कोषाधिकारी, मुख्यालय सहयोग– बीजक प्रभारी, कोष एवं लेखा स्टाफ)
परिवहन शाखा (सड़क, रेल,जल एवं वायु इकाई) निदेशक
(क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सहयोग– उप परि अधिकारी प्रशासन)
प्रलेखन इकाई प्रमुख
(जिला सांख्यिकी अधिकारी सहयोग– जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी/जिला जी0आई0एस0 विश्लेषक)
चिकित्सा इकाई प्रमुख
(मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी)
सुविधा इकाई प्रमुख
(अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग मुख्यालय, सहयोग– जिला जी0आई0एस0 विश्लेषक)
मुआवजा/दावा इकाई प्रमुख
(अपर जिलाधिकारी सहयोग–आपदा प्रबन्धन प्रभारी, उप जिलाधिकारी सदर)
वियोजन इकाई प्रमुख
(जिला पंचायत राज अधिकारी)
खाद्य इकाई प्रमुख
(जिला आपूर्ति अधिकारी)
ग्राउंड सपोर्ट इकाई प्रमुख
(अपर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी और जिला आपूर्ति अधिकारी)


तहसील स्तरीय
Incident Response System
जिम्मेदार/उत्तरदायी अधिकारी
(जिलाधिकारी)
नोडल अधिकारी (हेली सेवा)
(अपर जिलाधिकारी सहयोग–
तहसीलदार एवं जिला आपदा प्रबन्धन
अधिकारी)
घटना प्रभारी
(अपर जिलाधिकारी)
उप–घटना प्रभारी
(उप जिलाधिकारी सहयोग–विकासखण्ड अधिकारी)
सुरक्षा अधिकारी
(सम्बन्धित एसएचओ/एसओ (स्टेशन अधिकारी,
पुलिस) सहयोग– अग्निशमन अधिकारी, वन और
स्वास्थ्य विभाग)
समन्वय अधिकारी
(जिला विकास अधिकारी सहयोग–, सहायक अभियन्ता और जिला आपदा प्रबन्धन
अधिकारी)
सूचना एवं मीडिया अधिकारी
(सहायक सूचना अधिकारी)
परिचालन अनुभाग प्रमुख
(सम्बन्धित सी0ओ0 पुलिस)
योजना अनुभाग प्रमुख
(खण्ड विकास अधिकारी)
लॉजिस्टिक इकाई प्रमुख
(सम्बन्धित एक्सईएन, लोक निर्माण, यूपीसीएल द्वारा नामित इक्सईएन विद्युत आपूर्ति अधिकारी, सहायक
अभियंता जलसंस्थान, सहायक अभियंता पेयजल निगम)
स्टेजिंग क्षेत्र प्रबन्धक
(सम्बन्धित एक्सईएन, लोक निर्माण विभाग
सहयोग– विकासखण्ड अधिकारी, जिला नोडल
अधिकारी विद्युत विभाग,
पशुचिकित्सक/विकासखण्ड अधिकारी)
परिस्थिति इकाई प्रमुख
(खण्ड विकास अधिकारी सहयोग– जिला
पंचायत राज अधिकारी और सम्बन्धित स्थानीय
निकाय)
सेवा शाखा निदेशक
(विकासखण्ड अधिकारी
सहयोग–आपूर्ति निदेशक)
सहयोग शाखा निदेशक
(खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक
अभियंता सिंचाई)
वित्त शाखा निदेशक
(सम्बन्धित
कोषाधिकारी/उप–
कोषाधिकारी)
बचाव एवं प्रतिक्रिया शाखा निदेशक
(सम्बन्धित तहसीलदार सहयोग–
एसडीआरएफ/अग्निशमन अधिकारी और वन
विभाग)
संसाधन इकाई प्रमुख
(तहसीलदार)
संचार इकाई प्रमुख
(सम्बन्धित एस0टी0ओ0 या
बीएसएनएल के वरिष्ठ अधिकारी,)
संसाधन प्राक्कानीकरण इकाई
प्रमुख
(कनिष्ठ अभियंता, लोक निर्माण
विभाग/सीडीपीओ)
समय, अधिप्राप्ति
/लागत इकाई प्रमुख
(संबंधित आरके
(रजिस्ट्रार कानूनगो)
प्रलेखन इकाई प्रमुख
(खण्ड शिक्षा अधिकारी सहयोग–
तहसीलदार द्वारा नामित राजस्व
अधिकारी)
चिकित्सा इकाई प्रमुख
(चिकित्सा अधिकारी
एंचार्ज/बीवीओ/ पीएचसी/
पशु चिकित्सालय)
सुविधा इकाई प्रमुख
(सहायक अभियंता, लोक निर्माण
विभाग/सम्बन्धित बीईओ)
मुआवजा/दावा
इकाई प्रमुख
(सम्बन्धित
तहसीलदार)
परिवहन शाखा (सड़क, रेल,जल एवं
वायु इकाई) निदेशक
(निदेशक/अपर क्षेत्रीय परिवहन
अधिकारी प्रवर्तन)
वियोजन इकाई प्रमुख
(सीडीपीओ)
खाद्य इकाई प्रमुख
(विकास खण्ड
अधिकारी/आपूर्ति निरीक्षक)
ग्राउंड सपोर्ट इकाई प्रमुख
(सम्बन्धित एसडीओ वन/एडीओ
पंचायत)

अध्याय–8

आपदा पुर्ननिर्माण एंव पुर्नस्थापना उपाय
(Reconstruction, Rehabilitation And Recovery Measures)

8.1 परिचय (**Introduction**)–आपदा प्रबंधन चक्र का अंतिम किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण चरण पुनर्निर्माण, पुनर्वास एवं पुनर्प्राप्ति (Reconstruction, Rehabilitation and Recovery) है। यह चरण न केवल भौतिक अवसंरचनाओं के पुनर्निर्माण पर केंद्रित होता है, बल्कि इसका प्रमुख उद्देश्य प्रभावित समुदायों को सामाजिक, आर्थिक और मानसिक रूप से पुनः सशक्त बनाना भी होता है, ताकि वे भविष्य की आपदाओं के प्रति अधिक लचीले (Resilient) बन सकें।

आपदा के उपरांत पुनर्प्राप्ति कार्यों का लक्ष्य "सिर्फ पुनः निर्माण नहीं, बल्कि बेहतर तरीके से पुनर्निर्माण" (Build Back Better) करना होता है। इस दृष्टिकोण के अंतर्गत पुनर्वास और विकास की सभी गतिविधियों में जोखिम न्यूनीकरण (Risk Reduction), सुरक्षित निर्माण तकनीक, और सामुदायिक भागीदारी (Community Participation) को प्रमुखता दी जाती है।

इस चरण के अंतर्गत निम्न प्रमुख घटक सम्मिलित हैं –

• क्षतिग्रस्त अवसंरचना, भवनों एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण।

• विस्थापित परिवारों एवं प्रभावित जनसंख्या का पुनर्वास।

• आजीविका (Livelihood) का पुनर्स्थापन एवं रोजगार सृजन।

• मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता एवं सामुदायिक पुनर्प्राप्ति।

• आपदा–रोधी निर्माण तकनीकों का अनुपालन और पर्यावरणीय संतुलन।

पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया को सामान्यतः तीन चरणों में क्रियान्वित किया जाता है –

1. **अल्पकालिक पुनर्प्राप्ति** (Short-term Recovery):
   - त्वरित राहत कार्य,
   - अस्थायी आवास की व्यवस्था,
   - पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य एवं संचार सेवाओं की पुनर्बहाली।
2. **मध्यम अवधि की पुनर्प्राप्ति** (Medium&term Recovery):
   - स्थायी आवास निर्माण
   - विद्यालय, अस्पताल एवं सामुदायिक केंद्रों की मरम्मत,
   - स्थानीय आर्थिक गतिविधियों का पुनः आरंभ।
3. **दीर्घकालिक पुनर्प्राप्ति** (Long-term Recovery):
   - आपदा–रोधी योजनाओं का संस्थागत समावेश
   - सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्संरचना,
   - सामुदायिक लचीलापन (Community Resilience) का सुदृढ़ीकरण।

पुनर्निर्माण और पुनर्वास की यह प्रक्रिया विकास की निरंतरता से जुड़ी हुई है। यह सुनिश्चित करती है कि प्रभावित क्षेत्र न केवल पहले जैसी स्थिति में लौटें, बल्कि अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और आपदा–प्रतिरोधी स्वरूप में विकसित हों।इस प्रकार, पुनर्प्राप्ति चरण आपदा से अवसर की ओर बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है–"आपदा से विकास तक" (From Disaster to Development) की दिशा में एक सशक्त कदम।

8.2 पुनःनिर्माण एवं पुर्नस्थापन के चरण–आपदा के उपरान्त समितियों/विभागोंसे प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर पुनःस्थापन एवं पुनर्निर्माण के निम्नांकित कार्यो को सम्बंधित विभागों(तालिका 8.1)द्वारा पूर्ण किया जायेगा।

- आपदा प्रभावित क्षेत्रो काविभाग द्वारा निर्धारित प्रारुप अनुसार क्षति एवं प्रभाव आंकलन
- जनहानि क्षति आंकलन
- पशुधन क्षति आंकलन

- सामुदायिक अधोसंरचना क्षति एवं प्रभाव आंकलन
- आधारभूत आवश्यक सेवाओं की क्षति एवं प्रभाव आंकलन
- मकान एवं अन्य संपत्तियो का क्षति आंकलन
- स्वास्थ्य सेवाओं एवं संक्रामक बीमारियों का आंकलन
- पर्यावरणीय क्षति आंकलन
- आपदा प्रभावितो की आजीविका पर प्रभाव का आंकलन
- संवेदनशील वर्गों (दिव्यांग, बीमार, वृद्ध, नवजात शिशु, महिलाओं आदि) पर सामाजिक, आर्थिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रभाव का आंकलन
- क्षति आंकलन के आधार पर लघु अवधि पुनर्निर्माण एवं पुनःस्थापन कार्य
- दीर्घ अवधि संरचनात्मक पुनर्निर्माण कार्य

8.3 पुनर्निर्माण एवं पुनःस्थापन कार्यो हेतु विभागीय दायित्व–आपदा घटित होने के पश्चात पुनर्निर्माण एवं पुनःस्थापन के कार्यो हेतु विभागीय जिम्मेदारी निम्नानुसार निर्धारित की जाती है –

लघु अवधि पुनर्निर्माण कार्य योजना) Annexure–7) संलग्न है।

8.4 क्षति आंकलन प्रक्रिया– आपदा के उपरान्त संभावित क्षति के आंकलन हेतु सम्बंधित विभागों द्वारा अनुमोदित प्रारूप का उपयोग किया जायेगा। यदि विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में बिंदु सम्मिलित नहीं हैं, तो इन्हें सम्मिलित करते हुए क्षति आंकलन का कार्य किया जायेगा।

8.5 लघु अवधि पुनःस्थापन के महत्वपूर्ण कार्य– आपदा के पश्चात प्रभावितों के तत्काल पुनःस्थापन एवं राहत तथा क्षति ग्रस्त एवं आपदा प्रभावित अधोसंरचनाओ एवं आवश्यक सेवाओ के बहाली हेतु तालिका–8. 1 में उल्लेखित विभागों द्वारा निम्नाकित कार्य प्राथमिकता के आधार पर किये जायेंगे।

●**मुफ्त खाद्यान्न का वितरण** :प्रभावितों को निर्धारित मान दर के अनुसार खाद्यान्न का वितरण तथा नगद अनुदान का भुगतान किया जायेगा।

●**राहत वितरण** : क्षति आकलन करने के बाद प्रभावितो को निर्धारित मानदर के अनुसार राहत वितरण प्रारंभ किया जायेगा। राहत वितरण यथानुसार वार्ड/ग्राम स्तरीय समितियों के पर्यवेक्षण एवं परामर्श से किया जाएगा। यदि राहत वितरण में भेद–भाव अथवा किसी भी तरह की शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी जांच एवं निष्पादन संबन्धित पदाधिकारियों की टीम से अविलम्ब कराया जाएगा ताकि राहत वितरण में अनावश्यक कठिनाइयाँ एवं विवाद पैदा न हो सके।

●**क्षतिग्रस्त आधारभूत संरचनाओं का पुनर्स्थापन/पुनर्निर्माण** : संबंधित विभाग अपने नियंत्रणाधीन आधारभूत संरचना की क्षति के आकलन कराने के पश्चात् उनके त्वरित पुर्नस्थापना/पुनर्निर्माण हेतु निर्धारित प्रक्रिया अपना कर, सर्वप्रथम आधारभूत संरचनाओं का त्वरित पुर्नस्थापना करेंगे, तत्पश्चात् पुनर्निर्माण का कार्य किया जाएगा।

●**महामारी की रोकथाम** : आपदा के पश्चात् प्रभावित क्षेत्रों में महामारी फैलने की संभावना रहती है। अतएव महामारीकी रोकथाम हेतु तुरंत स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों द्वारा निरोधात्मक कदम उठाए जाऐंगे।

●**जल जमाव वाले क्षेत्रों से जल निकासी की व्यवस्था** : जल जमाव से प्रभावित क्षेत्रों से तुरंत जल निकासी की व्यवस्था संबंधित विभाग द्वारा की जावेगी।

8.6 दीर्घ अवधि की पुनर्निर्माण गतिविधियां– दीर्घ अवधि पुनर्निर्माण एवं पुनःस्थापन कार्यो हेतु आपदा प्रभावित क्षेत्रो में आवश्यकताओ एवं सेवाओं का आंकलन कर, उनकी बहाली हेतु योजनाओं का चयन कर अथवा नवींन योजनाए बनाकर, केंद्र शासन, राज्य शासन और जिला स्थित विभागों के समर्थन से संपन्न किया जायेगा।

जनपद के जोखिम विश्लेषण के आधार पर दीर्घ–अवधी संरचनात्मक कार्ययोजना समय सीमा के साथ प्रस्तावित की जायेंगी।

अध्याय–9

आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना को लागू किये जाने हेतु बजट व्यवस्था
(Financial Resources For Implementation of DDMP

9.1 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत उत्तराखंड में वित्तीय व्यवस्थाएँ –

अधिनियम 2005 के अन्तर्गत राज्य तथा जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन कार्य के लिए वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था की गयी है। यह अधिनियम इस बात को सुनिश्चित करता है कि राज्य स्तर पर तथा जिला स्तर पर निम्नलिखित शुल्क बनाए जाएँ–

1. राज्य आपदा उत्तरण शुल्क (State Disaster Response Fund - SDRF)
2. राज्य आपदा घटना शुल्क (State Disaster Mitigation Fund)
3. जिला आपदा उत्तरण शुल्क (District Disaster Response Fund - DDRF)
4. जिला आपदा घटना शुल्क (District Disaster Mitigation Fund)

इन निधियों का उपयोग आपातकालीन राहत, पुनर्वास, पुनर्निर्माण एवं जोखिम न्यूनीकरण गतिविधियों में किया जाता है। जिलाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) के अध्यक्ष के रूप में, इन निधियों के समुचित उपयोग के लिए उत्तरदायी होते हैं।

9.2 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत बनाए जाने वाले कोष–अधिनियम की धारा 48 के अनुसार, केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन के विभिन्न चरणों–

आपदा प्रबंधन के विभिन्न चरणों हेतु वित्तीय सहायता

क्र.स.	आपदा प्रबंधन का चरण	उद्देश्य / विवरण	वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली संस्था
1	रोकथाम (Prevention)	आपदा की संभावनाओं को कम करने एवं जोखिम घटाने के लिए दीर्घकालिक उपाय	गृह मंत्रालय, भारत सरकार / राज्य सरकार
2	तैयारी (Preparedness)	संस्थागत एवं सामुदायिक तैयारियों को सशक्त बनाना, प्रशिक्षण एवं संसाधन जुटाना	राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) / जिला प्राधिकरण (DDMA)
3	प्रतिक्रिया (Response)	आपदा के समय त्वरित बचाव, राहत एवं समन्वय कार्य	राष्ट्रीय / राज्य आपदा मोचन कोष (NDRF / SDRF)
4	पुनर्प्राप्ति (Recovery)	आपदा के बाद सामान्य स्थिति बहाल करना एवं प्रभावित क्षेत्रों में सहायता	राज्य सरकार / संबंधित विभाग
5	शमन (Mitigation)	दीर्घकालिक संरचनात्मक एवं गैर–संरचनात्मक उपायों के माध्यम से भविष्य की आपदाओं का जोखिम घटाना	SDMA / NDMA / विभिन्न मंत्रालय एवं योजनाएँ

इन निधियों का प्रबंधन भारत सरकार के गृह मंत्रालय (Ministry of Home Affairs) एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) द्वारा किया जाता है।

9.3 राज्य सरकार के विभागों और एजेंसियों की जिम्मेदारियाँ–

राज्य सरकार के विभिन्न विभाग जैसे –

- लोक निर्माण विभाग (PWD)
- जल संस्थान एवं जल निगम
- ऊर्जा विभाग
- स्वास्थ्य विभाग
- कृषि एवं पशुपालन विभाग
- राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
- शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण विभाग

इन सभी विभागों को अपने–अपने वार्षिक बजट (Annual Budget) में आपदा प्रबंधन एवं जोखिम न्यूनीकरण के लिए विशेष प्रावधान (Dedicated Budgetary Provision) रखने के निर्देश दिए गए हैं।
इसके अतिरिक्त, प्रत्येक विभाग को Departmental Disaster Management Plan (DDMP) तैयार कर उसे क्रियान्वित करने हेतु निधि का उपयोग करना होता है।

9.4 तकनीकी–वित्तीय व्यवस्था (Techno– Financial Regime)–
राज्य स्तर पर तकनीकी एवं वित्तीय अनुमोदन हेतु निम्न व्यवस्था लागू है –

- आपदा जोखिम न्यूनीकरण परियोजनाओं के लिए राज्य योजना आयोग (State Planning Commission) एवं वित्त विभाग द्वारा अनुमोदन।
- प्रमुख पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास परियोजनाओं के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) की स्वीकृति।
- जिला स्तर की योजनाओं के लिए DDMA को परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य है।
- प्रत्येक योजना के लिए तकनीकी परीक्षण (Technical Vetting) एवं वित्तीय मूल्यांकन (Financial Appraisal) किया जाता है, जिससे पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो सके।

9.5 अन्य वित्तीय विकल्प– आपदा प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों के लिए निम्न अतिरिक्त वित्तीय स्रोतों का भी उपयोग किया जा सकता है –

- राज्य एवं केंद्र प्रायोजित योजनाएँ (CSS / State Schemes) जैसे– SDRF, NDRF, MGNREGA, PMGSY, PMAY, NRHM आदि।
- कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) फंड्स कृ निजी एवं सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा।
- अंतरराष्ट्रीय सहायता (International Aid) कृ विश्व बैंक, ADB, UNDP, NDMA या अन्य एजेंसियों से।
- सामुदायिक भागीदारी एवं NGO योगदान – स्थानीय संस्थाओं द्वारा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रमों में सहभागिता।
- पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के अंतर्गत अवसंरचना एवं क्षमता निर्माण परियोजनाएँ।

प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति पर राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (NDRF) अन्तर्गत राहत सहायता की पुनरीक्षित दरों का विवरण– (वित्तीय वर्ष 2023–24 से 25–26 तक)

जिला कार्यालय – जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्राप्त धनराशि एवं व्यय (वित्तीय वर्ष 2024–2025) का विवरण।

क्र.सं.	अनुदान मद का नाम	गत वर्ष का अवशेष	वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राप्त कुल धनराशि (करोड़ में)	योग (करोड़ में)	वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल व्यय (करोड़ में)	वित्तीय वर्ष के अंत में अवशेष (करोड़ में)
1	राज्य आपदा मोचन निधि	-	**31.00**	**31.00**	**25.3950027**	**5.6049973**
2	राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि	-	**1.00**	**1.00**	**1.00**	**0.00**
3	आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के पुनर्निमाण	-	**3.00**	**3.00**	**3.00**	**0.00**

वित्तीय वर्ष 2025–2026 में स्वीकृत बजट के सापेक्ष समर्पण की सूचना।

क्र.स.	अनुदान मद का नाम	लेखा शीर्षक का नाम	मानक मद	स्वीकृत धनराशि (करोड़ में)	28 फरवरी 2026 तक कुल वास्तविक व्यय (करोड़ में)
1.	06	2245–प्राकृतिक विपत्तियों के कारण राहत–05–राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष–101–आरक्षित निधियों एवं जमा लेखों में अन्तरण एस0डी0आर0एफ0–02–आपदा राहत निधि से व्यय–42–अन्य विभागीय व्यय		23.00	20.92

वित्तीय वर्ष 2025–2026 में स्वीकृत बजट के सापेक्ष समर्पण की सूचना।

क्र.सं.	अनुदान मद का नाम	गत वर्ष का अवशेष	वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्राप्त कुल धनराशि (करोड़ में)	योग (करोड़ में)	वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल व्यय (करोड़ में)	वित्तीय वर्ष के अंत में अवशेष (करोड़ में)
1	राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि	-	**2.00**	**2.00**	**1.50**	**0.50**
2	आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के पुनर्निमाण	-	**2.00**	**2.00**	**1.50**	**0.50**

अध्याय–10

डीडीएमपी की निगरानी, मूल्यांकन, अद्यतन और रखरखाव के लिए प्रक्रिया और कार्यप्रणाली
(Procedure And Methodology For Monitoring Evaluation, Updation And Maintenance)

10.1 परिचय–

जिला आपदा प्रबंधन योजना (DDMP) एक जीवंत, गतिशील और उत्तरदायी दस्तावेज है, जिसका उद्देश्य आपदाओं के दौरान प्रभावी, संगठित और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। समय के साथ जनसंख्या, अवसंरचना, भौगोलिक परिस्थिति, तकनीकी संसाधन और प्रशासनिक ढांचे में परिवर्तन होते रहते हैं। इसलिए DDMP को नियमित रूप से अद्यतन (Updation), मूल्यांकन (Evaluation) तथा रखरखाव (Maintenance) की प्रक्रिया से गुजरना आवश्यक है, ताकि यह दस्तावेज सदैव प्रासंगिक एवं प्रभावी बना रहे।

10.2 डीडीएमपी को रखरखाव और समीक्षा की जिम्मेदारी– जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) DDMP के रखरखाव और समय–समय पर समीक्षा का प्रमुख दायित्व वहन करता है।
इस हेतु निम्नलिखित कार्य सुनिश्चित किए जाते हैं –

- प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में DDMP की वार्षिक समीक्षा एवं संशोधन।
- विभागीय योजनाओं, जोखिम आंकलन, संसाधनों एवं अवसंरचना में हुए परिवर्तनों का समावेश।
- DDMA द्वारा संशोधित योजना को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) के अनुमोदन हेतु प्रेषित करना।
- समीक्षा प्रक्रिया में सभी विभागों, अर्ध–सरकारी संस्थानों एवं समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करना।

10.3 डीडीएमपी की उचित निगरानी और मूल्यांकन–

DDMP के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नियमित मूल्यांकन की वैज्ञानिक प्रक्रिया अपनाई जाती है।इस प्रक्रिया में निम्नलिखित प्रमुख पहलू सम्मिलित हैं –

1. **प्रतिक्रिया क्षमता का मूल्यांकन:** आपातकालीन स्थिति में योजना की व्यवहारिक उपयोगिता का परीक्षण।
2. **संस्थागत समन्वय का विश्लेषण:** विभागों, एजेंसियों एवं हितधारकों के बीच समन्वय स्तर की समीक्षा।
3. **संसाधन तत्परता का परीक्षण:** उपकरणों, मानव संसाधनों एवं संचार प्रणाली की स्थिति का आकलन।
4. **सामुदायिक सहभागिता:** प्रशिक्षण, जन–जागरूकता कार्यक्रम एवं मॉक ड्रिल के प्रभाव का विश्लेषण।

10.4 डीडीएमपी के लिए आपदा के बाद मूल्यांकन तंत्र–

आपदा के बाद वास्तविक परिस्थितियों में योजना की उपयोगिता का मूल्यांकन किया जाता है।

- प्रत्येक बड़ी आपदा के उपरांत DDMA द्वारा एक Post–Disaster Evaluation Report(PDER) तैयार की जाती है।
- इस रिपोर्ट में राहत, बचाव, पुनर्प्राप्ति एवं समन्वय प्रयासों की समीक्षा की जाती है।
- रिपोर्ट के निष्कर्षों को योजना के आगामी संस्करण में समाहित किया जाता है, जिससे सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।
- मूल्यांकन के परिणामों को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) के साथ साझा किया जाता है।

10.5 डीडीएमपी के अद्यतनीकरण की अनुसूची–DDMP को वर्ष में कम से कम एक बार अद्यतन किया जाना अनिवार्य है। अद्यतन प्रक्रिया के अंतर्गत –

- विभागों से नवीनतम संसाधन विवरण (त्मेवनतबम प्दअमदजवतल)प्राप्त किया जाता है।
- आपदा प्रवृत्तियों, जनसंख्या आंकड़ों एवं जोखिम क्षेत्रों में हुए परिवर्तनों को समाहित किया जाता है।
- संशोधित DDMP को डिजिटल एवं मुद्रित रूप में वितरित किया जाता है।

10.6 डीडीएमए,/एसडीएमए, वेबसाइट पर अद्यतन योजनाओं को अपलोड करना–

DDMP का नवीनतम संस्करण DDMA एवं SDMA की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है।

- योजना का डिजिटल संस्करण जनसुलभ बनाया जाता है, जिससे नागरिक, विभाग एवं संस्थान इसे देख सकें।
- प्रत्येक संस्करण पर संशोधन तिथि, संस्करण संख्या एवं अनुमोदन विवरण अंकित किया जाता है।

10.7 मॉक ड्रिल का आयोजन–

- विभिन्न प्रकार की आपदाओं (भूकंप, बाढ़, आग, भूस्खलन आदि) हेतु वार्षिक मॉक ड्रिल कैलेंडर तैयार किया जाता है।
- प्रत्येक मॉक ड्रिल के उपरांत "After Action Report (AAR)" तैयार की जाती है, जिसमें सीखे गए सबक, कमियाँ और सुधारात्मक सुझाव दर्ज होते हैं।
- इन रिपोर्टों के आधार पर DDMP में संशोधन किया जाता है ताकि व्यवहारिकता और दक्षता में सुधार हो।

10.7.1 जिला अभ्यास आयोजित करने के लिए जिम्मेदार पक्ष–

- जिला प्रशासन एवं DDMA
- पुलिस विभाग
- अग्निशमन सेवा
- स्वास्थ्य विभाग
- लोक निर्माण विभाग
- शिक्षा विभाग
- एस.डी.आर.एफ / एन.डी.आर.एफ / रेडक्रॉस
- स्वयंसेवी संस्थाएँ एवं समुदाय प्रतिनिधि

10.7.2 ड्रिल के आयोजन का कार्यक्रम –

आपदा प्रबंधन योजना की वास्तविक प्रभावशीलता का परीक्षण केवल सैद्धांतिक अभ्यास से नहीं, बल्कि मैदान–स्तरीय मॉक ड्रिलों के माध्यम से किया जा सकता है। मॉक ड्रिल से विभागों, एजेंसियों तथा समुदायों की तत्परता, समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन किया जाता है।

मॉक ड्रिल आयोजित करने की प्रक्रिया निम्नानुसार है –

1. **योजना निर्माण (Planning Phase):**
   - प्रत्येक मॉक ड्रिल से पूर्व एक विस्तृत ड्रिल प्लान तैयार किया जाता है।
   - इसमें आपदा परिदृश्य (Scenario), संभावित प्रभावित क्षेत्र, भाग लेने वाले विभाग, समय, दायित्व एवं समन्वय बिंदु स्पष्ट रूप से अंकित किए जाते हैं।
2. **पूर्व तैयारी (Pre-Drill Preparation):**
   - संबंधित विभागों, संस्थानों, विद्यालयों, अस्पतालों एवं अन्य हितधारकों को सूचित किया जाता है।
   - आवश्यक उपकरण, संचार माध्यम, प्राथमिक उपचार सामग्री एवं निकासी मार्गों की जांच की जाती है।

जनपद टिहरी गढ़वाल में आयोजित मॉकड्रिल कार्याक्रमों का विवरणः–

क्र.सं.	दिनांक	विद्यालय का नाम	अनुमानित उपस्थित छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों/ कार्मिकों एवं अन्य की संख्या
01	18.10.2024	रा0उ0 माध्यमिक विद्यालय कांगडा	75
02	19.10.2024	रा0 बा0 ई0 कालेज घंसाली	109
03	08.11.2024	रा0उ0 माध्यमिक विद्यालय लसियाल गॉव	71
04	09.11.2024	रा0उ0 माध्यमिक विद्यालय कठैती बासर	48
05	11.11.2024	रा0उ0 माध्यमिक विद्यालय मेड	95
06	13.11.2024	रा0उ0 माध्यमिक विद्यालय निवाल गॉव	58
कुल विद्यालय 06		योग	456

क.सं.	दिनांक	विद्यालय का नाम	अनुमानित उपस्थित छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों/ कार्मिकों एवं अन्य की संख्या
01	17.12.2024	रा0 ई0 का0 लम्बगॉव	221
02	18.12.2024	रा0 ई0 का0 दीनगॉव	348
03	19.12.2024	रा0 ई0 का0 गरवाणगॉव	324
04	23.12.2024	रा0उ0 माध्यमिक विद्यालयमोटणा	42
05	24.12.2024	रा0उ0 माध्यमिक विद्यालय भैंगा	78
06	26.12.2024	रा0 बा0 ई0 का0 लम्बगॉव	124
07	27.12.2024	रा0 ई0 का0 कडियालगॉव	263
08	30.12.2024	रा0उ0 माध्यमिक विद्यालयझांझरधार	132
09	31.12.2024	रा0उ0 माध्यमिक विद्यालय मुखमालगॉव	105
कुल विद्यालय 09योग			1637

क.सं.	दिनांक	विद्यालय का नाम	अनुमानित उपस्थित छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों/ कार्मिकों एवं अन्य की संख्या
01	22.04.2025	रा0 ई0 का0 ओखलाखाल	120
02	23.04.2025	रा0 ई0 का0 गालुडधार	68
03	25.04.2025	रा0 ई0 का0 मिश्रवाणगॉव	45
04	26.04.2025	रा0 उ0 माध्यमिक विद्यालय पणसूत सुकी	25
05	05.05.2025	रा0 उ0 माध्यमिक विद्यालय झिंवाली	48
06	06.05.2025	रा0 ई0 का0 प्रतापनगर	158
07	07.05.2025	रा0 ई0 का0 थापला	162
08	09.5.2025	रा0 उ0 माध्यमिक विद्यालय पिलानीधार	65
09	10.05.2025	रा0 ई0 का0 सिलारी	254
10	15.05.2025	रा0 उ0 माध्यमिक विद्यालय ओनालगॉव	62
11	17.05.2025	रा0 उ0 माध्यमिक विद्यालय कोरदी	125
12	19.05.2025	रा0 उ0 माध्यमिक विद्यालय सौन्दी	119
13	22.05.2025	रा0 ई0 का0 गलियाखेत	198
14	23.05.2025	रा0 उ0 माध्यमिक कोटालगॉव	185
15	26.05.2025	रा0 उ0 माध्यमिक विद्यालय बैल्डोगी	58
कुल विद्यालय 15		योग	1692

जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, टिहरी गढवाल द्वारा वर्ष 2023–24 से 2025–26 दिसम्बर तक प्रदान किये गये प्रशिक्षणों का माहवार विवरण –

क्र0	माह	प्रशिक्षणों की संख्या
1	अक्टूबर2023	15
2	नवम्बर2023	16
3	दिसम्बर2023	08
4	जनवरी 2024	03
5	फरवरी 2024	04
6	मार्च 2024	02
7	अप्रैल 2024	03
8	मई 2024	02
9	जून 2024	01
10	जुलाई 2024	01
11	अगस्त 2024	01

12	सितम्बर 2024	13
13	अक्टूबर 2024	10
14	नवम्बर 2024	19
15	दिसम्बर 2024	09
16	जनवरी 2025	02
17	फरवरी 2025	09
18	मार्च 2025	01
19	अप्रैल 2025	04
20	मई 2025	12
21	जून 2025	02
22	जुलाई 2025	01
23	अगस्त 2025	12
24	सितम्बर 2025	02
25	अक्टूबर 2025	08
26	नवम्बर 2025	02
27	दिसम्बर 2025	18
28	जनवरी 2026	07
	फरवरी 2026	07
कुल योग 28/02/2026 तक		194

जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, टिहरी गढवाल द्वारा वर्ष 2023–24 से दिसम्बर 2025 तक प्रदान किये गये मॉक ड्रिल का माहवार विवरण–वर्ष 2023–24 , 2024–25,

क्र.सं.	माह	मॉक ड्रिलों की संख्या
1	19 जनवरी, 2023	01
2	16 फरवरी, 2023	01
3	20 अप्रैल, 2023	01
4	02 व 20 मई, 2024	02
5	07 जून, 2024	01
6	30 जनवरी, 2025	01
7	13 फरवरी, 2025	01
8	06 मार्च, 2025	01
9	04 अक्टूबर, 2025	01
10	11 नवम्बर, 2025	01
11	15 नवम्बर, 2025	01
12	18 फरवरी, 2026	01
13	11 मार्च, 2026	01
कुल योग		14

3. **ड्रिल का आयोजन (Execution Phase):**
   - निर्धारित समय एवं परिदृश्य के अनुसार मॉक ड्रिल प्रारंभ की जाती है।
   - चेतावनी प्रणाली सक्रिय कर निकासी, बचाव, प्राथमिक उपचार एवं राहत कार्यों का अनुकरण किया जाता है।
   - सभी विभाग अपने–अपने कार्यों को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप निभाते हैं।
4. **समीक्षा एवं विश्लेषण (Post-Drill Evaluation):**
   - ड्रिल समाप्त होने के पश्चात एक समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है।
   - प्रत्येक विभाग से उनकी भूमिका, समन्वय, कठिनाइयों एवं सुझावों पर प्रतिवेदन लिया जाता है।
   - एक ड्रिल मूल्यांकन रिपोर्ट (Drill Evaluation Report) तैयार कर DDMA को प्रस्तुत की जाती है।
5. **सुधारात्मक कार्रवाई (Corrective Measures):**
   - मॉक ड्रिल से प्राप्त अनुभवों के आधार पर योजना में आवश्यक संशोधन किए जाते हैं।
   - प्रशिक्षण की आवश्यकता वाले कार्मिकों की पहचान कर उन्हें पुनः प्रशिक्षित किया जाता है।
   - उपकरण, संचार या समन्वय में पाई गई कमियों को दूर किया जाता है।

10.8 निगरानी और अंतराल मूल्यांकन–

- योजना के कार्यान्वयन की निगरानी हेतु DDMA त्रैमासिक समीक्षा बैठकें आयोजित करता है।
- विभागों द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा कर, वार्षिक प्रगति रिपोर्ट (Annual Progress Report) तैयार की जाती है।
- आवश्यकता पड़ने पर, स्वतंत्र विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा बाह्य मूल्यांकन (External Evaluation) कराया जाता है।
- मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर योजना में आवश्यक नीतिगत एवं संरचनात्मक सुधार सम्मिलित किए जाते हैं।

अध्याय– 11

डीडीएमपी के कार्यान्वयन के लिए समन्वय तंत्र

(Coordination Mechanism for Implementation of DDMP)-

जिला आपदा प्रबंधन योजना (DDMP) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक सशक्त, सुव्यवस्थित एवं बहु–स्तरीय समन्वय तंत्र (Coordination Mechanism) की आवश्यकता होती है। यह तंत्र जिला प्रशासन, विभागों, एजेंसियों, सामुदायिक संगठनों तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी हितधारकों के बीच तालमेल, दायित्वों के विभाजन और सूचना प्रवाह को सुनिश्चित करता है।

11.1 अंतर–विभागीय समन्वयः (Inter&Departmental Coordination)–

- DDMA के अध्यक्ष (जिलाधिकारी) के अधीन एक जिला आपदा प्रबंधन समन्वय समिति (District Disaster Coordination Committee) कार्य करती है।
- इस समिति में सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी जैसे स्वास्थ्य, लोक निर्माण, पुलिस, जल संस्थान, विद्युत, शिक्षा, वन, परिवहन आदि सम्मिलित होते हैं।
- आपदा पूर्व, आपदा के दौरान एवं आपदा उपरांत चरणों में इन विभागों के बीच सूचना साझा करना, संसाधनों का उपयोग तथा संयुक्त निर्णय लेना सुनिश्चित किया जाता है।

11.2 विकासख.ड स्तरीय समन्वय तंत्र– (Block Level Coordination Mechanism)

11.2.1 तहसील स्तरीय समन्वय तंत्र (Tehsil Level Coordination)–

- तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी (SDM) की अध्यक्षता में एक तहसील आपदा प्रबंधन समिति गठित की जाती है।
- यह समिति स्थानीय स्तर पर संसाधनों की उपलब्धता, राहत एवं बचाव दलों के समन्वय, तथा ग्राम पंचायतों से सूचना प्राप्त करने का दायित्व निभाती है।

11.2.2 स्थानीय स्तर पर व्यवस्था (Local Level Coordination)–

- प्रत्येक ग्राम पंचायतध्नगर क्षेत्र में ग्राम आपदा प्रबंधन समिति (VDMC) कार्यरत होती है।
- यह समिति ग्राम प्रधान, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, युवाओं तथा स्वयंसेवकों के सहयोग से स्थानीय प्रतिक्रिया एवं प्रारंभिक राहत व्यवस्था संचालित करती है।

11.3 जिला विभागों और प्रशिक्षण संस्थानों के साथ समन्वय प्रणाली (Coordination with Departments and Training Institutes)

- जनपद के विभिन्न विभागों तथा संस्थानों जैसे NIM, ITBP, SDRF, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि के बीच निरंतर समन्वय रखा जाता है।
- जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) द्वारा नियमित रूप से संयुक्त प्रशिक्षण, अभ्यास एवं समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं।

11.4 समुदाय के साथ समन्वय तंत्र (Community Level Coordination Mechanism)–

- आपदा प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।
- आपदा मित्र (Apda Mitra), स्वयंसेवी संस्थाएं (NGOs), युवक मंगल दल, महिला मंगल दल तथा स्थानीय नागरिकों को विभिन्न ड्रिलों, प्रशिक्षणों और जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ा जाता है।

11.5 एनजीओ, सीबीओ, स्वयं सहायता समूहों (सएचजी) के साथ समन्वय तंत्र (Coordination with NGOs] CBOs and SHGs)–

- जनपद स्तर पर कार्यरत गैर–सरकारी संस्थाओं (NGOs), सामुदायिक आधारित संगठनों (CBOs) एवं स्वयं सहायता समूहों (SHGs) की सूची DDMA द्वारा संधारित की जाती है।

- आपदा की स्थिति में इन्हें राहत, पुनर्वास एवं जनजागरूकता गतिविधियों में सम्मिलित किया जाता है।
- इनके साथ एक साझा कार्ययोजना एवं संचार तंत्र विकसित किया जाता है।

11.6 अन्य जिलों और राज्य के साथ समन्वय (Coordination with Other Districts and State Level Agencies)

- जिला स्तर पर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (USDMA), राजस्व विभाग, तथा पड़ोसी जनपदों के साथ समन्वय के लिए एक सुदृढ़ संचार चौनल स्थापित किया गया है।
- आपदा की स्थिति में आवश्यकतानुसार अंतर–जिला सहायता (Inter&District Support) एवं संसाधन साझा व्यवस्था सक्रिय की जाती है।
- राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष के साथ सतत संपर्क बनाए रखने हेतु 24×7 नियंत्रण कक्ष (District Control Room) कार्यरत रहता है।

अध्याय–12

मानक प्रचालन विधि एवं चैक लिस्ट

(Standard Operation Procedures and Check list)

आपदा प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक चरण में मानक संचालन प्रक्रियाएँ(**Standard Operating Procedures–SOPs**) का पालन आवश्यक है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी विभाग, एजेंसियाँ एवं अधिकारी अपनी भूमिकाओं को पूर्वनिर्धारित एवं समन्वित तरीके से निभाएँ। साथ ही, एक जाँच सूची (Check List) के माध्यम से क्रियान्वयन की स्थिति की निगरानी और मूल्यांकन भी किया जा सकता है।

12.1 पूर्व चेतावनी प्रबंधन– (Early Warning Management)-

- सभी विभागों को पूर्व चेतावनी प्राप्त होते ही सतर्क किया जाए।
- जिला आपात संचालन केंद्र(EOC) को तुरंत सक्रिय किया जाए।
- संबंधित विभागों और ग्राम पंचायतों को सूचना SMS, वॉयरलेस, ई–मेल अथवा अन्य माध्यमों से भेजी जाए।
- मीडिया को सत्यापित सूचना जारी की जाए।

12.2 पूर्व चेतावनी मिलने पर निकासी–

(Actions to be Taken on Receipt of Early Warning)

जब किसी भी आपदा जैसे– भूस्खलन, बाढ़, हिमस्खलन, वनाग्नि या महामारी आदि की पूर्व चेतावनी (**Early Warning**) प्राप्त होती है, तो जिला प्रशासन द्वारा तत्काल समन्वित कार्यवाही (**Prompt Coordinated Action**) प्रारंभ की जाती है। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य है–जनहानि एवं संपत्ति हानि को न्यूनतम करना तथा राहत एवं बचाव कार्यों को सुचारू रूप से लागू करना।

1– जिला स्तर पर त्वरित कदम–

- जिला आपात संचालन केंद्र(**EOC**)को तुरंत सक्रिय किया जाता है।
- जिलाधिकारी (अध्यक्ष, **DDMA**) द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए जाते हैं।
- प्रत्येक विभाग अपने आपातकालीन संचालन कक्ष (म्उमतहमदबल ब्मसस) को सक्रिय करता है।
- संचार व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाती है ताकि सूचना का प्रवाह अबाधित रहे।
- नियंत्रण कक्ष में लॉग बुक/इवेंट रजिस्टर में सभी प्राप्त सूचनाएँ दर्ज की जाती हैं।

2–विभागीय समन्वय एवं सूचना प्रसार–

- सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रशासन द्वारा संबंधित तहसील, ब्लॉक, ग्राम पंचायतों को सतर्क किया जाता है।
- सभी विभाग अपने नोडल अधिकारियों के माध्यम से DDMA के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखते हैं।
- जनसामान्य तक सूचना पहुँचाने हेतु–
    - मौखिक उद्घोषणा (**Public Announcement System**)
    - **SMS**/व्हाट्सएप अलर्ट
    - पुलिस वायरलेस
    - मीडिया बुलेटिन

- ग्राम प्रधान/आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/शिक्षक के माध्यम से चेतावनी दी जाती है।

3–संभावित खतरे वाले क्षेत्रों में कार्यवाही–

- चेतावनी मिलने पर खतरे वाले इलाकों में स्थित लोगों की पूर्व निकासी **(Pre-Evacuation)**शुरू की जाती है।
- राहत शिविरों की पहचान एवं तैयारी की जाती है।
- चिकित्सा, परिवहन, जल संस्थान, विद्युत और पुलिस विभाग को फील्ड मोड पर लाया जाता है।
- नदी तट, ढलानों, पुलों और संवेदनशील मार्गों की निगरानी के लिए विशेष दल तैनात किए जाते हैं।

4–स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की भूमिका–

- अस्पतालों को आपात स्थिति के लिए तैयार रखा जाता है।
- एम्बुलेंस सेवाओं की तैनाती की जाती है।
- आवश्यक दवाओं, प्राथमिक उपचार सामग्री और रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है।

5–जनसंचार और जन–जागरूकता गतिविधियॉं–

- प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस एवं स्थानीय नेतृत्व द्वारा जनसाधारण को शांत, सतर्क एवं सहयोगी बने रहने की अपील की जाती है।
- सोशल मीडिया, रेडियो एवं स्थानीय समाचार माध्यमों पर नियमित अपडेट प्रसारित किए जाते हैं।
- गलत या अपुष्ट सूचनाओं के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखी जाती है।

6–फील्ड अधिकारियों की जिम्मेदारी–

- तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ब्लॉक प्रमुख एवं ग्राम प्रधान अपने क्षेत्रों में तुरंत निरीक्षण करें।
- आवश्यकतानुसार राहत सामग्री का पूर्व भंडारण **(Pre&positioning)** किया जाए।
- स्कूल भवन, पंचायत घर या अन्य सुरक्षित स्थानों को अस्थायी आश्रय के रूप में तैयार किया जाए।

7–नियंत्रण कक्ष की गतिविधियॉं–

- सभी प्राप्त सूचनाओं का दर्ज एवं सत्यापन किया जाता है।
- जिला स्तर पर संचालित वाहनों, संसाधनों एवं मानव बल की स्थिति का अद्यतन रखा जाता है।
- उच्चाधिकारियों को नियमित रूप से सिचुएशन रिपोर्ट **(SITREP)**भेजी जाती है।

8–चेतावनी के बाद समीक्षा एवं तैयारियों की रिपोर्टिंग–

- प्रत्येक विभाग अपनी तैयारी की स्थिति की रिपोर्ट **(Preparedness Status)** जिला प्रशासन को भेजता है।
- DDMA द्वारा विभागवार समीक्षा बैठक **(Review Meeting)** आयोजित की जाती है।
- यदि आवश्यक हो तो **SDRF/NDRF**को पूर्व चेतावनी के आधार पर अलर्ट किया जाता है।

पूर्व चेतावनी प्राप्त होते ही प्रशासनिक व्यवस्था का उद्देश्य तत्काल प्रतिक्रिया, अधिकतम जनसुरक्षा, और न्यूनतम हानि सुनिश्चित करना होता है। यह प्रक्रिया तभी सफल होती है जब सभी विभाग समय पर सूचना प्राप्त करें, त्वरित कार्रवाई करें और जनसमुदाय को सहभागी बनाएं।

12.3 जब कोई पूर्व चेतावनी न हो तो निकासी–
(Actions to be Taken When There is No Prior Warning)-

जब कोई आपदा अचानक घटित होती है कृ जैसे कि भूकंप, भूस्खलन, आकस्मिक बाढ़, बादल फटना, आगजनी यासड़क दुर्घटना–और पूर्व चेतावनी प्राप्त नहीं होती, तब जिला प्रशासन द्वारा तत्काल स्थिति के अनुसार त्वरित प्रतिक्रिया (Immediate Response) प्रारंभ की जाती है। इस परिस्थिति में समन्वय, सूचना संप्रेषण, राहत एवं बचाव कार्यों की गति और सटीकता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

1. आपात स्थिति की प्रारंभिक सूचना एवं पुष्टि–

- घटना की सूचना मिलते ही जिला आपात संचालन केंद्र (EOC) को सक्रिय किया जाता है।
- घटना की प्रकृति, स्थान, समय और प्रभावित क्षेत्र की तत्काल पुष्टि की जाती है।
- संबंधित तहसील, पुलिस थाने, ग्राम प्रधान या राजस्व उपनिरीक्षक से तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त की जाती है।
- आवश्यकतानुसार SDRF / NDRF / फायर सर्विस को तुरंत अलर्ट किया जाता है।

2. त्वरित प्रशासनिक प्रतिक्रिया (Immediate Administrative Response)

- जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को ऑन–अलर्ट मोड पर रखा जाता है।
- जिला आपातकालीन संचालन केंद्र में कंट्रोल रूम सक्रिय कर ड्यूटी अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं।
- प्रारंभिक नुकसान का आकलन **(Rapid Damage Assessment)** शुरू किया जाता है।
- प्राथमिक राहत, चिकित्सा एवं निकासी कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है।

3. फिल्ड स्तर पर कार्यवाही–

- तहसीलदार / नायब तहसीलदार / राजस्व उपनिरीक्षक घटनास्थल पर तुरंत पहुँचते हैं।
- पुलिस विभाग द्वारा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण सुनिश्चित किया जाता है।
- ग्राम स्तर पर आपदा मित्र / स्वयंसेवक दल बचाव एवं सहायता में भाग लेते हैं।
- यदि आवश्यक हो, तो निकटवर्ती राहत शिविर / स्कूल भवन / पंचायत घर में प्रभावितों को अस्थायी आश्रय दिया जाता है।

4. राहत एवं बचाव कार्यों की तैनाती–

- SDRF, NDRF, फायर सर्विस, होमगार्ड एवं पुलिस बल को तुरंत मौके पर भेजा जाता है।
- स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेंस, प्राथमिक उपचार दल एवं चिकित्सकों की तैनाती की जाती है।
- विद्युत, जल संस्थान एवं लोक निर्माण विभाग अपने–अपने क्षेत्र में आपूर्ति बहाली कार्य प्रारंभ करते हैं।
- पशुपालन विभाग द्वारा पशुहानि का आकलन एवं पशुओं के उपचार की व्यवस्था की जाती है।

5. सूचना संप्रेषण एवं मीडिया प्रबंधन–

- नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सभी सूचनाएँ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण **(SEOC)** एवं अन्य उच्च कार्यालयों को भेजी जाती हैं।
- मीडिया को नियमित रूप से सत्यापित जानकारी **(Verified Information)**प्रदान की जाती है ताकि अफवाहें न फैलें।

• जनसाधारण को प्रशासनिक दिशानिर्देशों का पालन करने हेतु प्रेरित किया जाता है।

6. घटना के बाद समीक्षा और रिपोर्टिंग–

- राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी द्वारा आपात बैठक आयोजित की जाती है।
- सभी विभाग अपने–अपने क्षेत्र की घटना रिपोर्ट **(Incident Report)DDMA** को प्रस्तुत करते हैं।
- प्रारंभिक नुकसान का संक्षिप्त विवरण **(Preliminary Damage Report & PDR)** राज्य स्तर पर भेजा जाता है।
- आवश्यकतानुसार दीर्घकालिक पुनर्वास योजना **(Long&Term Rehabilitation Plan)** तैयार की जाती है।

7. समन्वय एवं जनसहभागिता–

- स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं (NGOs), युवामंडलों, NSS/NCC दलों एवं आपदा मित्रों को राहत कार्यों में सम्मिलित किया जाता है।
- प्रभावित नागरिकों को शांत, सहयोगी एवं सतर्क बने रहने की अपील की जाती है।
- प्रत्येक कार्यवाही में "जीवन रक्षा प्राथमिकता **(Life First Priority)"** सिद्धांत अपनाया जाता है।
  जब कोई पूर्व चेतावनी उपलब्ध नहीं होती, तब प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया, क्षेत्रीय समन्वय, स्थानीय संसाधनों की तत्परता एवं समुदाय की भागीदारी से ही आपदा के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सकता है।

12.4 खोज और बचाव (Search and Rescue Operations)-

किसी भी आपदा की स्थिति में खोज एवं बचाव (Search and Rescue) कार्य सबसे महत्वपूर्ण और समय–संवेदी प्रक्रिया होती है। इसका उद्देश्य प्रभावित व्यक्तियों का शीघ्र पता लगाना, उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करना होता है। खोज एवं बचाव कार्यों की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि प्रशासन, आपात सेवाएँ, स्वयंसेवक दल और समुदाय कितनी शीघ्रता एवं समन्वय के साथ कार्य करते हैं।

1. खोज और बचाव की प्रारंभिक कार्यवाही

- घटना की सूचना प्राप्त होते ही जिला आपदा नियंत्रण कक्ष **(EOC)** सक्रिय किया जाता है।
- **SDRF**, **NDRF**, फायर सर्विस, पुलिस, स्वास्थ्य एवं होमगार्ड को तत्काल घटनास्थल पर रवाना किया जाता है।
- स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, पहुंच मार्ग और संभावित जोखिमों का आकलन किया जाता है।
- प्राथमिक उद्देश्य होता है–जीवित लोगों की खोज, फंसे हुए व्यक्तियों को निकालना और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना।

2. जिम्मेदार एजेंसियॉ और उनका दायित्व–

एजेंसी / विभाग	मुख्य जिम्मेदारी
SDRF / NDRF	खोज, बचाव और निकासी कार्यों का संचालन
फायर सर्विस	मलबा हटाना, आग बुझाना और फंसे लोगों को निकालना
पुलिस विभाग	भीड़ नियंत्रण, क्षेत्र की सुरक्षा और यातायात प्रबंधन
स्वास्थ्य विभाग	घायलों का प्राथमिक उपचार एवं अस्पताल तक पहुंचाना
राजस्व विभाग / स्थानीय प्रशासन	राहत व्यवस्था, रिपोर्टिंग और समन्वय
ग्राम पंचायत / आपदा मित्र	स्थानीय सहयोग, जानकारी और प्राथमिक सहायता

3. खोज और बचाव की प्रक्रिया–

1. क्षेत्र का विभाजन (Zoning): प्रभावित क्षेत्र को सेक्टरों में बांटकर टीमें अलग–अलग भागों में कार्य करती हैं।

2. संभावित स्थलों की पहचानः घरों, स्कूलों, इमारतों, ढलानों और नदियों के किनारे खोजबीन की जाती है।

3. प्राथमिकताः

- गंभीर रूप से प्रभावित स्थलों पर पहले कार्य।
- बच्चों, वृद्धों और घायलों को प्राथमिकता।

4. बचाव उपकरणों का प्रयोग–

- हाइड्रोलिक कटर, जैक, रस्सी, हेलमेट, सर्च लाइट, स्ट्रेचर आदि का उपयोग।

5.संचार प्रणाली–

- सभी टीमों के बीच वायरलेस या मोबाइल संपर्क बनाए रखना।

4. स्थानीय समुदाय की भूमिका–

- आपदा मित्र, स्वयंसेवी संगठन, NCC / NSS छात्र और स्थानीय नागरिक प्रारंभिक सहायता में भाग लेते हैं।
- ग्रामीण स्तर पर बनी **Village Disaster Management Committee (VDMC)** राहत और जानकारी साझा करने में सक्रिय रहती है।
- स्थानीय वाहन धारकों, चिकित्सकों, दुकानदारों आदि का सहयोग लिया जाता है।

5. प्राथमिक चिकित्सा और निकासी–

